* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 मार्च, 2023
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 136

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

विराट-अनुष्का ने महाकाल मंदिर में भस्म आरती की

विधानसभा बजट सत्र : छठे दिन नियोजन नीति को लेकर हंगामा

सरकार विधानसभा में 13 को नियोजन नीति पर रखेगी पक्ष

- विपक्ष का सदन में विरोध, हंगामे के कारण नहीं चल सकी कार्यवाही
- होली के बाद अब सत्र फिर से होगा शुरू

अजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधानसभा बजट सत्र का शनिवार को छठा दिन दिन था। पिछले पांच दिनों से सदन की कार्यवाही ठीक-ठाक चली। छठे दिन विपक्ष ने नियोजन नीति को लेकर जोरदार हंगामा किया। सरकार से इस मुद्दे पर जवाब देने की मांग की। सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। सत्ता पक्ष के झामुमो विधायक लोबिन हेब्रम ने भी स्थानीयता और नियोजन नीति पर अपनी सरकार को घेरा। विपक्ष के हंगामे के बीच संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने 13 मार्च को नियोजन नीति पर सरकार का जवाब देने का आश्वासन दिया।

प्रश्नकाल और ध्यानाकर्षण नहीं चला : बजट सत्र छठे दिन सदन में विपक्ष ने नियोजन नीति को लेकर जमकर हंगामा किया। विपक्ष के विधायक वेल मे पहुंच कर सरकार के विरोध में नारा लगाया। विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्नकाल पूरी तरह से बाधित रहा। स्थिति यह रही कि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो को दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही 11 बजे जैसे ही शुरू हुई नियोजन नीति को लेकर भाजपा और आजसू के विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। वह सरकार से इस पर जवाब चाह रहे थे। हंगामा को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 12 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी। दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी सदस्य शांत नहीं हुए तो अध्यक्ष ने दोपहर दो बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। दूसरी पाली में बजट पर चर्चा होनी थी। दो बजे कार्यवाही शुरू होने पर विपक्षी विधायकों का हंगामा जारी रहा। जिसके कारण बजट पर सामान्य चर्चा नहीं हो सकी। इसी हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने 13 मार्च को नियोजन नीति पर चर्चा कराने का आश्वनासन दिया। सरकार ने 13 मार्च को इस पर जवाब देने की बात कही।

मुख्यमंत्री पर भ्रम फैलान का आरोप : भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री लगातार भ्रम फैला रहे हैं। पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति पर कानूनी अड़चन आ सकती है। इसके छह महीने बाद विशेष सत्र बुला कर 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को सर्वसम्मति से सदन से पारित कराया।

अब एक बार फिर कैबिनेट से नयी नियोजन नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि क्या सरकार सदन से ऊपर है। जो विषय सदन से पारित हुआ हो, उसपर संसोधन का अधिकार सदन को ही है। सरकार झारखंड के युवक-युवतियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यही स्थिति रही तो 2024 पार हो जाएगा। यहां के नौजवानों को कुछ नहीं मिलेगा। उन्होनें कहा कि जबतक सरकार सदन में इस विषय पर जवाब नहीं देती है तबतक विरोध जारी रहेगा।

कैबिनेट से पास करना नियमसंगत नहीं : विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम ने नियोजन नीति को लेकर अपनी ही सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इसी सदन से नियोजन नीति पारित हुई थी। अब दो दिन पहले सरकार ने कैबिनेट से नयी नियोजन नीति को मंजूरी दी है। जो विधेयक सदन से पारित हो गया उसे बिना वापस लिए फिर से कैबिनेट से पारित कराना नियमसंगत नहीं है। सरकार सदन का अवमानना कर रही है।

तीन साल से सरकार युवाओं को धोखा दे रही : आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि नियोजन नीति एक ज्वलंत मुद्दा है। दो-तीन साल से इसी तरह से सरकार युवाओं को नियोजन नीति के नाम पर धोखा दे रही है। इस मामले पर सरकार का वक्तव्य आना चाहिए, वरना विरोध जारी रहेगा।

आलमगीर ने सदस्यों को दिया आश्वासन : संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि किस कारण से हाइकोर्ट ने नियोजन नीति को रद्द किया है यह सभी सदस्य जानते हैं। यह सही है कि नियोजन नीति को कैबिनेट से पारित कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार 13 मार्च को इस मामले पर सदन में जवाब देगी कि किस कारण से नियोजन नीति पारित हुआ और किस कारण से रद्द हुआ।

सदन की कार्यवाही अब 13 मार्च को

बजट सत्र 27 फरवरी से शुरू हुआ था। पहले दिन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का अभिभाषण हुआ था। इसके बाद इस पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। शुक्रवार 3 मार्च को सरकार ने 2023-24 के लिए 1.16 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। शनिवार की हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सुचारू नहीं चल सकी। अब पांच से 12 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा। इसके बाद 13 मार्च से सत्र की कार्यवाही शुरू होगी।

झामुमो के स्वर्ण जयंती समारोह में पहुंचे सीएम

सरकार कर रही है काम, 40 साल तक सत्ता में नहीं आ सकती भाजपा : हेमंत

- झारखंड आंदोलन के शहीदों को दी श्रद्धांजली, 10 आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित
- झारखंडी जनमानुस को उनका अधिकार दिलाना झामुमो की प्राथमिकता : सुदिव्य सोनू

सुधीर सिन्हा

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। झंडा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 50वां स्थापना दिवस स्वर्ण जयंती समारोह के रूप में मनाया गया। समारोह में जहां एक ओर जिले भर से सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। वहीं कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, गांडेय विधायक सरफराज अहमद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता पहुंचे हुए थे।

झंडा मैदान में कार्यकर्ताओं ने सीएम सहित अन्य नेताओं का स्वागत मांदर व ढोल के साथ संथाली नृत्य प्रस्तुत कर किया। वहीं जिला कमेटी की ओर से माला और बुके देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड मुक्ति मोर्चा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गयी। समारोह के दौरान झारखंड आंदोलन से जुड़े 10 आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने पूंजीपति और भाजपा पर जम कर हमला बोला। कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अलग राज्य के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और अब सरकार को अस्थिर करने के लिए भाजपा कई तरह के तिकड़म अपना रही है। कहा कि अब झारखंड में हम ऐसा फार्मूला अपना रहे है कि भाजपा क्या कोई भी अगले 40 साल तक सत्ता में आने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के वृद्धों को उनका अधिकार देने के लिए वृद्धा पेंशन दी जा रही है। विधवा बहनों को पेंशन दी जा रही है। सावित्री बाई फुले योजना से बेटियों को जोड़ा जा रहा है, जिससे बेटियां को उनके सपनों को पूरा किया जा सके। 20 लाख राशन कार्ड वितरण कर राशन दिया जा रहा है। उन्होंने झारखंड वासियों को मेहनती बताते हुए कहा की पसीना बहा कर कोई मेहनत करना झारखंडी से सीखे। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन इस बात का सबूत है कि मूलवासियों को उनके अधिकार देने के लिए खतियान लागू किया गया, लेकिन बाहरी ताकतें मूलवासियों पर लगातार हमला कर रही हैं, जिसका जवाब अब देना होगा। क्योंकि देश में आजादी को जलियांवाला बाग कांड से देखा जाता है, तो झारखंड ने ऐसे कई जलियांवाला कांड देख चुका है।

सभा को संबोधित करते हुए सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि गिरिडीह में 50 साल का हो चुके झामुमो ने कई उतार चढ़ाव देखे। क्योंकि शिबू सोरेन ने लड़ाई लड़ कर राज्य के लोगों को उनका अधिकार दिलाया और अब पार्टी का प्रयास है कि एक एक नागरिक को उनका अधिकार दिला सकें। कहा कि अलग राज्य के लिए 22 आंदोलनकारियों में लड़ाई लड़ कर अपनी जान गंवाई और मूलवासियों के सपने को पूरा किया। वहीं गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हेमंत सरकार ने जो बजट पेश किया है, वो युवाओं से लेकर महिलाओं और बेटियो को अधिकार दिलाने वाला बजट है। इस दौरान सभा को गांडेय के पूर्व विधायक प्रो जयप्रकाश वर्मा, राजधनवार के पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, विधायक ज्योतिंद्र प्रसाद, झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव महालाल सोरेन ने संबोधित किया।

मौके पर झामुमो नेता अजीत कुमार पप्पू, सईद अख्तर, शहनवाज अंसारी, नगर अध्यक्ष रॉकी सिंह, बबली मरांडी, गीता हाजरा, प्रमिला मेहरा, सुमित कुमार, सुमन सिन्हा सहित पार्टी के कई नेताओं एवं पदाधिकारियों के अलावा जिले के सभी प्रखंडों से आये प्रखंड स्तर के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

राज्य सरकार ने झारखंड के आठ आइपीएस का किया तबादला

अनूप बिरथरे बने रांची रेंज के डीआइजी और शुभांशु जैन बने रांची के सिटी एसपी

अनिल पालटा होमगार्ड के डीजी और अनुराग गुप्ता सीआइडी के डीजी बने

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य सरकार ने आठ आइपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जमशेदपुर के सिटी एसपी शुभांशु जैन को रांची का सिटी एसपी बनाया गया है। वहीं एसटीएफ डीआइजी के पद पर पदस्थापित अनूप बिरथरे को रांची डीआइजी के पद पर पदस्थापित किया गया। लंबे समय से राजधानी रांची के ट्रैफिक एसपी के खाली चल रहे पद पर हरीश बिन जमा को तैनात किया गया है। वे एएसपी मुख्यालय गिरिडीह के पद पर पदस्थापित थे।

रांची जोनल आइजी के पद पर पदस्थापित पंकज कंबोज को एसीबी आइजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। पंकज कंबोज अपने कार्यों के अतिरिक्त रांची जोनल आइजी के प्रभार में रहेंगे। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत मनोज कौशिक को आइजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित किया गया है। मनोज कौशिक को प्रभात कुमार के अवकाश अवधि तक आइजी प्रोविजन का भी प्रभार दिया गया है। अनिल पालटा को होमगार्ड का डीजी बनाया गया है। वहीं अनुराग गुप्ता को सीआइडी का डीजी बनाया गया है। जैप एडीजी के पद पर पदस्थापित प्रशांत सिंह को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है।

चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल पर दिल्ली में केस दर्ज

- 100 करोड़ से अधिक मनी लांड्रिग का है आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल सहित अज्ञात पर दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दिल्ली पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा में फर्जी पैन कार्ड के सहारे कंपनी बनाने और 100 करोड़ से अधिक की मनी लांड्रिंग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच में यह पता चला था कि श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स, अनिल कुमार गोविंद राम ट्रेडर्स और ओम ट्रेडर्स नाम की कंपनियों के सहारे गेंदा राम की खाते में 4.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के खाते में ट्रांसफर किये गये पैसों से दिल्ली में जमीन खरीदी थी। वहीं सचिन गुप्ता के नाम से बनाये गये फर्जी पैन के सहारे ही इन तीनों कंपनियों को खोला गया था। मामले की जांच के बाद इडी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल समेत कई अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया था।

इडी जांच में तीन पैन कार्ड फर्जी मिले : गौरतलब है कि कि इडी की जांच में यह भी बात सामने आयी है कि काली कमाई को सफेद करने के लिये वीरेंद्र राम ने फर्जी नाम से कई पैन कार्ड बनवाया था। इडी जांच में पैन संख्या डीजीआरपीजी 506 एफ, डीजीआरपीजी 136ए, डीजीआरपीजी 3661 क्यू फर्जी पाये गये हैं। इन पैन कार्ड के जरिये वीरेंद्र राम ने श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स, गोविंद राम ट्रेडर्स, ओम ट्रेडर्स नाम की फर्जी कंपनियां बनवायी। उसके बाद साल 2021 में 18 करोड़, साल 2022 में 43 करोड़, साल 2023 में 23 करोड़ खाते में जमा करवाये गये। मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम पर आधिकारिक पद का दुरुपयोग करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल रहने का आरोप है।

पीके मिश्रा को पूछताछ के लिए कल बुलाया : बरहरवा के पूर्व डीएसपी पीके मिश्रा को इमडी ने पूछताछ के लिए छह मार्च को बुलाया है। इसके पहले उन्हें तीन बार समन किया गया था, जिसके खिलाफ वे हाइकोर्ट गये थे, लेकिन उन्हें हाइकोर्ट से राहत नहीं मिली।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 05 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in

भारत विरोध के रास्ते पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं राहुल गांधी

■ देश के प्रति नफरत के इस रवैये से हो रहा है कांग्रेस का नुकसान

■ कैंब्रिज में अपने भाषण में चीन के प्रति नरमी दिखा कर क्या साबित करना चाहते हैं राहुल

कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी नये लुक में कैंब्रिज पहुंचे। वह सेट की हुई दाढ़ी, कोट और टाई में नजर आये। सात सितंबर 2022 में शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा के करीब छह महीने बाद राहुल का लुक बदला हुआ नजर आया। लेकिन उनके रवैये में कोई बदलाव नहीं नजर आ रहा है। कहा जा सकता है कि बदले-बदले मेरे सरकार नजर आते हैं, घर की बर्बादी के आसार नजर आते हैं। राहुल गांधी ने अपने सात दिन के ब्रिटेन दौरे की शुरुआत कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में हमेशा की तरह नफरत भरे स्पीच से की। राहुल का संबोधन 'लर्निंग टू लिसन' यानी सुनने की कला पर फोकस था, लेकिन उन्होंने जो कुछ कहा, उसका निचोड़ केवल यही था कि भारत में कुछ भी ठीक नहीं है। राहुल का संबोधन भारत जोड़ो यात्रा से शुरू हुआ और कमोबेश उसी के इर्द-गिर्द रहा, यानी जो सियासी पटकथा मई 2022 में लंदन में लिखी गयी थी, राहुल ने उसे ही आगे बढ़ाया। कांग्रेस के युवराज के भाषण के केंद्र में हमेशा की तरह नरेंद्र मोदी का विरोध, भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं की आलोचना और चीन-पाकिस्तान के प्रति उनके नरम रवैये तक सीमित रहा। अपने संबोधन के क्रम में राहुल गांधी यह भूल गये कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने कैंब्रिज में भारत और भारतीय व्यवस्था के प्रति जो नफरती रवैया अपनाया, उससे आम लोग ही नहीं, कांग्रेसी भी भौंचक्के हैं। उन्हें अब अपने नेता का बचाव करने का रास्ता भी नहीं सूझ रहा है। आखिर राहुल गांधी विदेशों में बार-बार भारत विरोधी रवैया क्यों अपनाते हैं और इसका उनकी पार्टी पर क्या असर पड़ रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

अपनी बहुप्रचारित भारत जोड़ो यात्रा को खत्म करने के बाद पहली बार कांग्रेस के युवराज बदले लुक के साथ ब्रिटेन के दौरे पर हैं। उनके दौरे की शुरुआत कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में उनके संबोधन से हुई। उन्हें यूनिवर्सिटी में 'लर्निंग टू लिसन' विषय पर बोलने के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने केवल भारत और भारतीय व्यवस्था के विरोध तक ही खुद को केंद्रित रखा। अपने संबोधन के क्रम में राहुल यह भूल गये कि वह यहां दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके संबोधन से कहीं भी यह परिलक्षित नहीं हुआ। राहुल यह भी भूल गये कि वह जो कुछ कह रहे हैं, उसका अधिकार उन्हें उसी देश के संविधान ने दिया है, जिसकी सर्वोच्च पंचायत के वह सदस्य हैं। उनके संबोधन से कहीं नहीं लगता कि वह भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को समझते हैं, बल्कि उनके संबोधन से नफरत की ही बू आती है। आज जहां भारत सनातन संस्कृति के गौरव को फिर से प्रतिष्ठित कर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती दे रहा है, वहीं राहुल कहते हैं, हम एक ऐसी दुनिया को बनते हुए नहीं देख सकते, जो लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई न हो। इसलिए इस बारे में हमें नयी सोच की जरूरत है। वहीं राहुल गांधी ने अपने पुराने दोस्त चीन की दिल खोलकर तारीफ करते हुए कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने सद्भावना को बढ़ावा दिया।

भारत का विरोध करते-करते राहुल गांधी चीन पर पहुंच गये। चीन की चर्चा करते ही उनका प्रेम छलक पड़ा। उन्होंने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सद्भावना हर भारतीय और दुनिया के लोग भी जानते हैं। 1962 की जंग में हिंदी-चीनी भाई-भाई बोलकर पीठ में छुरा घोंपने वाले चीन को राहुल गांधी ने सद्भावना का दूत बता दिया। यह कितनी हास्यास्पद बात है और अपरिपक्व भी।

राहुल के संबोधन का दूसरा भाग द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विशेष रूप से सोवियत संघ के 1991 के विघटन के बाद से अमेरिका और चीन के दो अलग-अलग दृष्टिकोण पर केंद्रित रहा। राहुल ने कहा कि विनिर्माण से संबंधित नौकरियों को समाप्त करने के अलावा अमेरिका ने 11 सितंबर, 2001 के आतंकी हमलों के बाद अपने दरवाजे कम खोले, जबकि चीन ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के इर्द-गिर्द के संगठनों के जरिये सद्भाव को बढ़ावा दिया है।

दरअसल, राहुल जब विदेश में चीन की तारीफों के पुल बांधते हैं, तो समझना चाहिए कि वह चीन द्वारा राजीव गांधी फाउंडेशन को दिये गये फंड का कर्ज चुका रहे हैं। केंद्र सरकार ने राजीव गांधी फाउंडेशन का एफसीआरए लाइसेंस वर्ष 2020 में रद्द कर दिया था। राजीव गांधी फाउंडेशन गांधी परिवार से जुड़ा एक एनजीओ है। संगठन पर विदेशी फंडिंग कानून का उल्लंघन करने का आरोप लगा है। यहां सवाल यह उठता है कि जो चीन हमारे देश की भूमि पर बुरी नजर रखता है, आखिर उससे राजीव गांधी फाउंडेशन को फंडिंग लेने की मजबूरी क्या है। चीन ने फंडिंग क्यों की होगी, इसकी तह में जायें, तो पता चलता है कि चीन ने फंडिंग इसलिए की थी, ताकि कांग्रेस चीन के रास्ते में बिछे कांटे हटा दे और चीन के लिए भारत में अपना धंधा चमकाना आसान हो जाये। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस धंधे की आड़ में चीन ने अपने कौन से जहरीले इरादे कामयाब किये और उसके लिए उसने कब कितनी रिश्वत किसको खिलायी, ये सब बातें जांच का विषय हैं। अभी न जाने ऐसे कितने और गड़े मुर्दे उखड़ने बाकी हैं।

राहुल गांधी ने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए नयी सोच का आह्वान किया। उन्होंने दुनिया में लोकतांत्रिक माहौल को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसी नयी सोच का आह्वान किया, जिसे थोपा नहीं जाये। हाल के वर्षों में भारत और अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देशों में विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट का उल्लेख करते हुए राहुल ने कहा कि इस बदलाव से बड़े पैमाने पर असमानता और आक्रोश सामने आया है, जिस पर तत्काल ध्यान देने और संवाद की जरूरत है। ऐसा बोलते हुए राहुल भूल गये कि वह उस लोकतांत्रिक देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया।

राहुल गांधी के इस मेकओवर की शुरुआत 2022 में ही हो गयी थी। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देजर 'राहुल गांधी पीएम उम्मीदवार' डॉक्यूमेंट्री की पटकथा मई 2022 में लंदन में लिखी गयी। उस वक्त राहुल लंदन में एक कांफ्रेंस 'आइडिया फॉर इंडिया' में हिस्सा लेने पहुंचे थे। वहां लिखी गयी पटकथा के मुताबिक ही राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी, जिसमें तमाम लेफ्ट, लिबरल और देश विरोधी ताकतें, देश को बांटने की बात करने वाले, सनातन धर्म को नीचा दिखाने वाले और पीएम मोदी से नफरत करने वाले लोग शामिल किये गये। उस समय राहुल ने कहा था कि देश में धुव्रीकरण बढ़ता जा रहा है, बेरोजगारी अपने चरम पर है, महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा ने देश में हर तरफ केरोसिन छिड़क दिया है। बस एक चिंगारी से हम सब एक बड़ी समस्या के बीच होंगे। यहां समझने की बात है कि राहुल को केरोसिन छिड़कने की बात कहनी थी, तो उन्होंने इसमें भाजपा को लपेट लिया।

आम तौर पर देखा जाता है कि जब कोई विदेशी नेता भारत आता है, तो वह अपने देश की बुराई नहीं करता है। कोई विदेशी नेता भारत आकर अपने देश की अंदरूनी बातों पर कभी चर्चा नहीं करता, जबकि राहुल गांधी दुनिया में एकमात्र ऐसे नेता हैं, जो देश हो या विदेश, अपने देश की प्रगति की बात न कर हमेशा भारत को कमजोर दिखाने की कोशिश करते हैं। लंदन में राहुल ने यही किया था। यहां तक कि उन्होंने भारत की तुलना यूक्रेन से कर दी थी।

राहुल गांधी के संबोधन के बाद से कांग्रेसी भी भौंचक्के हैं। उन्हें पता चल गया है कि भारत जोड़ो यात्रा से मिली लोकप्रियता इस संबोधन के बाद खत्म हो गयी है। इसका नुकसान कांग्रेस को उठाना होगा। इसलिए कांग्रेसी ही नहीं, पूरा देश राहुल गांधी की इस अपरिपक्वता पर अचरज व्यक्त कर रहा है।

गोला में छेड़खानी के मामले में आजसू कार्यकर्ता को पुलिस ने गिरफ्तार किया

आजसू जिला अध्यक्ष से डीएसपी की हुई बहस, आजसू कार्यकर्ता डीएसपी को हटाने पर अड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। गोला थाना पुलिस ने डीवीसी चौक गोला निवासी सागर गोस्वामी को महिला से छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि सागर गोस्वामी आजसू पार्टी का कार्यकर्ता है। पुलिस ने बताया कि गेरवाटांड क्षेत्र के यशोदा देवी पति दीपक महतो ने सागर गोस्वामी पिता प्राण गोस्वामी पर छेड़खानी मामले में थाने में आवेदन दिया है। जिस पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इधर आजसू कार्यकर्ता के गिरफ्तारी पर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी सहित सैकड़ों नेता थाना पहुंचे। साथ ही पुलिस से पूछताछ की। इस दौरान आजसू पार्टी के नेता दिलीप दांगी से डीएसपी किशोर कुमार रजक से बहस हुई। इस बीच दर्जनों आजसू नेता और कार्यकर्ता भड़क उठे। डीएसपी ने मौजूद लोगों से नेता गिरी नहीं करने की बात कही। डीएसपी ने कहा कि केस करेंगे तो कोई नेता नहीं आयेगा। इसके बाद कार्यकर्ता आक्रोशित हो गये। यहां आजसू नेताओं ने डीएसपी किशोर कुमार रजक को हटाने की मांग पर अड़े रहे। समाधान में पार्टी के नेताओं के साथ पुलिस की वार्ता की बात हुई, परंतु डीएसपी किशोर कुमार रजक ने कहा कि कोई वार्ता नहीं होगी। इसके बाद आजसू के नेता और कार्यकर्ता पास के आजसू पार्टी के प्रखंड कार्यालय चले गये। आजसू पार्टी के नेता दिलीप दांगी ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि मामले में 4 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। उसमें से सागर गोस्वामी को झूठा आरोप लगाकर गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया।

अमित महतो के खिलाफ छेड़खानी का दिया आवेदन

इधर गेरवाटांड की महिला मंजू देवी पति लक्ष्मी प्रजापति ने पुलिस को आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि यशोदा देवी पति दीपक महतो, दीपक महतो पिता स्वर्गीय बिगन महतो, गंगोत्री देवी पति धनंजय महतो, धनंजय महतो पिता झबू महतो, बाबूलाल पिता प्रकाश गोस्वामी सभी ने मिलकर गाली गलौज या और छेड़खानी की है। इसी गांव के ही रूपा देवी पति सागर गोस्वामी ने गोला थाना में आवेदन देकर यूपीए के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के भाई अमित महतो पर छेड़खानी का आरोप लगाया है। कहा है कि विजय जुलूस के बाद गाली गलौज किया गया। कहा कि हमको वोट नहीं दी है।

डीएसपी और बीडीओ को कांग्रेस की हार नहीं पच रही : चंद्रप्रकाश

गिरिडीह सांसद ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा प्रसाशन के रवैये से टकराव के लिए तैयार है आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी आजसू कार्यकर्ता को जेल भेजे जाने के बाद पूरी तरह से आक्रोश में है। उन्होंने देर शाम को आजसू कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस प्रशासन को खुली चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि डीएसपी किशोर कुमार रजक एवं गोला बीडीओ संतोष कुमार को कांग्रेस की हार नहीं पच रही है। ये लोग चुनाव में कांग्रेस के कैडर की तरह कार्य किये हैं। इसकी सूचना हमलोगों ने पहले ही चुनाव आयोग को दे दी थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। सांसद ने आरोप लगाया कि गोला बीडीओ ओर डीएसपी पूर्व विधायक के काफी चहेते रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को चुनौती देते हुए कहा कि अधिकारियों के एकतरफा कार्रवाई के बाद आजसू टकराव के लिए तैयार है। यहां अनहोनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो खुलेआम आजसू कार्यकर्ताओं को गाली गलौच कर रहे थे। उन्होंने चुनाव के बाद आजसू कार्यकर्ताओं को देख लेने की धमकी दी थी। तब पुलिस उस पर कोई कर्रवाई नहीं की।

हजारीबाग के बरकट्ठा में सड़क दुर्घटना, दो की मौत के बाद हंगामा

दोष ट्रक चालक का और तोड़फोड़ की गयी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के दफ्तर में

पुलिस ने कंपनी पर ग्रामीणों से समझौता करने का डाला दबाव, कहा-तोड़फोड़ का केस मत करो

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा/रांची। हजारीबाग जिला के बरकट्ठा थाना क्षेत्र में शनिवार को 'खेत खाय गदहा, मार खाय जुलाहा' वाली कहावत चरितार्थ होती दिखी। एक सड़क हादसे के बाद वहां रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के कार्यालय में स्थानीय लोगों द्वारा भीषण तोड़फोड़ की गयी। कुर्सियां पलट दी गयीं और महत्वपूर्ण सामान को जला डाला गया। वहां काम कर रहे कर्मियों को हमले का कारण समझ में नहीं आया। वे एक-दूसरे से पूछ रहे थे कि भीड़ ऐसा क्यों कर रही है। बाद में पता चला कि कंपनी द्वारा बनायी जा रही सड़क पर एक हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने उस हादसे का गुस्सा बेवजह कंपनी पर उतार दिया।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को बरकट्ठा थाना क्षेत्र के पूर्णहारा गांव में एक सड़क दुर्घटना हुई। एक ट्रक की चपेट में बाइक पर सवार तीन लोग आ गये। इनमें से एक की मौत घटनास्थल पर हो गयी, जबकि दूसरे युवक की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गयी। तीसरे का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद गांव के लोग उग्र हो गये और सड़क बनाने वाली कंपनी के कोतमा स्थित दफ्तर पर हमला बोल दिया। उसमें तोड़फोड़ की और कई सामान लूट लिये। दफ्तर में मौजूद कर्मियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश भी की कि इस हादसे में कंपनी का कोई कसूर नहीं है। ट्रक भी कंपनी का नहीं है। लेकिन भीड़ ने उनकी एक नहीं सुनी। हमले के पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया। इस पूरे प्रकरण में सबसे आश्चर्यजनक रवैया पुलिस का रहा। कंपनी के अधिकारियों ने जब पुलिस को फोन किया, तो एक अधिकारी दबाव बनाते रहे कि मामले की प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाये। इतना ही नहीं, उस अधिकारी ने कंपनी के अधिकारियों से ग्रामीणों से समझौता कर लेने का दबाव भी बनाया। मामले पर जानकारी लेने के लिए जब बरही के डीएसपी से संपर्क किया गया, तो उनका कहना था कि वह एक महत्वपूर्ण बैठक में हैं और बाद में बात करेंगे।

रामगढ़ एसपी और मांडू के सर्किल इंस्पेक्टर को सशरीर हाजिर होने का आदेश

झारखंड हाइकोर्ट ने 28 मार्च की तारीख तय की

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड हाइकोर्ट ने मांडू के सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता द्वारा आपत्तिजनक भाषा में हलफनामा दायर किये जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। जस्टिस राजेश शंकर की एकल पीठ ने बालाजी मिनरल्स एंड कोक प्राइवेट लिमिटेड की याचिका (1436/2021) पर सुनवाई करते हुए इस हलफनामे की भाषा पर आपत्ति जतायी और रामगढ़ एसपी के अलावा संबंधित सर्किल इंस्पेक्टर को सशरीर अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया। अदालत ने हलफनामे की भाषा पर आपत्ति जताने के साथ यह भी कहा कि क्लास टू अधिकारी के नीचे का कोई भी अधिकारी अदालत में हलफनामा दायर करने के लिए अधिकृत नहीं है। तब सर्किल इंस्पेक्टर द्वारा हलफनामा दायर करना गंभीर बात है। मामले की अगली सुनवाई 28 मार्च को होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	32.2 °c	18.0 °c
सूर्यास्त (आज) :		17.53 बजे
सूर्योदय (कल) :		06.09 बजे

विधानसभा बजट सत्र का छठा दिन : भोजनावकाश के बाद भी विपक्ष ने किया हंगामा

नाराज स्पीकर ने भाजपा विधायकों को दी कड़ी चेतावनी

विपक्षी विधायक सदन में रिपोर्ट मेज को थपथपा कर नारेबाजी करते नजर आये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन नियोजन नीति को लेकर भोजनावकाश के बाद भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्ष के विधायक वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विपक्षी विधायक सदन में रिपोर्ट मेज को थपथपा कर नारेबाजी करते नजर आये विपक्षी विधायकों के इस आचरण पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो काफी नाराज हो गये। उन्होंने बार-बार विधायकों से मेज नहीं थपथपाने की अपील की लेकिन विपक्ष के विधायक उनकी अपील को नजरअंदाज करते रहे। विपक्ष के आचरण से नाराज स्पीकर ने कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आपलोग रिपोर्टिंग टेबल से हटकर हंगामा करें नहीं तो बहुत कुछ हो सकता है। विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पर चर्चा जारी है। भाजपा के विधायक चर्चा में भाग नहीं ले रहे हैं।

सदन में सो रहे थे मंत्री बादल और दीपक बिरूवा बीजेपी विधायक ने कहा-देखो सरकार सो रही है

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इधर विपक्ष नियोजन नीति पर विपक्ष सदन में जोरदार हंगामा कर रहा था और दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के मंत्री बादल पत्रलेख और विधायक दीपक बिरूवा सदन में सो रहे थे। बीजेपी विधायक ने उनका मजाक उड़ाया और मार्शल ने जाकर दोनों को उठाया। बीजेपी विधायक ने कहा कि देखो सरकार सो रही है।

इस बीच बीजेपी विधायक फर्श पर बैठ गये ओर नारेबाजी करने लगे। विधायक प्रदीप यादव ने बीजेपी विधयकों को सदन से बाहर निकालने की मांग की। इधर बीजेपी विधयकों के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है।

नयी नियोजन नीति से राज्य का नहीं होगा भला: डॉ लंबोदर महतो

आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि सरकार जो नयी नियोजन नीति लाने वाली है उससे राज्य की जनता का भला होने वाली नहीं है ना ही शिक्षित बेरोजगारों का भला होगा, यहां के नवयुवकों का कल्याण भी होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन के बाहर और अंदर हम विपक्षी दल के सभी नेता इसका विरोध करेंगे।

भाजपा वाले झारखंड के साथ गद्दारी कर रहे : बन्ना गुप्ता

वहीं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अगर हम हिंदी और भोजपुरी बोलते हैं तो क्या बाहरी हो गये? उन्होंने कहा कि सब भीतरी (झारखंडवासी) है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमने तो कहा था कि हमसब एक साथ हैं। हमने कहा था कि 1932 से लेकर 2023 तक हमलोग सब झारखंड के लोग झारखंड में समरसता के साथ प्रेम और भाईचारे के साथ रहेंगे। वही हुआ भी है। उन्होंने कहा कि सरकार संवेदनशील है। सरकार ने सबके हित का ध्यान दिया है। वहीं भाजपा पर निशाना साधते हुए बन्ना गुप्ता ने कहा कि अभी इंग्लिश, हिंदी और संस्कृत को फिर समाहित कर दिया तो भी पेट में दर्द है तो आखिर भाजपा चाहती क्या है। अगर भाजपा चाहती है कि हिंदी को भी हटा दिया जाये, तो वे खुल कर बोले। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले झारखंड के साथ गद्दारी कर रहे हैं। कभी कुछ, कभी कुछ बोलते हैं।

यह सरकार चाहती क्या है, दिशा क्या है, कुछ पता ही नहीं चल रहा : अनंत ओझा

भाजपा विधायक अनंत ओझा ने कहा कि आखिर यह सरकार चाहती क्या है? दिशा क्या है? कुछ पता ही नहीं चल रहा है। कभी खुद सदन में सीएम हेमंत सोरेन कहते हैं कि 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति या नियोजन नीति नहीं बन सकती है। फिर सरकार सदन में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति का प्रस्ताव लाती है। उसमें नियोजन नीति भी जोड़ने का काम करती है। कोर्ट से नियोजन नीति खारिज होने और राज्यपाल द्वारा स्थानीय नीति का प्रस्ताव वापस करने के बाद फिर से नयी घोषणा करती है। उसे कैबिनेट से पास भी करा लेती है, लेकिन यह क्या है? किसी को नहीं पता। नियोजन नीति है या कुछ और। इसको लेकर सरकार को सदन में अपना पक्ष रखना चाहिए। सरकार इसे नहीं बता कर सदन और जनता दोनों को गुमराह कर रही है। आदिवासी-मूलवासियों के साथ विश्वासघात करने का काम कर रही है। विपक्ष और राज्य की जनता जानना चाहती है कि राज्य में नियुक्ति किस आधार होगी। नियोजन नीति और स्थानीय नीति का आधार क्या होगा।

झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विधानसभा बजट सत्र के छठे दिन की कार्यवाही के बाद झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक प्रदीप यादव, राजेश कच्छप, इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर होली त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

राज्यवासियों को दी शुभकामनाएं : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त झारखंड वासियों को पवित्र त्योहार होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि होली सभी के बीच खुशियां बांटने का त्योहार है। इस वर्ष की होली एक-एक झारखंड वासियों के जीवन में खुशियों का नया-नया रंग लेकर आये, यही ईश्वर से मैं आज के दिन प्रार्थना करता हूं। वहीं विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने भी राज्य वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी खुशी से इस पर्व को मनायें। लोगों के जीवन में होली खुशी लेकर आये।

अखबारों से मिली जानकारी, राज्य में कंफ्यूजन की स्थिति : बाबूलाल मरांडी

इधर विपक्ष दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी सरकार को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी नयी नियोजन नीति के फैसले को पहले ही सार्वजनिक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जानकारी अखबारों से मिली है। राज्य में कंफ्यूजन की स्थिति है।

सरकार पूरी तरह से बिन पेंदी का लोटा है: नीरा यादव : भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से बिन पेंदी का लोटा है। सरकार पूरी तरह कंफ्यूज है। उसे क्या करना है, क्या नहीं, पता ही नहीं है। यह सरकार आदिवासी- मूलवासियों के नाम पर बनी, पर सरकार उन्हें धोखा देने का काम कर रही है। इस सरकार से अब आदिवासी-मूलवासी ठगा महसूस कर रहे हैं। इस सरकार के रहते किसी का भला नहीं हो सकता है।

गोमिया विधायक ने शून्यकाल काल में उठाया मामला

रांची। झारखंड विधान सभा के बजट सत्र के छठे दिन शुनिवार को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने सदन के माध्यम से राज्य सरकार गोमिया एवं पलिहारी के लिए कोनार नदी से पानी लेकर नया इंटेकवेल व डब्ल्यूटीपी पाइप लाइन बिछाते हुए नयी जलापूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग शून्यकाल में की। उन्होंने सदन में कहा कि बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया एवं पलिहारी में नयी जलापूर्ति योजना का इंटेकवेल की गहराई कम होने के कारण अब तक शुद्ध - स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। और पुरानी जलापूर्ति योजना के भी योजना के जर्जर होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। इस वजह से 20 हजार से ज्यादा लोग पेयजल से वंचित हैं।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष परिस्थिति में सुधार, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता,धनलाभ, शुभ समाचार मिलेगा।

वृष प्रेम-प्रसंग में सफलता, विरोधियों पर विजय, पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

मिथुन व्यावसायिक स्थिति में निरंतर मजबूती बढ़ेगी, शत्रु पराभूत होंगे, आकस्मिक धनलाभ होगा।

कर्क अनेक रचनात्मक काम शुरू होंगे, मानसिक परेशानियों में कमी होगी।

सिंह धर्म-समाज के प्रति दायित्व पूरे होंगे, गृह-भूमि-वाहन का सुख, आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे।

कन्या संतानपक्ष से हर्षदायक समाचार की प्राप्ति होगी, इच्छित कार्य में सफलता, मन प्रसन्न रहेगा।

तुला कानूनी उलझनों से छुटकारा, रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

वृश्चिक जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, संपत्ति बढ़ेगी

धनु सरकारी नौकरी से जुड़े लोग खुशहाल रहेंगे, गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

मकर कामकाज की स्थिति बेहतर होगी, परिश्रम-प्रयत्न से वांछित उन्नति की ओर अग्रसर रहेंगे।

कुंभ जमीन-मकान, आवास, वाहन संबंधी समस्या का समाधान मिलेगा, राजकीय उलझने दूर होंगी।

मीन कार्य की अधिकता, रोजगार-व्यवसाय में समस्याओं के समाधान का रास्ता निकलेगा।

सीएम के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल पहुंचा तमिलनाडु

तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों और प्रवासी श्रमिकों से जायजा लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए झारखंड पुलिस और श्रम विभाग के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल तमिलनाडु पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने दौरा कर तमिलनाडु सरकार के अधिकारियों और प्रवासी श्रमिकों से बातचीत कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल को वहां के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि एक पुराने मामले के तथाकथित घटना का वीडियो सोशल मीडिया द्वारा वायरल किया गया। अधिकारियों ने कहा प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा तमिलनाडु सरकार के लिए सर्वोपरि है। प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया गया कि सावधानी बरतते हुए उत्तर की दिशा में जाने वाली ट्रेनों में आरपीएफ के अतिरिक्त बल को तैनात करने का निर्देश भी तमिलनाडु सरकार द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रम विभाग और झारखंड पुलिस को तमिलनाडु सरकार के संबंधित अधिकारियों से निरंतर संपर्क स्थापित कर प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और जरूरत पड़ने पर प्रवासी श्रमिकों की राज्य वापसी का निर्देश भी दिया है। झारखंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य के विभिन्न प्रवासी श्रमिक समूहों से मुलाकात की। तथा उन कार्यस्थलों का भी दौरा किया जहां से झारखंड के प्रवासी नियंत्रण कक्ष को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को कोई भी परेशानी होने पर तमिलनाडु एवं झारखंड सरकार द्वारा दिये गये हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कही।

तमिलनाडु पुलिस ने जारी किया नंबर -
0421-2203313
9498101300
9408101320

झारखंड प्रवासी कंट्रोल रूम का नंबर
-व्हाट्सएप न०
9470132591
9431336427
9431336398
9431336472
9431336432

-लैंडलाइन न.
0651-2481055
0651-2480083
0651-2481037
0651-2480058
0651-2482052
0651-2481188

झारखंड हाइकोर्ट ने अरगोड़ा थाना में दर्ज जीरो एफआइआर को निरस्त कर दिया

कांग्रेस विधायक अनूप सिंह और डॉ इरफान अंसारी ने एक-दूसरे को गले लगाया और मिठाई खिलाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन शनिवार को विधानसभा में कुछ अलग ही नजारा देखने को मिला। पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी और अनूप सिंह के बीच बनी दूरियां काम हो गयीं। कहते हैं कि होली में दुश्मन भी दोस्त हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही नजारा विधानसभा परिसर में तब दिखा, जब कांग्रेस विधायक अनूप सिंह और डॉ इरफान अंसारी ने एक दूसरे को गले लगाया और मिठाई खिलाई। दरअसल, कैश कांड में डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी के खिलाफ विधायक अनूप सिंह ने अरगोड़ा थाने में जीरो एफआइआर दर्ज करायी थी। जिसके बाद से दोनों विधायकों के बीच दूरियां बन गयी थीं। हालांकि कैश कांड में फंसे तीनों विधायकों को हाइकोर्ट से राहत मिल चुकी है। इसके बाद विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह के पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दोनों के बीच सुलह करायी। इसके बाद दोनों विधायकों ने पुरानी नाराजगी को छोड़ कर एक-दूसरे को गले लगाया। इस मौके पर अनूप सिंह ने इरफान अंसारी को बड़ा भाई तो इरफान ने अनूप सिंह को छोटा भाई कहा। इरफान ने कहा कि भाई से गलती हो जाती है तो क्या वह अधिक दिनों तक एक दूसरे से नाराज रह सकते हैं क्या। होली है, इसलिए सभी गिले-शिकवे दूर हुए। इरफान ने कहा कि आज से पुराना चैप्टर क्लोज गया है। उन्होंने कहा कि अनूप सिंह स्वर्गीय राजेंद्र सिंह के बेटे हैं, वे उन्हें भी अपना बेटा मानते थे। उनका बहुत उपकार है जब वे विधायक भी नहीं थे तो एक बार कहने पर राजेंद्र बाबू उन्हें अपने क्षेत्र में लगाने के लिए 10 ट्रांसफर दिये थे। हमेशा उनकी मदद किया करते थे।

बता दें कि कोलकाता में 46 लाख कैश के साथ पकड़े गये तीनों विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी को बड़ी राहत मिली है। झारखंड हाइकोर्ट ने अरगोड़ा थाना में दर्ज जीरो एफआइआर को निरस्त कर दिया है। तीनों विधायकों के गिरफ्तार होने के बाद कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने गंभीर आरोप लगाते हुए एफआइआर दर्ज करायी थी। रांची में की गयी जीरो एफआइआर को कोलकाता ट्रांसफर के खिलाफ दाखिल याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट का आदेश आया।

क्या बोले इरफान अंसारी

इस फैसले के बाद इरफान अंसारी ने कहा, यह सच की जीत है। हम पर लगाये गये सारे आरोप निराधार साबित हो गये। हमें इस दौरान जो मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी वह हम ही जानते हैं। आखिर सच सामने आ गया।

DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
Ranchi-834008 (Jharkhand)

नामांकन सूचना

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में शैक्षणिक सत्र 2022-2024 में **बी.एड. (B.Ed.)** पाठ्यक्रम में श्रेणीवार रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी **CML Ranking** के साथ **13.03.2023** तक आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के बेवसाईट **www.dspmuranchi.ac.in** का अवलोकन किया जा सकता है।

ह./-
कुलसचिव

Memo No. : DSPMU/G/162/23
Date : 04.03.2023

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.) INDIA
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in
दूरभाष : 07582-265228

विज्ञापन सं.: आर/डोफा/असो. प्रोफेसर / 2023/2416 दिनांक 22-02-2023

रोजगार सूचना

सातवें सीपीसी के अनुसार अकादमिक वेतन स्तर (AL- 13A) में असोशिएट प्रोफेसर (93) पद हेतु योग्य अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

- भर्ती यूजीसी विनियम, 2018 के अनुसार की जायेगी।
- आवेदन शुल्क : सामान्य / अपिव / ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों हेतु रु. 1000/- एवं अजा/अजजा/दिव्यांग अभ्यर्थी हेतु रु. 500/-।
- नियुक्ति सीधी भर्ती / नियमित आधार पर की जायेगी।
- अंतिम तिथि रोजगार समाचार पत्र/इम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन की तिथि से ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु 45 दिवस एवं हार्ड कॉपी जमा करने हेतु 60 दिवस होगी।

रिक्त पदों, विषयों, आवेदन शुल्क, आवेदन प्रारूप, न्यूनतम अर्हता इत्यादि का विवरण एवं अद्यतन जानकारी https://dhsgsurec.samarth.edu.in/ अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in से डाउनलोड की जा सकती है।

CBC 21372/12/0004/2223
कुलसचिव (कार्यवाहक)

कोडरमा को मिला दो सम्मान

कोडरमा(आजाद सिपाही)। हमार गांव हमार जिम्मेदारी के बेहतर प्रदर्शन से कोडरमा जिला को जल शक्ति अभियान के तहत कैच दा रैन में जरगा पंचायत के कंझाटांड के पार्वती देवी एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम में मरकच्चो के आकोर्सा गांव की पूजा देवी को सम्मान मिला। शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कैच दा रैन के लिए पार्वती देवी और जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिए पूजा देवी को सम्मानित किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कोडरमा जिला के लिए गौरव का पल है। बता दें कि स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान के लिए स्वच्छता, तरल कचरा प्रबंधन, ओडीएफ प्लस ग्राम, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण (कैच था रैन) श्रेणियों में कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधि स्वच्छ ग्राही नेचुरल लीडर को सम्मानित करने हेतु 15 फरवरी तक ऑनलाइन नॉमिनेशन किया गया था, उक्त संदर्भ में कोडरमा जिला से कुल चार श्रेणी में 4 प्रतिभागियों को नामित किया गया था। जिसमें से जल शक्ति अभियान के तहत कैच था रैन में जरगा पंचायत के कंझाटांड को एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम में मरकच्चो के आकोर्सा ग्राम को चयनित किया गया था।

स्कूल में होली और कविता वाचन का आयोजन

झुमरीतिलैया(आजाद सिपाही)। डीआरएस मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा समापन के बाद शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी बधायी दी। कार्यक्रम में कविता वाचन का भी आयोजन किया गया जिसमें आओ बच्चों इस होली में कुछ नवीन कर डाले ऊंच-नीच निर्बल सबको हम अपने गले लगा ले पर खूब तालियां बटोरी। स्कूल प्रबंधन ने भी बच्चों को और शिक्षकों को बधायी और शुभकामनाएं दी। स्कूल के निर्देशक संजीत सिन्हा व प्राचार्य संजय सिन्हा ने कहा कि मौखिक अभिव्यक्ति जीवन का अहम हिस्सा है। विद्यार्थी जीवन में वाचन कला का अभ्यास ना केवल आत्मविश्वास में अभिवृद्धि करता है, वरन वाचन कौशल के स्तर को उन्नत बनाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक राहुल सिन्हा, सुभम सिन्हा , राहुल सेन, अवधेश कुमार, सुप्रिया सेन, जैकी कुमार, रबिना कुमारी, अल्पना साहा, निशि प्रिया, साक्षी पांडे, पूजा पंडित, शिव शंकर प्रसाद, जय कुमार आदि की उत्कृष्ट भूमिका रही।

सांप के काटने से एक व्यक्ति की मौत

जयनगर(आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत घरौंजा पंचायत के ग्राम घुरमुंडा में एक व्यक्ति की सांप के डसने से मौत हो गयी। घुरमुंडा निवासी रामकुमार यादव (उम्र 57 वर्ष पिता मिथिलेश शोरेण गोप) अपने घर के पास गेहूं के खेत में पानी पटा रहे थे। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने डस लिया। घटना सुबह 11 बजे की है। आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के लिए इन्हें कोडरमा सदर अस्पताल ले जाया गया। सदर अस्पताल में इलाजे के दौरान इनकी मृत्यु हो गयी। पोस्टमार्टम हो जाने के बाद शव को उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया। परिजनों ने सांप काटने से मृत्यु हो जाने के कारण सरकार से मुआवजे की मांग की है।

जुआ खेलते 22 लोगों को पकड़ा

डोमचांच(आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर काली मंडा डोमचांच में खाली स्थान के पास एक बंद पड़े मकान में जुआ खेले जाने की सूचना पर छापामारी किया गया। इसमें 22 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया जिनके पास से ताश के पत्ते एवं कुल 1 लाख 9 हजार 10 रु एवं 17 एंड्रॉयड मोबाइल एवं 4 कीपैड मोबाइल बरामद कर थाना लाया गया। मामले में प्रशासन के द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

विभागों में बिना लेनदेन का कोई काम नहीं

कोडरमा(आजाद सिपाही)। भाकपा माले जिला सचिव राजेंद्र मेहता, जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार रघुवर दास की सरकार की तरह फल फूल रहा है। भ्रष्टाचारियों पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। भ्रष्ट पदाधिकारी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है। जिला के सभी अंचल कार्यालय में 90 प्रतिशत किसानों का भूमि ऑनलाइन खाता प्लॉट रखवा ऑनलाइन नहीं हो पाया है। किसान लगातार अंचल कार्यालय में चक्कर काट रहे हैं। यहां तक की भूमि ऑनलाइन के नाम पर प्लॉट ऑनलाइन के नाम पर भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा हुआ है। सरकार को संज्ञान में लेना चाहिये और सभी पंचायत भवनों में कैंप लगाकर भूमि संबंधी ऑनलाइन किया जाना चाहिये। हेमंत सोरेन की सरकार कुंभकरण की नींद में सोई हुयी है भ्रष्ट कर्मचारियों पदाधिकारियों पुलिस पदाधिकारियों को बचाने में शामिल है जिसका ताजा उदाहरण रामगढ़ उप चुनाव में उसे मिला। समय रहते सरकार को सचेत होने की जरूरत है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

रेलवे द्वारा मंदिर स्थानांतरण पर भूमि पूजन

जयनगर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के गडगी गांव में रेलवे बोर्ड के द्वारा मंदिर स्थानांतरण को लेकर ग्रामीणों के द्वारा दिये गये जमीन पर रेलवे पदाधिकारी के द्वारा मंदिर का निर्माण हेतू शनिवार को राजेंद्र पांडे और श्रीकांत यादव ने भूमि पूजन किया। ज्ञात हो कि गडगी रेलवे फाटक के समीप रेलवे सरकार के द्वारा पुराने मंदिरों का अधिग्रहण कर लिया गया था। इस नए मंदिर निर्माण का पूरा खर्चा रेलवे सरकार के द्वारा की जायेगी। भूमि पूजन के दौरान रेलवे पदाधिकारी डीपीटीपीएम अरविंद कुमार, इंजीनियर नित्यानंद मांझी, जेई प्रणव सरकार, अजय सरकार, अभिजीत पाण्डे, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पूर्व मुखिया लखपत यादव, केडी यादव, विनोद यादव, सुदामा, बलदेव यादव, सहदेव यादव, चेतलाल यादव, मुरली महतो, बासुदेव यादव, दुर्गा ठाकुर, नकुल ठाकुर, जागेश्वर यादव, तलेवर यादव मौंजूद थे।

नाबालिग बच्चों के हित की अनदेखी पर उठाये सवाल

कोडरमा(आजाद सिपाही)। जिले में नाबालिग बच्चों के हित की अनदेखी पर लगातार बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के विरुद्ध आवाज उठाया जाता रहा है। इस संबंध में बालहित से जुड़े सभी पदाधिकारियों को सूचित करने उपरांत संज्ञान न लेने पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग, नयी दिल्ली को सूचना उपरांत संज्ञान लिया गया। इसी कड़ी में गत वर्ष 26 फरवरी को एक नाबालिग लड़की को रात भर थाने में रखा गया जिसके खिलाफ सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने एनसीपीसीआर को सूचना दी।गत वर्ष 14 मई 2022 को बाल कल्याण समिति में बाल विवाह से बचायी गयी 14 वर्ष एवं 15 वर्ष की दो बच्चियों को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में थे जे जे एक्ट 2015 का उल्लंघन कर आवासित कराया गया एवं आरपीएफ द्वारा बरामद वाराणसी की बालिका को चाइल्ड लाइन को सौंपा गया।इस संबंध में सभी पदाधिकारियों को सूचित करने पर एनसीपीसीआर ने उपायुक्त से कार्रवाई का निर्देश दिया गया जिसपर उपायुक्त के पत्रांक 50 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी को कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा ज्ञापांक 85/गो द्वारा मंच सचिव से इन मामलों से संबंधित लिखित पक्ष की मांग की गयी जिसे 15 फरवरी को समर्पित किया गया।

बाली ठाकरे, रीजा खान और कुमकुम बिहारी के भक्ति गानों पर रात भर झूमे लोग

तीस हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। इचाक मोड़ स्थित दुर्गा नगर में दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचण्डी महायज्ञ के सातवें दिन रात्रि में मशहूर भक्ति गायिका बाली ठाकरे और रीजा खान ने अपनी गायकी से लोगों का मन मोहा। जबकि शनिवार रात्रि को कुमकुम बिहारी ने भक्ति जागरण के माध्यम से अपना जलवा बिखेरा। रात्रि आठ बजे से शुरू हुयी भक्ति जागरण रात भर चला। इस भक्ति जागरण में 30 हजार से अधिक लोगों ने जमकर जागरण का लुफ्त उठाया। भक्ति गानों पर दर्शक भी मंत्र मुग्ध हो रात भर झूमते रहे। इससे पूर्व सुबह से यज्ञ का कार्यक्रम एवम पूजा अर्चना जारी रहा। प्राण प्रतिष्ठा, वेदी पूजन, हवन, आरती, भोग वितरण जारी रहा। आज 5 मार्च को वेदी पूजन, मण्डप पूजन, सामूहिक हवन, पूणार्हुति आरती कन्या पूजन, भोजन एवं भण्डारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन, यज्ञ समिति और वोलेंटियर पूरी तत्परता से लगे रहे इतने बृहद कार्यक्रम को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफल बनाने में इचाक थाना की पुलिस, यज्ञ समिति के पदाधिकारी व सदस्य और कइ गांव के वोलेंटियर का सहयोग रहा। सारे लोग रात भर कार्यक्रम स्थल पर डटे रहे। सुरक्षा की कमान खुद इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने संभाल रखा था। यज्ञ समिति के सारे पदाधिकारी एक्टिव मोड़ में रहे जिस कारण कार्यक्रम में कोई व्यवधान उत्पन्न नही हो सका। पंडाल भरा था खचाखच, हर ओर दिख रही थी भिड़ ही भिड़ भक्ति जागरण के दौरान अनुमान से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंची, जिस कारण पंडाल तो खचा खच भरा ही था पंडाल के चारो ओर सड़क और यज्ञ स्थल पर भिड़ ही भिड़ दिख रही थी। महिला पुरुष और बच्चे भक्ति जागरण के साथ झूला और अन्य मनोरंजन का भी लुत्फ उठाते रहे।

चचेरे भाई ने की 12 वर्षीय भाई की निर्मम हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा। बेडोकला पंचायत के केंदुआ 1 निवासी अशोक राणा के 12 वर्षीय पुत्र ओमसागर राणा की लाश बरकट्ठा पुलिस ने हत्यारो की निशानदेही पर दुलकी नाला के एक छोटे से गुफानुमा पत्थर की खोह से बरामद की। मामला फिरौती से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है 28 फरवरी को 12 वर्षीय ओमसागर राणा पिता अशोक राणा लापता हो जाता है मामले को लेकर मृतक की मां सरस्वती देवी ने 28 फरवरी को बरकट्ठा थाना में आवेदन दी कि उन्होंने शक जाहिर किया कि ओमसागर अपने चचेरे भाई बिट्टू राणा के साथ ही गया था। बिट्टू लौटा आया ओमसागर नही लौटा बरकट्ठा पुलिस ने एसडीपीओ नाजिर अख्तर व इंस्पेक्टर श्याम सिंह की अगुवायी में शक के आधार पर बिट्टू राणा पिता कैलाश राणा के निशानदेही पर ही गांव के ही काशी यादव को हिरासत में लिया वही एक अन्य की भी गिरफ्तारी की गयी पुलिस को तीन दिन तक गिरफ्तार बिट्टू राणा ने जमकर परेशान व कभी इधर उधर घुमाया लेकिन कहा जाता है। 3 मार्च की रात्रि को आरोपी के निशानदेही पर दुलकी नाला के पास एक पत्थर के खोह से लापता 12 वर्षीय ओमसागर राणा की लाश बरामद की गयी मृतक के गले को बेरहमी से ब्लेड से काटा गया था । लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया वहीं घटना का सुचना पाकर पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बरकट्ठा थाना पहुंचकर मृतक परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस निर्मम हत्या कि कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जघन्य हत्या का हत्यारा को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

साइबर अपराधी को पकड़ने के लिए महाराष्ट्र से पहुंची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया । महाराष्ट्र के मरीन ड्राइव मुंबई पुलिस ने टाटीझरिया थाना की पुलिस की मदद से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसमें टाटीझरिया थाना क्षेत्र के होलंग निवासी श्यामलाल महतो के 41 वर्षीय पुत्र विनय कुमार और मयूरहंड चतरा निवासी रामेश्वर रविदास के 36 वर्षीय पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद को सिरका मोहल्ला हजारीबाग से गिरफ्तार किया है। साइबर अपराध में शामिल युवकों को मुंबई पुलिस टीम में शामिल मरीन ड्राइव थाने के इंस्पेक्टर सचिन सिल्के, रेपड, चौहान और टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि होलंग गांव के विनय और मयूरहंड के शत्रुघ्न पर वर्ष 2022 में महाराष्ट्र के मरीन ड्राइव थाना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1 लाख 50 हजार रुपये की ठगी करने का आरोप है। वहीं होलंग निवासी विनय के परिजनों ने बताया कि मयूरहंड का शत्रुघ्न प्रसाद विनय कुमार का क्रेडिट कार्ड उपयोग किया करता था। इससे पहले शत्रुघ्न के द्वारा विनय के क्रेडिट कार्ड से 99 हजार 999 रुपये का निकासी किया था। इस रकम को वापस करने के लिए कोर्ट से एकरारनामा किया गया था।

होली और शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

चरही। चरही थाना स्तिथ सभा कक्ष में अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह की एंव प्रखंड विकास पदाधिकारी इनदर कुमार अध्यक्षता में होली और शब-ए-बारात त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर महेंद्र प्रसाद सिंह प्रमुख निरंजन प्रशाद नायक चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शांति समिति के सदस्य चरही थाना क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित हुए। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने होली और शब-ए-बारात के मौके पर समुदाय की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की। समिति के सदस्यों ने इस मौके पर सुझाव दिये और अपने अनुभव साझा किये। अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया का लगातार मॉनिटरिंग की जा रहा है। डीजे पर आपत्तिजनक गाने विवादों को उत्पन्न करते है तो इनपर कड़ी नजर रखी जायेगी और अफवाहों से बचें और खासकर सोशल मीडिया पर भड़काउ व आपत्तिजनक पोस्ट से सावधान रहें अंत में स्पेक्ट्रम महेंद्र प्रसाद सिंह ने समुदाय के सभी लोगों को होली और शब्बे बारात के जश्न को भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण मनाने की बात कही।

अलगडीहा में विदाई समारोह का आयोजन

चलकुशा(आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत अलगडीहा में स्थित सर्वोदय उच्च विद्यालय जो झारखंड सरकार द्वारा स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय है। इस विद्यालय में वर्ग दशम के छात्र छात्राओं को समारोह का आयोजन कर विदायी दी गयी। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए एवं उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिए। मौके पर विद्यालय के सचिव राजेश कुमार यादव ने कहा कि सर्वोदय उच्च विद्यालय बेहतर परिणामों के लिए जाना जाता है।

डीलरों की समस्या का समाधान करना होगा : उपाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड डीलर संघ का निर्विरोध उपाध्यक्ष बने नरेश बेदिया द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। बेदिया ने इस अवसर पर पदाधिकारी के माध्यम से डीलरों का समस्या सरकार तक पहुंचाने का डीलर संघ हर संभव प्रयास करेगी। प्रखंड डीलर संघ के अधिकारी एवं पदाधिकारियों से समन्वय बनाकर डीलरों की समस्या का समाधान करने का हर संभव प्रयास जारी रहेगा। इस मौके पर मोहम्मद जफीर, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सब्बार, मोहम्मद रफीक आलम, सुषमा देवी, उमर इमाम, शशि कुमार भूषण, गीता देवी, सुरेंद्र प्रसाद, मीना देवी, बासुदेव महतो, तुलसी महतो, संतोष साहू, कार्तिक उरांव सहित अन्य डीलर साथ में शामिल थे।

सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा। थाना क्षेत्र के कोनहरा खुर्द स्थित जीटी रोड पर हुयी सड़क दुघर्टना में पति पत्नी की मौत हो गयी। घटना शनिवार दोपहर ग्यारह बजे की है। जानकारी के मुताबिक डीलो साव पिता फागु साव ग्राम बरकट्ठा निवासी अपने पत्नी लिलावती देवी के साथ अपने मोटरसाइकिल से मौगडहा बरही अपने मामा के घर से बरकट्ठा अपने घर आ रहा था। पिछे से बरही की ओर से आ रही ट्रक संख्या डब्ल्यू बी 32 डी 0131ने अपने चपेट में ले लिया। हादसे के बाद डीलो साव की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। पत्नी लिलावती देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी। स्थानीय लोगों ने महिला को बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया था लेकिन रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

महिलाएं निर्भिक होकर अपने विचार समाज के समक्ष रखें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस-2023 को लेकर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्थानीय नगर भवन, हजारीबाग में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त नैन्सी सहाय एवं उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा निश्चित रूप से महिलाओं की समाज में भागीदारी बढ़ी है परंतु समाज में अब भी महिलाओं के प्रति सोच में बदलाव की काफी गुंजाइश है। झारखण्ड की पूर्व राज्यपाल आज देश की राष्ट्रपति महिला हैं जिसे महिला सशक्तिकरण के तौर पर देखा जा सकता है।हजारीबाग में प्रशासन के शीर्ष पद पर कइ महिलाएं जिला को नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। । मौके पर महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी साझा की गयी। साथ ही अतिथियों द्वारा सेवानिवृत आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, बाल विवाह का विरोध, जिला में खेल एवं पढ़ाइ एवं सोहराय कला के क्षेत्र में बेहतर एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डीसी एंव डीडीसी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रसम करते हुए जच्चा-बच्चा को शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व उपस्थिति अतिथियों को पौधा एवं बैच देकर स्वागत किया गयां साथ ही यदुनाथ बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, महिला थाना प्रभारी वर्षा रानी टोप्पो, सिविल सर्जन सरयु प्रसाद सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन, कोषागार पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौरसिया, पैनल अधिवक्त रीना वर्मा, मनोचिकित्सक डा. एपा घोष, सभी सीडीपीओ आदि उपस्थित थे।

विद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के झरपो स्थित शिशु विकास विद्यालय स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस होली मिलन समारोह में शिक्षक, शिक्षिका और बच्चे सभी रंग गुलाल से सराबोर रहे। मौके पर स्कूल के बच्चों ने होली खेले रघुवीरा और रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके। इसी तरह से स्कूल के व्यवस्थापक ज्योतिष पंडा और प्रधानाध्यापक सत्यानंद पांडेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दी गयी। इस मौके पर शिक्षक प्रमोद पांडेय, गीता रानी, आरती देवी, मुस्कान कुमारी ने अनुराधा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनपुरी आकृति कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी, रागिनी कुमारी, आयुष कुमार, रौनक पन्डा, अनंत पंडा, अंकित कुमार, अमन कुमार, रिया, सोनी, मनीषा, दुर्गा, पारूल, प्रिया, अमीषा कुमारी सहित सभी बच्चों के बीच मिठाइयां भी बांटी गयी।

महिला दिवस का किया गया आयोजन

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। टाटीझरिया प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में शनिवार को जेएसएलपीएस के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डहरभंगा मुखिया रेखा देवी, बेड़म मुखिया सुमित्रा देवी, धरमपुर मुखिया कांति देवी, डुमर मुखिया ममता देवी, राजु यादव, लालमोहन महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंच का संचालन पुनम कुमारी के द्वारा किया गया। इस दौरान बेल्ट, हेलमेट, ओवरलोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, तेज रफ्तार जैसे नियमों के प्रति जागरूक किया गया। चालकों को वाहन चलाते समय नियमों का पालन करने के लिए सुझाव दिया गया। इस मौके पर सीएलएफ टाटीझरिया कि किरण देवी, डहरभंगा सीएलएफ कौशल्या देवी, नंदन ठाकुर, बीना देवी, ममता देवी, अनिता देवी, संगीता देवी, फरहा अनाज, कालो देवी, अंजली मुर्मु, तारा मुर्मु, शिवानी देवी, आरती देवी, मंझली देवी, गुडिया देवी, सविता देवी, बसंती देवी, बबिता देवी सहित सैकड़ों महिला उपस्थित हुए ।

झारखंड पोल्ट्री फेडरेशन कमिटी का गठन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। झारखंड पोल्ट्री फेडरेशन की प्रथम बैठक हजारीबाग में हुयी। बैठक में निर्णय लिया गया की फेडरेशन को आगे बढ़ाने के लिए कमिटी बनायी जाय। सर्वसम्मति से उमेश कुमार मेहता को झारखंड पोल्ट्री फेडरेशन का अध्यक्ष बनाया गया वहीं अमित कुमार को महासचिव की जिम्मेवारी सौंपी गयी। कोषाध्यक्ष मंतोष रजक को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनय मेहता इचाक, संतोष मंडल टाटी झरिया, प्रकाश मेहता गढ़वा, बहादुर साहू माशीपिरी, मनोज मेहता इचाक, केसी जाना रांची, राज कुमार बरही, अशोक राम केरेडारी, महेंद्र मेहता इचाक, अशोक अग्रवाल हजारीबाग, सुनील अग्रवाल हजारीबाग, राजू खान जमशेदपुर, बीरबल मंडल धनबाद, रंजीत जायसवाल चतरा, बच्चे खान बोकारो को बनाया गया है। बैठक में झारखंड के सभी जिलों से पोल्ट्री से जुड़े लोग उपस्थित थे।

संकुल संगठन ने महिला दिवस मनाया

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड के बंदखारो बाजार टांड़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नरकी की आजीविका महिला संगठन द्वारा मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय दिवस 8 मार्च को मनाया जाना था, होली त्यौहार को देखते हुए आज ही मनाया गया। मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण महिलाओं के विकास, महिला पुरुषों में समानता, महिलाओं को अधिकार, महिला जागरुकता को लेकर पूर्ण रूप से विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अथिति विष्णुगढ़ पूर्वी जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल ,जोबर पंचायत मुखिया चेतलाल महतो मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम महतो पंचायत समिति सदस्य कैलाश महतो द्वारा शुभारभ किया गया। इस मौके पर महिला सशक्तिकरण जोर देते हुए जिप सदस्य सरजू पटेल ने कहा महिला सशक्तिकरण से आज हमारा झारखंड के साथ हमारा देश भी प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। इस मौके पर महिला संगठन अध्यक्ष रीना देवी, सचिव मनीषा देवी, कोषाध्यक्ष सावित्री देवी, बी सी गुड़िया कुमारी, बैंक सचिव रीना देवी, रेशमी देवी, रीना देवी, बिमला देवी, पूनम देवी, भारती कुमारी, उर्मिला कुमारी, नारायण महतो, सुजीत कुमार एवं सैकड़ों की संख्या में संगठन से जुड़े बहनों उपस्थित थे।

शत-प्रतिशत अनुदान पर पशुधन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत 10 लाभुकों को कल्याण विभाग द्वारा बड़कागांव प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर एल गोसाई सिंह के हाथों मुर्गी शुगर एवं बकरा एवं बकरी का वितरण किया गया । जिसमें 9 लाभुकों को शत-प्रतिशत अनुदान पर एवं एक लाभों को 50 अनुदान पर दिया गया। शत-प्रतिशत अनुदान पर एक - एक यूनिट पोटंगा पंचायत अंतर्गत जरजरा ग्राम के प्रमिला कुमारी एवं लक्ष्मण बेदिया को ब्रायलर , बिहारीलाल बेदिया एवं पंकज बेदिया लेयर ककुट, जगरनाथ कुमार बेदिया एवं संगीता देवी को सुकर, हेवनदेवी एवं मसो सोमरी देवी को बकरा तथा पसरिया निवासी राजेंद्र सोरेन को ब्रायलर ककुट दिया गया । वहीं पोटंगा निवासी विनोद मुंडा को 50 अनुदान पर बकरा का एक यूनिट दिया गया। बकरा के एक यूनिट में चार बकरी के साथ एक बकरा, सूअर के एक यूनिट में 4 मादा एवं एक नर एवं ब्रायलर में 500 तथा लेयर लेयर में 400 चूजा का वितरण किया गया। मौके पर पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर एल गोसाई सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य अली रजा, वार्ड सदस्य देवेंद्र कुमार, अमृत रजक के साथ-साथ लाभ मौंजूद थे । प्रसाद विनय कुमार का क्रेडिट कार्ड उपयोग किया करता था। इससे पहले शत्रुघ्न के द्वारा विनय के क्रेडिट कार्ड से 99 हजार 999 रुपये का निकासी किया था। इस रकम को वापस करने के लिए कोर्ट से एकरारनामा किया गया था।

समिति की बैठक में उठाया पानी-बिजली और सफाई का मुद्दा

कोडरमा । होली व शब-ए-बारात को लेकर तिलैया थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक हुयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ अनिल कुमार ने की। वही थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि क्षेत्रवासी किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहि देने के अलावा कोई भी असामाजिक तत्व त्योहार में खलल डालने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी के द्वारा भी अगर डीजे बजाते पकड़े गए तो उसके डीजे जप्त कर उन पर कानून संगत कार्रवाई की जायेगी। मौके पर एसआई सुमित साव, सहायक अवर निरीक्षक रंजीत कुमार झा, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनवारूल हक, हाजी गुलाम जिलानी, सांसद प्रतिनिधि संजय शर्मा, अनूप सरकार, निवर्तमान वार्ड पार्षद बाल गोविंद मोदी, नीरज कर्ण, घनश्याम तुरी, शमीम आलम लड्डू, कांग्रेस नेता तुलसी मोदी, अशोक वर्णवाल, संजय यादव, उमाशंकर यादव, अनिल यादव ,सत्यदेव राय, कामेश्वर महतो, उपस्थित थे।

जीवन में सफलता के लिए मेहनत जरूरी

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। सेंट्रल टीचर एलिज्बलिटी टेस्ट (सीटेट) के पहले ही प्रयास में चितरपुर प्रखण्ड के मायल पंचायत निवासी अभिषेक वर्मा पिता मनोज कुमार वर्मा ने सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने प्राइमरी स्टेज एवं एलीमेंट्री स्टेज के दोनों पेपर में सफलता पाये है। अपनी इस सफलता पर उन्होंने बताया कि सीटेट की तैयारी मैंने घर बैठे ही किया था। सेल्फ स्टडी पर ध्यान दिया। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। परीक्षा में पास होने के बाद अभिषेक वर्मा ने कहा कि जीवन मे सफलता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत हैं, यदि आप मेहनत पूरी ईमानदारी से करते हैं तो किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल कर सकते हैं। सफलता के पीछे संघर्ष जरूरी होता हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई में कभी भी कमी न करें, बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी हैं। शिक्षा ही एक ऐसा हथियार हैं जिसे छीना नही जा सकता हैं। बताया गया कि सीटेट की परीक्षा देश स्तर में होती है, जिसमें लाखों की संख्या में प्रतिभागी भाग लेते हैं।

बचपन प्ले स्कूल में होली की मची धूम

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। पटेल नगर स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल और एसएससी कोचिंग में हर्षोल्लास के साथ रंग गुलाल उड़ा कर होली मनायी गयी । अवकाश की घोषणा से पूर्व एसएससी के प्रतियोगी छात्रों ने भी होली खेली और और शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं भी दी गयी। वहीं अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने जमकर होली की मस्ती की। बच्चों ने धमा चौकड़ी कर एक दूसरे को रंग लगाया। वहीं अनमोल बचपन प्ले स्कूल कि शिक्षिका उर्मिला कुमारी, काजल कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा ने होली के गीतों पर डांस प्रस्तुत किया। एसएससी कोचिंग के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि होली हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है इस अवसर पर एक दूसरे को रंग आबीर लगाकर होली भाईचारे का संदेश देता है और भारतीय संस्कृति सभ्यता को हम सभी को संजोकर रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षक संतोष कुमार, राम पूजन कुमार, अमित प्रकाश, उर्मिला कुमारी, काजल कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, ममता कुमारी, सुशीला एंथोनी, जयश्री गोस्वामी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

शांति निकेतन विद्यालय बगरैया में होली मिलन समारोह का आयोजन

उरीमारी(आजाद सिपाही)। शांति निकेतन विद्यालय बगरैया उरीमारी में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विधालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधायी एवं शुभकामनाये दी। इस पावन पर्व के शुभ अवसर पर विधालय के निदेशक नरेश करमाली ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है इस त्योहार को मनाने में आपसी प्रेम बढ़ता है। वहीं प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली ने कहा कि होली का रंग नफरतों को मिटा देता है। सभी लोग आपसी प्रेम और सद्भावना के साथ होली मनाये। साथ ही सभी बच्चों को शांति पूर्वक होली मनाने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र राम, रंजीत करमाली, पिंटू कुमार, बिनोद मांझी,सुशील कुमार, अर्चना कुमारी, पूनम सरोज किंडो, सूरज कुमार, संगीता कुमारी,सेवामुनी टुडू,सोनी कुमारी, पूनम भारती, विकास कुमार, रिंकू कुमारी, राजेंद्र प्रसाद, सिकंदर बक्स अंसारी,भीम साव,सबिता देवी, प्रीति मरांडी, सुप्रिया राज, संध्या कुमारी, शिल्पा सोरेन, सरवन कुमार, देव कुमार सहित सैकड़ों छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

ठाकुरबाड़ी में होली मिलन समारोह का आयोजन

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी में हर वर्ष के भांति शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुयी। इसमें स्थानीय महिलाओ ने होली उत्सव के अवसर पर जमकर होली खेलते हुए एक-दूसरे का आने वाले पर्व होली की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व भजन-कीर्तन के साथ श्री राधा-कृष्ण की पूजा अर्चना, छप्पनभोग व महाआरती सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुयी। तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। समारोह में महिलाओं ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाते हुए होली के गीत पर जमकर नृत्य किया। साथ ही अपने घर-परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय महिलाओं की विशेष योगदान था।

चिरंजीव हेल्थ केयर का शुभारंभ सुनीता चौधरी ने किया

रामगढ़(आजाद सिपाही)। शहर के मेन रोड स्थित चिरंजीव हेल्थ केयर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व विधायक के आगमन पर हेल्थ केयर के संचालक दुर्गेश जायसवाल ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। उद्घाटन के उपरांत नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि इस तरह के छोटे-छोटे क्लीनिक खुलने से आसपास के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। खासकर मौसम को देखे तो ठंडा और गर्म के कारण बच्चे ज्यादा बीमार पड़ते हैं और इस तरह का शिशु केयर खुलने से लोगों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगी। उन्होंने संचालक दुर्गेश जायसवाल को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी।

विधायक अंबा प्रसाद का प्रयास लाया रंग

पतरातु (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड में जल्द ही पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने की प्रक्रिया सरकार के द्वारा शुरू की जाएगी। यह जानकारी स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि बीते सत्र में उन्होंने पतरातू में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने की मांग जोर शोर से उठाई थी। जिसे विभाग के द्वारा गंभीरता से लिया गया। और इस पर निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही कैबिनेट की बैठक में इसके लिए धनराशि आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

कुरकुरे, लेयस, चिप्स के गोदाम में लगी भीषण आग, अफरा-तफरी का माहौल

6 घंटे के बाद आग पर काबू, 1.5 करोड़ का सामान जलकर खाक

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के बिजुलिया तालाब के दीनबंधु नगर रोड नंबर 2 में स्थित कुरकुरे चिप्स के गोदाम में शनिवार को भीषण आग लग गयी। गोदाम में लगी आग की लपटें धीरे-धीरे भयावह रूप ले ली और गोदाम में रखी समान जलकर राख हो गयी। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान अग्निशमन विभाग की 5 गाड़ी, टाटा स्टील, सीसीएल और आर्मी के दमकल गाड़ियों के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक गौदाम में रखी कुरकुरे लेयस चिप्स जलकर राख हो चुकी थी। बताया जाता है कि इस अग्निकांड में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की संपत्ति जलकर खाक होने की अनुमान लगायी जा रही है।

शॉर्ट सर्किट की वजह से गोदाम में आग लगी

बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से गोदाम में आग लगी और पूरा सामान धू-धू कर जल गयी। अधिकतर सामान प्लास्टिक के पैकेट में था, जिसकी वजह से आग की लपटें काफी तेज उठने लगी। सरल चौधरी के स्टाफ ने बताया कि शार्ट सर्किट के वजह से हो सकता है आग लगी है, लगभग डेढ़ करोड का सामान जलकर खाक हो गया है। मामले में अग्निशमन विभाग के प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 12.15 से अग्निकांड की सूचना मिली जिसके बाद से लगातार 6 घंटे से दमकल कर्मी आग बुझाने में लगे रहे। हालांकि आग पर काबू पा लिया गया है, और किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुयी है। अग्निकांड की जानकारी लेने पहुंची नवनिर्वाचित विधायक आग लगने की सूचना मिलने पर नवनिर्वाचित विधायक सुनीता चौधरी घटनास्थल पहुंची। इस दौरान गोदाम मालिक ने विधायक को पूरी कहानी बताया। विधायक ने कहा कि आपके साथ मैं खड़ी हूं। नुकसान काफी हुआ है। उन्होंने प्रशासन से फायर बिग्रेड वाहन को हमेशा दुरुस्त रखने और वाहन की संख्या में बढ़ोतरी की बात कही है। विधायक के पहुंचने पर गोदाम संचालक भावुक हो गया। जिसपर विधायक ने ढाँढस बंधाया। उन्होंने आमजनों को भी एक संदेश दिया है कि कोई परेशानी होने पर आपको सीधे मुझसे संपर्क कर सकते है। आपकी सेवा ही मेरी प्राथमिकता शामिल है।

भाजपा नेता को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गोला। सोसो कलां गांव निवासी भाजपा नेता पंचम चौधरी को रांची युगांतर भारती एवं नेचर फाउंडेशन झारखंड के द्वारा आयोजित दस दिवसीय पर्यावरण मेला आयोजनके दौरान प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय, विधायक समरीलाल, अनूप सिंह उर्फ जयमंगल सिंह, लंबोदर महतो, पद्मभूषण से सम्मानित गायिका तिजनबाई एवं अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति यह सम्मान इन्हें मिला। बताया गया कि चौधरी को पर्यावरण एवं दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ती पत्र, प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पुरस्कार देकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय दामोदर आंदोलन के संरक्षक के द्वारा दिया गया।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद दल ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद टीम ने चितरपुर महाविद्यालय, चितरपुर का दो दिवसीय निरीक्षण दल के द्वारा का पूरा किया, इसके पूर्व महाविद्यालय के मूल्यांकन के लिए निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक भवन, सभी विभागों के साथ, स्मार्ट क्लास, भूगोल, मनोविज्ञान और गृह विज्ञान के प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कैंटीन, खेलकूद के मैदान, सिक रूम, स्टाफ रूम, नियमित कक्षाएं कमरों छात्र एवं छात्राओं के वॉशरूम, महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया गया। सत्यापन के क्रम में दस्तावेजों को देखने के बाद महाविद्यालय के प्राचार्या, परीक्षा नियंत्रक, प्रधान क्लर्क, सभी शिक्षकों, गैर शैक्षणिक कर्मियों, अध्ययन छात्र छात्राओं, पूर्व विद्यार्थियों, अविभावकों आदि सभी से टीम ने अलग अलग जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्राचार्या डॉ संज्ञा, प्रो ज्योति कुमारी, प्रो० निकहत परवीन, प्रो कुर्रतुलएन, प्रो शाहनवाज खान, प्रो० अंजनी करमाली, प्रो जूही उपाध्याय, प्रो० अंजू कुमारी, प्रो० फहमीदा नाज, प्रो० रेवालाल पटेल, प्रो मुसर्रत जहां, प्रो. मनोज झा, प्रो ताराशंकर अग्रवाल, प्रो उत्तम कुमार, प्रो० शबाना अंजुम, डॉ हीना कौसर, जफरुल हसन खान, रवि कुमार, कुसुम कुमारी ,आसिया अफरिन,पिंटू कुमार, सोनू कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, आकाश, प्रकाश, पूनम देवी, कर्मी देवी उपस्थिति थे।

जंगली फसल बगरेडी खाने से 22 बच्चे बीमार

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा । जंगली फसल बगरेडी (जेड्रोफा) खाने से 22 बच्चे बीमार हो गए। सभी बच्चों को जिले के कान्हाचट्टी स्वास्थ्य उप केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजा गया। मामले की सूचना पाकर सदर अस्पताल पहुंचे मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर एसएन सिंह, डीईओ दिनेश मिश्र व डीएसई अभिषेक बड़ाईक, स्थिति का लिया जायजा। सिविल सर्जन और चिकित्सकों को श्रम मंत्री ने दिया बच्चों का समुचित इलाज करने का निर्देश दिया। सभी बच्चों का सदर अस्पताल में उपचार शुरू हुआ बताया जा रहा है। बच्चों का स्थिति सामान्य बताया जा रहा है। कान्हाचट्टी प्रखंड के जमरी पंचायत अंतर्गत पकरी गांव के बच्चे है। मामले में सिविल सर्जन का बयान, कहा पूरी रात चिकित्सकों के विशेष निगरानी में रखे जाएंगे सभी बच्चे को। परिस्थिति के अनुरूप लिया जाएगा अग्रता निर्माण।

क्षेत्रीय कमिटी के अध्यक्ष बोधन व सचिव बने रामचंद्र वर्मा

कुजू(आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कुजू क्षेत्रीय कमिटि का पुनर्गठन किया गया। यूनियन के जोनल अध्यक्ष फागू बेसरा द्वारा बोधन मांझी को अध्यक्ष, हुल्लास मांझी और मो आसीन अंसारी को उपाध्यक्ष, रामचंद्र वर्मा को सचिव, चमटू महतो और चंदन कुमार को सह सचिव, रामनाथ महतो और राम कुमार सिंह को संयुक्त सचिव, एतो बास्के को संगठन सचिव तथा लक्ष्मण को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

अरमान टाइम शोरूम का धनंजय कुमार ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड 8 के लोहार टोला में अरमान टाइम नामक घड़ी व गिफ्ट आइटम के शोरुम का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पूर्व प्रत्याशी सह आरबीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने फीता काटकर किया। मौके पर संचालक आफताब आलम को शुभकामनाएं देते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि शहरी क्षेत्र में इस प्रकार के प्रतिष्ठान खुल जाने से आसपास के लोगों को काफी सहूलियत होगी और किफायती दर पर यहां समान मिल सकेगा। इस अवसर पर सूर्यवंश श्रीवास्तव, मंगू, मुख्तार आलम, योगेंद्र गुप्ता, मकसूद आलम, नौसाद आलम, मनविंदर सिंह सोनी, दानिस राशिद, सतीश कुमार, तौसीफ आलम, जिसान अली आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, चतरा
समग्र शिक्षा अभियान
जिला स्तरीय कार्यालय, प्रखण्ड परिसर, चतरा-825401
दूरभाष: (0654) 253924
इमेल–chatrajepc@ymail.com

आम सूचना

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा आहूत समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में जिले के **Un-Aided Private (Recognised) Un-recognised** विद्यालय प्रधान जिन्होनें शिक्षा के अधिकार अधिनयम 2009 के तहत पंजीकृत नहीं किया है, साथ ही अभी तक यू–डायस कोड प्राप्त नहीं किया है। यू–डायस कोड प्राप्त करने के पूर्व https://rte.jharkhand.gov.in पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकृत कर, grievance न. अंकित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदनाम से विहित प्रपत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत आवेदन दिनांक 20.03.2023 तक उपलब्ध करायेंगे ताकि यू–डायस कोड जेनरेट करने संबंधी अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

PR 291937 Jharkhand Education Project Council(22-23).D

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,झा.शि.प.,चतरा

शराब माफियाओं के विरुद्ध चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। इंटर स्टेट शराब माफियाओं के विरूद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बड़े पैमाने पर नकली जहरीली अंग्रेजी शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार हुआ है। इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित भुरकुंडा जंगल के समीप से वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कोलकाता से आ रही विजय रथ नामक यात्री बस से बरामद किया गया। जिसमें प्लास्टिक के दो बड़े बोरों में बंद विदेशी शराब बनाने में प्रयुक्त रॉयल स्टैग और एमसी डेविल्स कंपनी का करीब पांच हजार पीस बारकोड, होलोग्राम, स्टीकर, शिलिंग कैप व ढक्कन के अलावे दो फर्जी इलेक्ट्रॉनिक बिल व तस्करी में प्रयुक्त टीवीएस अपाचे बाईक जप्त किया गया। अभियान में एस आई दुखी राम महतो, खुश्बू रानी समेत पुलिस जवान मौजूद थे।

बीडीओ और इंस्पेक्टर ने मिलकर निकाला फ्लैग मार्च

टंडवा(आजाद सिपाही)। होली और शब-ए-बरात को लेकर टंडवा प्रखंड पुलिस प्रशासन ने शनिवार को फ्लैग मार्च निकाला। दोनों त्योहारो शांति व सौहार्द पूर्ण मनाने को ले टंडवा, राहम, कमता, सराढु, मिस्त्रोल में टंडवा बीडीओ रंथु महतो इंस्पेक्टर विजय सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का भर्मण किया। दोनों अधिकारियों ने आम जनों से अपील करते हुये कहा होली और शब ए बरात आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये।

25 लाख के ईनामी नक्सली दस्ते का कमांडर गिरफ्तार

अजय चौरसिया

चतरा(आजाद सिपाही)। चतरा में सक्रिय प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सलियों को तगड़ा झटका लगा है। संगठन के 25 लाख के इनामी नक्सली सैक सदस्य गौतम पासवान एवं 15 लाख के ईनामी मनोहर गंझू दस्ते का कंपनी कमांडर रामाशीष यादव उर्फ चलितर यादव उर्फ अंगद को सुरक्षाबलों ने धर दबोचा है। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित हंटरगंज थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने नक्सलियों के सेफ जोन के रूप में चिन्हित कौलेश्वरी सब जोन अंतर्गत कोल्हुआ ईलाके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध चतरा के विभिन्न थानों में 10 से अधिक दुर्दांत नक्सल मामले दर्ज है, जिसमे पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी।

कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, राँची

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 105/22–23

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 14/03/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 15/03/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 15/03/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल राँची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

क0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	मान्नीय झारखण्ड उच्च न्यायालय डोरण्डा राँची स्थित नये एनेक्सी भवन में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य।	3,51,510=00	8,000=00	750=00	एक वर्ष

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

PR 291921 Energy (22-23)_D

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची

महिलाओं के अधिकारों को बताना समाज की जरूरत : सीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। गाड़ीलौंग पंचायत भवन के प्रांगण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में टंडवा आजीविका महिला संकुल संगठन के द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा राणा, संचालन हेमा देवी ने किया। उल्लेखनीय रहे की आगामी आठ मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। वही होली पर्व को देखते हुये महिला सदस्यों के द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टंडवा सीओ विजय कुमार दास, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह , समाजसेवी सुभान अंसारी,शामिल हुये। कार्यक्रम की शुरूआत कलाकारों ने क्षेत्रीय गीत पर स्वागत गान नृत्य प्रस्तुत कर किया। जिस पर सभी ने कलाकारों की प्रशंसा की । सीओ विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा की नारी के बिना हर घर अधूरा है। हम सबको नारी का सम्मान और आदर करना चाहिये ।कहा की आज के परिवेश में जिस तरह नारी के साथ शशुराल में प्रताड़ना की बाते सामने आती है। दहेज हत्या एवं मानसिक यातनां की बाते सामने आती, हमे महिलाओं को जागरूक करने की जरूरत है। ताकि इस तरह की चीजे समाज में घटित न हो एवं महिलाओं के विकास में हर क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने की जरूरत है। आज के परिवेश में महिला शक्ति को पहचानने की जरूरत बतायी। महिलाए आज हर क्षेत्र में आगे है रानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी से लेकर वैज्ञानिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाए अव्वल रही है ।इस तरह हमे दबे कुचले महिलाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत बतायी।

सं0सं0:–18/आरोप –01–48/2022
झारखण्ड सरकार स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा डॉ0 सुखदेव उराँव, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धुरकी, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, धुरकी, गढ़वा में दिनांक–28.05.2012 से फरवरी, 2013 तक कार्यरत थे। आपका चयन एम0एस0 एनाटॉमी में होने के पश्चात् दिनांक–10.07.2014 से दिनांक–09.07.2017 तक रिम्स, राँची में शिक्षा ग्रहण किए। दिनांक–10.07.2017 से अबतक पारिवारिक दायित्वों के कारण अपने माता–पिता के बूढ़े होने के कारण सेवा से अनुपस्थित रहने का उल्लेख करते हुए आपके आवेदन दिनांक–21.04.2022 के द्वारा योगदान स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है। आप लगभग सात वर्षों से अधिक समय तक सेवा से अनुपस्थित रहे हैं।

झारखण्ड सेवा संहिता के नियम–76 के प्रावधानानुसार "जबतक कि किसी मामले की खास परिस्थितियों को देखते हुए, राज्य सरकार अन्यथा निर्धारित न करे, सरकारी सेवक, भारत में बाह्य सेवा को छोड़कर अन्यत्र छुट्टी के साथ या बिना छुट्टी के कर्त्तव्य से पाँच वर्ष तक लगातार अनुपस्थिति के बाद सरकारी नियोजन में नहीं रह जाता है।"

उक्त संदर्भ में विभागीय पत्रांक–374(18) दिनांक–04.07.2022 के द्वारा आपसे स्पश्टीकरण पूछा गया, किन्तु आपका स्पश्टीकरण अप्राप्त रहा।

अतएव इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको निदेशित किया जाता है कि उक्त संबंध में आप अपना स्पश्टीकरण विभाग को दिनांक–15.03.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं सेवा संहिता के उक्त नियम के तहत उक्त अनाधिकृत अनुपस्थिति के संबंध में आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाय।

निर्धारित अवधि तक जवाब अप्राप्त रहने पर यह समझा जाएगा की इस संबंध में आपको को कुछ नहीं कहना है एवं तद्नुसार आपके विरुद्ध नियमानुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

इस आशय का एक पत्र आपके गृह पता–ग्रा०–सीलम टोंगरी टोली, पो०–सीलम, थाना–रायडीह, जिला–गुमला, 835207 पर भी भेजी गई है।

(विद्यानन्द शर्मा पंकज)
सरकार के संयुक्त सचिव

PR 291966 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

लोकतंत्र को मजबूती

को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया पर जो ऐतिहासिक फैसला दिया, वह निश्चित रूप से देश में लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाला है। इस फैसले ने पिछले सात दशकों से चले आ रहे उस शून्य को भरा है, जो संसद के समय पर उपयुक्त पहल न करने की वजह से बना हुआ था। जैसा कि फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा, संविधान निर्माताओं को उम्मीद थी कि देश की संसद कानून बना कर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की एक वाजिब प्रक्रिया निर्धारित कर देगी। मगर सत्तारूढ़ पार्टियां संभवतः अपने हाथ से यह ताकत निकलने देना नहीं चाहती थीं और उनके प्रभाव में संसद अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा करने से परहेज करती रही। यही वजह है कि 1990 में एक बार जब राज्यसभा में इस आशय का संविधान संशोधन विधेयक पेश किया भी गया तो बात नहीं बनी। चार साल तक ठंडे बस्ते में पड़े रहने के बाद यह विधेयक चुपचाप वापस ले लिया गया। यही नहीं, इसके बाद 2015 में लॉ कमिशन ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की सिफारिश की थी, लेकिन इसका भी कोई नतीजा नहीं निकला। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त की सरकार द्वारा नियुक्ति की अब तक प्रचलित प्रक्रिया में साफ तौर पर हितों का टकराव था। चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जिम्मेदारी निभाता है, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी का हित-अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाये रखनी चाहिए। यह न केवल निष्पक्ष चुनाव कराने बल्कि खुद चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए भी जरूरी है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने ताजा फैसले में लॉ कमिशन की सिफारिशों के अनुरूप ही मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की नयी प्रक्रिया निर्धारित कर दी। कोर्ट ने संदेह की कोई गुंजाइश न रखते हुए यह भी कहा कि अगर नेता प्रतिपक्ष उपलब्ध न हों तो सदन में विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता को इस समिति में शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी ध्यान रखा कि चुनाव आयोग को पैसों के लिए सरकार का मोहताज न होना पड़े। आयोग के लिए बजट की अलग और स्वतंत्र व्यवस्था करना निश्चित रूप से सरकार पर उसकी निर्भरता कम करेगा। हालांकि व्यवहार में इन सबका कैसा और कितना असर होता है, यह तभी पता चलेगा जब यह प्रक्रिया लागू होगी।

चुनाव आयोग देश में मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर चुनाव संचालित कराने तक की जिम्मेदारी निभाता है, जिससे सत्तारूढ़ पार्टी का हित-अहित भी जुड़ा होता है। इसलिए कायदे से सरकार यानी कार्यपालिका को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से दूरी बनाये रखनी चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

पेयजल और स्वच्छता विभाग के एक भाग के रूप में, मुझे यह परिवर्तन देखने का सौभाग्य मिला है। वर्तमान में एसबीएम-जी, अपने दूसरे चरण में है। हमारे प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2014 को इस कार्यक्रम के चरण-ककी शुरुआत की थी, जिसके प्रमुख उद्देश्यों में से एक था- भारत को खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) करना। एसबीएम-जी चरण-कका उद्देश्य, ओडीएफ की स्थिति को बनाये रखने के साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन है।

अग्रणी महिलाएं, ग्रामीण भारत में बदलाव की सूत्रधार हैं

विनी महाजन

ग्रामीण भारत में अग्रणी महिलाएं, समुदायों के व्यवहार में परिवर्तन लाकर स्वच्छ भारत निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं और दूसरों को भी अपने जैसा बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह नारी सशक्तिकरण का युग है। यह वास्तव में हमारे लिए अपने समाज में महिलाओं की शक्ति को पहचानने और स्वीकार करने का सही समय है। लेकिन यह केवल खेल, राजनीति, सिनेमा, सशस्त्र बलों, कॉर्पोरेट व्यवसायों या अन्य क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं के बारे में नहीं है। यह ग्रामीण भारत की आम महिलाओं के बारे में है, जो पुरुषों जैसे समान अवसरों और विशेषाधिकारों के बिना भी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, या एसबीएम-जी जैसी पहलों के कारण हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए अग्रणी व्यक्तियों और बदलाव की माध्यम के रूप में विभिन्न भूमिकाएं निभा रहीं हैं।

पेयजल और स्वच्छता विभाग के एक भाग के रूप में, मुझे यह परिवर्तन देखने का सौभाग्य मिला है। वर्तमान में एसबीएम-जी, अपने दूसरे चरण में है। हमारे प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर 2014 को इस कार्यक्रम के चरण-क की शुरुआत की थी, जिसके प्रमुख उद्देश्यों में से एक था- भारत को खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) करना।

पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने भी कई स्थानों पर सक्रिय भूमिका निभायी।

एसबीएम-जी चरण-क का उद्देश्य, ओडीएफ की स्थिति को बनाये रखने के साथ ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन है। इसमें गोबरधन सहित जैविक रूप से अपघटित होने वाला अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक रूप से अपघटित नहीं होने वाले अपशिष्ट के प्रबंधन के लिए उन्नत तरीकों तक पहुंच, घरों से निकलने वाले गंदे पानी का प्रबंधन और मल कीचड़ प्रबंधन शामिल है, ताकि परिदृश्य को स्वच्छ बनाया जा सके। एसबीएम-जी का मुख्य परिप्रेक्ष्य केवल धन देना और अलग-अलग घरों में शौचालयों का निर्माण करना नहीं था, बल्कि लोगों के सामूहिक व्यवहार में बदलाव सुनिश्चित करना था। इसलिए, इस प्रमुख उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में हमारा दृष्टिकोण समुदाय आधारित संपूर्ण स्वच्छता (सीएलटीएस) की रूपरेखा पर आधारित था। यह एक ऐसा दृष्टिकोण था, जिसे पिछले 15-20 वर्षों की अवधि में कई देशों में आजमाया और परखा गया था। सीएलटीएस दृष्टिकोण ने समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया और उनके मूल्यांकन के आधार पर समाधान तैयार किये गये। इसने स्थानीय महिलाओं को प्राचीन काल से उनके द्वारा सामना की जा रही उदासीनता के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। हमारे गांवों की महिलाएं ही, खास कर मासिक धर्म और गर्भावस्था के दौरान, दिन के उषा-काल में खुले में शौच करने की प्रक्रिया का उचित वर्णन कर सकती हैं, चाहे सर्दी का मौसम हो या मानसून हो। घर में शौचालय का अभाव न केवल उनकी निजता और सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि यह उनके मूल अधिकारों पर भी एक हमला है।

महिलाएं ओडीएफ अभियान की सबसे बड़ी लाभार्थी हैं और इस कारण बड़ी संख्या में महिलाएं इस अभियान का नेतृत्व करने के लिए आगे आयीं और कार्यक्रम की सफलता की कुंजी बन गयीं। स्वच्छाग्रहियों के रूप में जानी जाने वाली 30 से 40 प्रतिशत महिला स्वयंसेवकों ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सामूहिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन की प्रक्रिया की शुरुआत की। महिला निगरानी समितियों ने खुले में शौच पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया। मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा इस अभियान की अगुवाई करने के साथ, महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला समाख्या समूहों तथा अन्य भी इस अभियान के साथ जुड़ गये। पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने भी कई स्थानों पर सक्रिय भूमिका निभायी। इन स्थितियों में निःसंदेह यह कहा जा सकता है कि पहले के स्वच्छता अभियानों की तुलना में महिलाओं की भागीदारी ने एसबीएम-जी की सफलता को सुनिश्चित किया। एक समूह द्वारा समर्थित अग्रणी महिलाओं ने पितृसत्तात्मक समाजों, जहां महिलाओं को नेतृत्व-भूमिकाओं में स्वीकार नहीं किया जाता है, में भी सामुदायिक व्यवहार में बदलाव लाने में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

यहां एसबीएमजी के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली कुछ महिलाओं के उदाहरण दिए गए हैं, जिन्होंने समुदायों के व्यवहार और सोच में व्यापक बदलाव लाने में सफलता हासिल की है।

त्रिची जिले के पुल्लमबाड़ी ब्लॉक के कोवंडाकुरिची ग्राम पंचायत की टीएम ग्रेसी हेलेन एक विशिष्ट स्वच्छाग्रही या एक अग्रणी महिला के बेहतरीन उदाहरणों में से एक हैं, जिन्होंने अपने समूह के अंदर और बाहर दोनों ही जगह कई लोगों को प्रेरित किया है। वे एक महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सदस्य के रूप में ग्रामीण लोगों के बीच सुरक्षित स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के तौर-तरीकों को बढ़ावा देने के लिए पिछले दो दशकों से अथक प्रयास कर रही हैं। उन्हें 2015 में एक स्वच्छता मास्टर ट्रेनर के रूप में पदोन्नत किया गया था। उन्होंने अपने जिले में सामुदायिक सक्रियता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए एक आदर्श प्रेरणा-स्रोत का खिताब हासिल किया। एसबीएम-जी के पहले चरण के दौरान, उन्होंने अपने ब्लॉक में 1520 लाभार्थियों को दोहरे गड्ढे वाले शौचालयों के निर्माण और उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनकी ग्राम पंचायत को खुले में शौच मुक्त बनाने में मदद मिली। उनके आत्मविश्वास से भरे दृष्टिकोण और मजबूत संचार कौशल ने उन्हें स्वच्छता जागरूकता फैलाने और अपने गांव में व्यवहारिक परिवर्तन लाने में एक प्रभावशाली व्यक्ति बना दिया। एसबीएम-जी के दूसरे चरण के तहत, ग्रेसी ने अपने गांव की ओडीएफ स्थिति को बनाये रखने में बहुत योगदान दिया। एक राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में, उन्होंने 2000 से अधिक प्रेरक व्यक्तियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, ग्राम गरीबी उन्मूलन समिति के सदस्यों, विभिन्न जिलों के एसएचजी सदस्यों और अन्य को प्रशिक्षित किया है।

एसइ पनघाटे इस बात का एक और उदाहरण हैं कि कैसे एक आम महिला अपने दृष्टिकोण, प्रतिबद्धता और दृढ़ता से समुदायों में परिवर्तन ला सकती है। पनघाटे महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के कोरपाना तालुका के पिंपलगांव की हैं और उन्हें 21 आदिवासी गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने पहले ग्रामीण स्तर के सरकारी पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित करने का निश्चय किया और उन्हें अपने गांव में स्वच्छता के लिए काम करने की प्रेरणा दी। उसके बाद उन्होंने सक्रिय पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया, ताकि वे स्वच्छता के बारे में प्रचार करें और गांवों के ओडीएफ होने के महत्व को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। पुरुषों और महिलाओं की इस टीम के साथ, पनघाटे ने गांव में बैठकें कीं और लोगों को शौचालय बनाने की आवश्यकता व महत्व के बारे में भरोसा दिलाया, जिससे खुले में शौच की प्रथा समाप्त हो गयी। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से उन घरों का दौरा किया, जहां शौचालय नहीं थे और उन्हें शौचालय बनाने के लिए राजी किया। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों में स्थायी स्वच्छता स्थितियों के लिए ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में भी काम किया। इन अग्रणी महिलाओं ने एसबीएमजी के प्रचार में असाधारण प्रदर्शन किया है और उनके जैसे कई अन्य वर्तमान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को दूसरों के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनाने की दिशा में अथक प्रयास कर रहे हैं।

(लेखिका : जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सचिव हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

मरांग बुरु रूसिका क्लब की खेलकूद प्रतियोगिता

झारखंडी संस्कृति को बचाये रखने के लिए युवाओं को आगे आना होगा : पलटन मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के कलाझोर गांव मे मरांग बुरु रूसिका क्लब द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता सह संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक प्रतिनिधि पलटन मुर्मू शामिल हुए। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मादर व ढोल नगाड़ा के ताल पर विधायक प्रतिनिधि का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे। मौके पर पलटन मुर्मू ने कहा झारखंड के संस्कृति को बचाये रखने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने बताया विधायक मंगल कालिंदी कब्जमकर सराहना की। उन्होंने कहा विधायक के अथक प्रयास से बड़ाबंकी नया प्रखंड बनने जा रहा है। इससे क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगी।

मौके पर उन्होंने हेमंत सरकार में विधायक मंगल कालिंदी की पहल पर तीन वर्ष की उपलब्धियों को ग्रामीणों के बीच साझा किया। इस अवसर पर युवा नेता रूस धीवर, पंचायत अध्यक्ष नागेन सोरेन, मलिन चन्द्र मुर्मू, छूटू सोरेन, संजय दास, राजाराम मुर्मू , पन्नलाल सोरेन, मंगल टुडू, टूकलू माझी, हीरालाल सहिस,प्रदीप कुमार,ग्राम प्रधान हीरो लाल टुडू, श्याम हांसदा, पीथो, टुडू, सुनाराम टुडू, मंगल हांसदा, सुरेश हांसदा, जोसेफ हांसदा डॉक्टर टुडू,रामू हांसदा, किशन टुडू सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

शहादत दिवस पर वीर शहीद सुनील महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की ओर से साकची स्थित जिला सम्पर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शनिवार को वीर शहीद सुनील महतो के 16 वॉ शहादत दिवस पर झामुमो नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प दे कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर शहीद सुनील महतो के यादगार को ताजा करते हुए उनके जीवनी पर झामुमो नेताओं ने बारी बारी से प्रकाश डाला। मौके पर पुर्व केन्द्रीय सदस्य सह झारखंड आंदोलनकारी नेता राज लकड़ा ने बताया जमशेदपुर लोक सभा में ढाई साल सांसद रहे शहीद सुनील महतो कार्यकाल किसी से छुपा नहीं है। जिले के सभी सामुदाय के लोगों में उनका एक अलग पहचान रहा। क्षेत्र की जनता उन्हें दिल से चाहते थे। किसी अनजान के फोन भी तुरन्त उठा कर बात करता थे। युपीए के सांसद रहने के बावजूत एनडीए के कार्यकर्ता की परेशानी भी कम करने में आगे रहते थे। दुर्भाग्य की बात है उन्होंने होली के दिन भी परिवार को छोड़कर 40 किलोमीटर दुर घाटशिला प्रखण्ड के बागुडिया गांव में आयोजित फुटबॉल मेच में मुख्य अतिथि के रूप में अंतिम वार उपस्थित रहे। जहा नक्सलियों ने गोलीयों से मार डाला। आज वीर शहीद सुनील महतो हम सबके बीच नहीं रहे लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य जनता के दिल मे यादगार स्वरूप बसा है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में ऐसा सांसद जमशेदपुर को दोबारा नहीं मिलेगी। वही संपर्क कार्यालय में मौजूद सैकड़ो झामुमो नेता व कार्यकताओं ने बारी बारी से स्वर्गीय सुनील महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रमोद लाल, शेख बदरूद्दीन, अजय रजक, फैयाज अहमद खान, मोहम्मद समद, प्रीतम हेम्ब्रम, लड्डू, बाल्ही मारडी, दुर्गा बोयपाई, झरना पाल, सविता दास, पिंटू लाल, उमानाथ झा, गुरमीत सिंह गिल, उमर खान, लड्डू सिंह, पिंटू चौधरी, शेखसालिम शाहजादा, रवि मुंडा, परवेज अख्तर, उज्जवल दास उपस्थित होकर वीर शहीद सुनील महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

क्वार्टर पर कब्जा, विधवा ने एसएसपी से लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर निवासी दिवंगत वकील राकेश रौशन की पत्नी निशा सिंह ने आज एसएसपी से मुलाकात कर उनसे अपने दो बच्चों एवं पति के क्वार्टर पर कब्जा दिलाने की गुहार लगायी। निशा सिंह तीन महीने पूर्व पति के निधन के बाद से ही अपनी संतानों एवं पति का क्वार्टर को पाने के लिए पुलिस प्रशासन सहित दर-दर की ठोकरें खा रही है। पीड़िता निशा सिंह ने बताया कि उसके पति राकेश रौशन का विगत 30 नवंबर, 2022 को टीएमएच में ब्रेन हेमरेज के कारण निधन हो गया था, लेकिन पति के निधन का दुख झेल भी नहीं पायी थी कि पति की दत्तक पुत्री प्राची रौशन, उसका पति सूरज कुमार व उसके अन्य संबंधियों ने संपत्ति के लालच में न सिर्फ उसके पति के गोविंद पुर स्थित क्वार्टर (230/2/7) में ताला जड़ दिया, बल्कि उसके दो नाबालिग बच्चों, बेटा आर्यन स्पर्श (12) एवं बेटी अनुष्का सृष्टि (11) को भी अपने साथ लेकर चले गये, तब से क्वार्टर के साथ ही दोनों बच्चे भी उनके कब्जे में हैं। वे लोग उसे क्वार्टर में भी नहीं घुसने देते और वह पड़ोसियों की दया पर जिंदा है।

चाईबासा प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा ने महिलाओं को किया जागरूक

चाईबासा (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर तथा राष्ट्रीय और राज्य महिला आयोग के सहयोग से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पश्चिमी सिंहभूम चाईबासा के तत्वावधान में सदर प्रखंड कार्यालय के सभागार में महिलाओं के बीच विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को भारतीय संविधान में विशेष अधिकार दिये गये हैं। क्षेत्र में डायन हत्या के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डायन बताकर किसी को प्रताड़ित नहीं किया जा सकता, यह कोरा अंधविश्वास है और कई बार आपसी दुश्मनी के कारण प्रतिशोध की भावना से उठाया कदम भी, किसी भी महिला या व्यक्ति को डायन या अपमान जनक शब्दों से संबोधित किया जाना अपराध की श्रेणी में आता है। डायन प्रथा प्रतिशेध अधिनियम के द्वारा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाती है। मौके पर सदर प्रखण्ड विकास पदाधिकरी श्रीमती पारुल सिंह ने भी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने को प्रेरित किया। एलएडीसी के चीफ सुरेंद्र प्रसाद ने भी लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि किसी तरह के हादसे के शिकार व्यक्ति या उसके आश्रितों को पीड़ित मुआवजा योजना के अन्तर्गत सहायता राशि भी प्राधिकार के माध्यम से दिए जाने का प्रावधान है। वैवाहिक संबंधों में विवाद पर भी भारतीय कानून व्यवस्था में महिलाओं के सरंक्षण पर कई व्यवस्था किये गये हैं। जानकारी के अभाव में लोग उसका लाभ नहीं ले पाते है। जेएससीपीसीआर के सदस्य विकास दोदराजका ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य है, किसी भी तरह की सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु प्राधिकार के कार्यालय में संपर्क करना चाहिए या लिखित आवेदन समर्पित करना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं, सहिया बहने सहित पीएलवी संजय निषाद, मो शमीम, अरुण विश्वकर्मा, नीतू सार और असीमा चटर्जी आदि उपस्थित थे।

झारखंड के कला संस्कृति को बचाये रखना मुख्य उद्देश्य : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के दक्षिण सरजामदा पंचायत स्थित जकता मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। ग्रामीणों ने सांस्कृतिक भूसा में ढोल नगाड़ा के साथ नृत्य प्रस्तुत करते हुए विधायक मंगल कालिंदी का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा झारखंड के कला संस्कृति आदिवासी समाज में जीवन से जुड़ा हुआ हैं।पूर्वजों के राह पर चल परंपरा की रक्षा करना व झारखंड की कला संस्कृति को बचाए रखना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुखिया नागी मुर्मू, जितेंद्र सिंह,बीस सूत्री सदस्य जुगल किशोर मुखी, समाजसेवी सोमा देवी, लालमोहन बोईपाइ, डोमन मुर्मू कृष्णा टुडू, गणेश महतो, बुंटू मुर्मू, बोगन सोरेन, श्याम चरण मुर्मू, कांटे सोय, बरियार मुर्मू, मझियां मुर्मू, राकेश चक्रवर्ती, विमल पॉल,नितिन हासदा, कार्तिक मछुआ, अविनाश उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण न्यूज

छापेमारी 42 बोतल अवैध विदेशी शराब जब्त, एक क्विंटल जावा महुआ नष्ट

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने होली के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाकर 6 पीस 180 एमएल का इंपीरियल ब्लू शराब, 36 पीस स्टर्लिंग तथा रिजर्व शराब बरामद की गयी। इसके अतिरिक्त शराब बनाने के लिए रखे गए छह ड्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि होली के मद्देनजर शराबबंदी को लेकर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें सोहबरिया गांव में राजेश चौधरी पिता अयोध्या चौधरी के घर से अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। राजेश चौधरी के खिलाफ मेराल थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। साथ ही दुलदुलवा गांव में दो घरों से करीब एक क्विंटल जावा महुआ बरामद हुआ जिसे पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

भवनाथपुर थाना के धनी मंडरा गांव में एक साथ उठी पति-पत्नी की अर्थी

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के धनी मंडरा गांव में शनिवार को एक साथ पति-पत्नी की अर्थी उठी। पति की मौत के 18 घंटे बाद सदमे में पत्नी की भी मौत हो गयी। घटना के बारे में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के धनी मंडरा निवासी 70 वर्षीय रामचन्द्र पासवान की शुक्रवार की देर शाम चार बजे मौत हो गई, वह दो माह से लकवा के कारण बेड पर थे। शनिवार के लगभग दस बजे शव को दाह संस्कार के लिए जैसे ही घर से बाहर निकाला गया अंदर पत्नी बचिया देवी की भी मौत हो गई। इस घटना की सूचना से पूरा गांव गमगीन हो गया। बाद में दोनों पति-पत्नी की एक साथ अर्थी उठी व दाह संस्कार किया गया। इस मौके पर पंडरिया पंचायत के मुखिया पति अनिल चौबे, महेंद्र पासवान, सुनील पासवान सहित लोग दाह संस्कार में शामिल हुए।

पिकप वाहन में लदा एक लाख पचास हजार रुपये का सखुआ का बोटा जब्त

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल क्षेत्र के चिनीया रनपुरा के चपकली मोड़ के पास से रंका वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा को गुप्त सूचना के आधार पर नियमित रूप से गश्त लगा रहे रंका वन कर्मियों ने लगभग एक लाख पचास हजार रुपये का सखुआ का बोटा अहले सुबह शनिवार को पिकप माल वाहन सहित पकड़ कर जब्त किया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि खुरी मसरा की ओर से एक पिकप 3.00 बजे भोर में तेज गति से गढ़वा की ओर जा रहा था जिसे देखकर रंका वन कर्मियों ने रोकना चाहा लेकिन पिकप चालक आहट को भांपते हुए तेज गति से भगाने लगा। वनकर्मियों ने पीछा करते हुए उसे चिनियां रनपुरा मोड़ के चपकली मोड़ के पास पकड़ा तो उसमें 13 बोटा सखुआ लदा पाया। किन्तु तब तक चालक हैंडल लॉक कर भाग चुका था। तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी और बोटा सहित पिकप गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। गश्ती दल में फारेस्टर अनिमेष कुमार, राहुल कुमार, राजीव पांडेय, प्रेमचंद दास, रंजीत सिंह, रामाशंकर प्रसाद गुप्ता, उमेश कुमार शामिल थे।

उप विकास आयुक्त ने कांडी प्रखंड में चल रही योजनाओं का लिया जायजा

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड में सरकार के द्वारा चल रही योजनाओं का निरीक्षण डीडीसी राजेश कुमार राय ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयं सेवक तथा प्रखंड कर्मियों के समक्ष पंचायत में चल रही मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास सहित कई कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कांडी रोजगार सेवक से योजना से जानकारी लेते हुए कहा कि श्रम आधारित योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा लें ताकि क्षेत्र से मजदूरों के पलायन को रोका जा सके। वहीं राणाडीह पंचायत सेवक व रोजगार सेवक के उपस्थित नहीं रहने पर शो काज करते हुए वेतन रोकने की बात कही। उसके अलावे प्रखंड में मनरेगा से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए गाड़ा खुर्द रोजगार सेवक की सराहना की तथा सबसे खराब प्रदर्शन घटहुआ व राणाडीह पंचायत के होने पर रोजगार सेवक व पंचायत सचिव को जमकर फटकार लगायी। उन्होंने घटहुआ कला पंचायत में एक भी दिन रोजगार नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। मझिगावां पंचायत 114, कांडी 107, राणाडीह, पतीला, में प्रधानमंत्री आवास योजना, टीसीबी सहित कई योजना पूर्ण नहीं होने पर कई महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिये। वहीं सरकोनी 3, चटनियां 3, पतरिया 2 आंगनबाड़ी केंद्र पेंडिंग रहने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उपविकास आयुक्त ने योजना को बिना देखे एमबी तैयार करने पर जेई को भी फटकार लगायी। कार्यक्रम में बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ अजय कुमार दास, प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय, बीपीओ कमलेश कुमार सहित सभी पंचायत के मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

मंत्री के कार्य को देख बौखला गये हैं भाजपा के लोग : धीरज

पहले अपने गिरेबान में झांकें विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी : तनबीर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि पलामू प्रमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा का जनाधार बढ़ रहा है। इसीलिए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भाजपा के आंखों के कांटा बन गये हैं।

मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि झामुमो के लिए बंजर रहे पलामू प्रमंडल में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर विगत चुनाव में सीट निकालकर पत्थर में दुब उगाने का काम किया था। गढ़वा के अलावे लातेहार में भी झामुमो सीट निकालने में सफल हुआ। भाजपा के लिए सेफ रहे पलामू प्रमंडल में झामुमो के तेजी से बढ़ते हुए जनाधार को देखकर भाजपा विधायक चिंतित हो रहे हैं, कई विधायकों की रातों की नींद उड़ गयी है। यही स्थिति विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का हो गया है। 2019 के विधानसभा चुनाव के पूर्व झामुमो वहां मजबूत दावेदारी में था। इसलिए उन्हें डर है कि 2024 में पुनः झामुमो उस विधानसभा में मजबूत स्थिति में उतरेगा। दशकों से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा विधायकों को मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने आईना दिखाने का काम किया है। एक जनप्रतिनिधि के रूप में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की चर्चा पूरे प्रमंडल में हो रही है। यहां तक कि भाजपा विधायक के क्षेत्र में जनता ने उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाना प्रारंभ कर दिया है। जनता उन्हें मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से सीखने तक की नसीहत देने लगी है।

पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी जैसे व्यक्ति से ईमानदारी की उम्मीद करना ही बेवकूफी है। विगत दिनों पांडू में कार्यकर्ता अनिल चंद्रवंशी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जबरदस्त भीड़ हुई और सैकड़ों लोगों ने झामुमो का दामन थामा था। इसी कार्यक्रम के बाद से उनकी स्थिति बिगड़ी है और वह बेबुनियाद आरोप लगाने का काम कर रहे हैं।

झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि कोई भी आरोप लगाने से पहले भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पहले अपनी गिरेबान में झांके। वर्ष 2016-17, 2017-18 में 11 हजार महिला के बंध्याकरण का लक्ष्य 10 पीएचसी में रखा गया था जिसमें से लक्ष्य के अनुसार 11 करोड़ 2 लाख 51 हजार 4 सौ 17 रुपया था। परंतु एक ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर, पलामू में 11 हजार महिलाओं को बंध्याकरण कराकर एनआरएचएम मद की पूरी राशि फर्जी तरीके से निकाल ली गया जो जांच का विषय है। जबकि किसी महिला का रजिस्टर में बंध्याकरण का भुगतान पंजी तथा नाम अंकित नहीं हैं। जिसकी सारी जानकारी बीटीटी विश्रामपुर सह पत्रकार रामेश्वर केशरी पर डाल दी गयी थी। जिसके उद्भेदन के डर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया प्रशिक्षण हॉल में बीटीटी सह पत्रकार की 16.05.2018 को हत्या करा दी गयी। जिसका विश्रामपुर थाना कांड संख्या 26/18 हैं, जो अभी तक अनुसंधान में हैं और परिजन न्याय की आस में हैं।

प्रेसवार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, बीस सूत्री उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, जितेंद्र दुबे, सुमित आदि मौजूद थे।

जीएन कॉन्वेंट स्कूल में उत्कृष्ट कार्य के लिए विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में वार्षिक त्रिदिवसीय सम्मान समारोह के समापन दिवस पर निदेशक मदन केशरी, उपप्राचार्य बीके ठाकुर और वरिष्ठ शिक्षकों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अपने संबोधन में निदेशक ने सबसे पहले वार्षिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं ने जो विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है यह स्कूली कार्यों सहित उनके सफल जीवन के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विद्यालय आपको शिक्षा और संस्कार से सजा-संवार रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर स्टैण्डर्ड एल केजी से लेकर स्टैण्डर्ड पांच तक के बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मेडल और गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। जबकि दूसरे दिवस पर स्टैण्डर्ड 6 से लेकर स्टैंडर्ड 8 तक के बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं समापन दिवस के अवसर पर स्टैंडर्ड 9 से लेकर 11 क्लास के बच्चों के बीच प्रशस्ति पत्र, मेडल और गिफ्ट प्रदान किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे योग दिवस, चित्रांकन, कलश सजाओ, दीप सजाओ, रंगोली प्रतियोगिता, राखी मेकिंग, आजादी का अमृत महोत्सव, निबंध लेखन, भाषण कला प्रतियोगिता आदि में अव्वल स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं के बीच क्रमानुसार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विनय दुबे, उदय प्रकाश, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, रिजवाना शाहिन नीलम केशरी, मुकेश भारती, सुनीता कुमारी, शिवानी कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

शुद्धि पत्र

सूचित किया जाता है कि पी०आर०नं० Pr. No. 289551 Drinking Water and Sanitation(22-23)-D के द्वारा ई–निविदा (तृतीय आमंत्रण) निविदा संख्या – 15 of 2022-23 प्रकाशित की गई थी जिसे एतद द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
गोन्दा, राँची

PR 291958 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

सांसद ने भाजपा के शक्ति केंद्र पर सरकार की उपलब्धियां गिनायीं

बरवाडी चोपन पैसेंजर को चालू कराने सहित विभिन्न मांगें रखी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। संसद वीडी राम ने शनिवार को प्रखंड के गोंदा गांव में स्थित देवी धाम के प्रांगण में भाजपा के शक्ति केंद्र पर बूथ संख्या 72 के ग्रामीणों को राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सत्र में दिए गए अभिभाषण का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनायीं। इस दौरान सांसद श्री राम ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी दी। जिसमें किसान सम्मान निधि योजना, ग्राम सड़क योजना, जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, कोरोना वैक्सीनेशन, पेंशन एवं मुफ्त राशन, पीएम आवास, स्वास्थ्य मिशन आदि पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान सांसद ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके निदान के लिए आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा गोंदा गांव का लाइफ लाइन किशुन बांध का जीर्णोद्धार कराने, देवी धाम से एनएच 75 तक पीसीसी रोड एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ-साथ चोपन बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन को जनहित में चालू कराने तथा मेराल ग्राम रेलवे स्टेशन पर पूर्व में ठहरने वाली पलामू लिंक एक्सप्रेस तथा त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस के साथ-साथ रांची चोपन एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की गयी।

कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश नेता अलख नाथ पांडेय, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे आदि ने भी संबोधित करते हुए सांसद तथा केंद्र सरकार द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री महेंद्र सिंह, मेराल मंडल उत्तरी एवं दक्षिणी सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, चंद्रमणि पाठक, महामंत्री राजेश यादव, श्याम लाल पासवान, शिवकुमार विश्वकर्मा, राधेश्याम यादव, रामलाल साह, माधव विश्वकर्मा, नंदू सिंह, हरे कृष्ण मेहता, मानिक यादव, सुदर्शन प्रजापति, वीरेंद्र साहू, दिनेश कुमार ठाकुर, बीडीसी कृष्ण देव प्रजापति, बिजेशवर प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, राम लखन साह, जयप्रकाश कुमार, सुभाष विश्वकर्मा बड़ी संख्या में लोग थे। कार्यक्रम का संचालन विजय मल साहू तथा धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार साह के द्वारा किया गया।

Office of The Executive Engineer
Building Construction Department Building Division, Garhwa.
VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER

Sealed Tenders are invited for **Renovation work of Circuit House at Garhwa under Garhwa Distt. For the year 2022-23.**by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **14-03-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **14-03 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **13-03-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **5000/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

Executive Engineer,
Building Division, Garhwa.

PR 291878 Building(22-23)D

भंडरिया थाना में होली एवं शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक

भंडरिया (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में होली एवं शबे बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में थाना प्रभारी दीपक राना, वीडियो विपिन कुमार भारती, सीओ मदन महली मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि होली सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें। होली पर्व में अश्लील गाने नहीं बजाएं, साथ ही ऐसा कोई काम नहीं करें जिससे दूसरे समुदाय की भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि अफवाह से बचें, सोशल मीडिया में यदि कोई अफवाह वाली खबर आए तो उसे कहीं फॉरवर्ड नहीं करें। अंचल पदाधिकारी मदन महली ने कहा कि सभी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की जरूरत है। थाना प्रभारी दीपक राणा ने कहा कि होली पर्व में कहीं कोई गड़बड़ी फैलाए तो इसकी सूचना तुरंत सुचना थाने को दें। बैठक के बाद लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। मौके पर एएसआई संजय यादव, रूप निरंजन सिन्हा, सुशील सिन्हा, उप प्रमुख श्रद्धा देवी, मुंशी रहमान, हरिदास तिर्की, विनोद गुप्ता, लव कुमार यादव, करचाली मुखिया मोनिका खलखो, प्रवणता देवी जिला परिषद सदस्य हिरवंती देवी, निर्मल ठाकुर आदि लोग शामिल थे।

ई-प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (2nd Call)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/GIRIDIH/28/2022-23 दिनांकः– **28.02.2023**

1.	कार्य का नाम	**Essential Tourism Development Work in Dhukiya Mahadeo Mandir at Giridih Block, distt. Giridih.**
2.	प्राक्कलित राशि (रू०)	Rs.**97,25,400/-** (Ninety Seven Lac Twenty Five Thousand Four Hundred) Only
3.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	07 **(Seven) Month**
4.	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	**21.03.2023** 12.30 अपराह्न तक
5.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	**15.03.2022**
6.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग।
7.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	06546–222640
8.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	06546–222640

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 291868 Building (22-23)_D

कार्यक्रम : अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का गढ़वा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

मैं देश के किसी भी क्षेत्र में रहूं गढ़वा सदैव मेरे अंदर मेरे साथ चलता है : याज्ञवल्क्य

मां गढ़देवी के दर्शन के बाद रामलला मंदिर से उमंग वाटिका नवादा मोड़ तक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के निर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का गृह जिला गढ़वा पहुंचने पर अभाविप कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया है। याज्ञवल्क्य शुक्ल राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित होने के बाद पहली बार गढ़वा पहुंचे हैं। मां गढ़देवी के दर्शन के बाद रामलला मंदिर से उमंग वाटिका नवादा मोड़ तक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी एवं उमंग वाटिका के हॉल में स्नेह मिलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी, किरण कुमारी, प्रो. सत्यप्रकाश चौधरी और नगर मंत्री अखिल कुमार ने दीप प्रज्वलन कर की। अपने गृह जिला गढ़वा में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभाविप के महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि मैं देश के किसी भी क्षेत्र में रहूं गढ़वा सदैव मेरे अंदर मेरे साथ चलता है। लेकिन आज अपनी इस जन्म भूमि पर इतने बड़े कार्यक्रम में उपस्थित होने का अवसर प्राप्त होने से अभिभूत हूं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक यात्रा की शुरुआत का जिक्र करते हुए कहा कि यहां के कार्यकर्ताओं का मनोबल शुरू से ही हिमालय के समान अडिग और दृढ़ रहा है और इसी धरती ने मुझे सदैव समाज पर युवाओं के लिए संघर्ष करने हेतु प्रेरित किया है। भारत 54% युवाओं का देश है। देश के सबसे बड़े युवा जन समूह की ऊर्जा भारत के नवनिर्माण में सही दिशा में लगे इस उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय कैंपस से समाज के प्रत्येक समूह तक युवाओं में राष्ट्र की भावना की प्रेरणा जागरूक हो इस दिशा में निरंतर कार्य करता है। इसी का परिणाम है कि भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने का गौरव प्राप्त किया है। श्री शुक्ला ने कहा कि हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि महाविद्यालय से छात्र राजनीति की यात्रा से राष्ट्रीय स्तर पर सुशोभित होने का मौका मिलेगा। हम जैसे गढ़वा के छोटे से गांव के सामान्य कार्यकर्ता को राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व मिलना विद्यार्थी परिषद में ही संभव है। श्री शुक्ला ने कहा कि भारत के युवाओं के कंधे पर बहुत बड़ी जवाबदेही है। आज के परिवेश में विश्वविद्यालय कैंपस में कुछ ऐसे संगठन पनप रहे हैं जो राष्ट्र को खंडित करने की दिशा में जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं, परंतु परिषद के कार्यकर्ता इनकी मंसा को कभी सफल नहीं होने देंगे। ऐसे संगठन को आने वाले समय में परिषद के कार्यकर्ता जवाब देंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता व पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, पूर्व सांसद बृजमोहन राम, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान, एससी मोर्चा के प्रभारी गौरव दुबे, पूर्व विश्वविद्यालय संयोजक राकेश पाठक, आशीष वेद, धीरेंद्र चौबे, धनंजय सिंह, डॉक्टर भारद्वाज शुक्ला, प्रशांत चौबे, बालमुकुंद दुबे, कंचन रवि, अविनाश पासवान, समाजसेवी दौलत सोनी, विवेक सिन्हा, अंकित दुबे, विभाग प्रमुख सुखदेव पांडे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ उमेश सहाय, विभाग संयोजक मंजूल शुक्ला, जिला प्रमुख प्रोफेसर मनोज पाठक, जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी, संयोजक सुरेंद्र दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक चौबे, शुभम तिवारी, स्नेहित केसरी, श्रीकांत सोनी, प्रिंस सिंह, राजा यादव, पंकज चौबे, कौस्तुभ तिवारी, हरिओम तिवारी, कॉलेज अध्यक्ष रोबिन कश्यप सहित कई लोग उपस्थित थे।

MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Notice
Very Short Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-27/2022-23
Date – 03/03/2023

1.	Date of Publication of Tender on website	09/03/2023 up to 5.00 PM
2.	Last date/Time for receipt of bids online	16/03/2023 up to 5.00 PM
3.	Last date for receipt of bids fee and security	17/03/2023 up to 3.00 PM
4.	Date of opening of Tender	18/03/2023 up to 1.00 PM
5.	Last Date for Receipt of e -Tender Hard Copy of Bid's Fee, Security & Other Document's at	Assistant Engineer,Minor Irrigation Sub Division, Senha.
6.	Name & address of office inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga
7.	(a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer	9123447790 midloh632@gmail.com
8.	Helpline Number of e-Procurement cell	8877165718

Details of Works :-

Sl. No	Block	Name of Work	Estimated Cost (in Lac)	Cost of BOQ (in Lac)	Earnest Money (in Lac)	Last Date of Work Complition
1	2	3	4	5	6	7
1	Kisko	Repairing of Checkdam on Ghoghat Nala Salaiya at Vill – Kisko.	19.96000	0.5000	0.40000	3 Months
2	Peshrar	Construction of Checkdam on Rorad Kedli Nala near Basudeo Oraon's Field at Vill – Rorad.	62.83100	0.10000	1.25700	11 Months

Note: - Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

PR 291917 (Lohardaga) 22-23*D

बालू घाट के डीएसआर संबंधित बैठक आयोजित

लोहरदगा। उपायुक्त की अध्यक्षता में बालू घाट के डीएसआर संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक डीएसआर अंतर्गत बालू घाटों के सर्वे समेत अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी और आवश्यक निदेश खनन पदाधिकारी को दिये गये। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, एसडीओ, खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रिजनल अफसर गोपाल झा, भूतत्व निदेशक जया केरकेट्टा, कंसल्टेंट उपस्थित थे।

विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोहरदगा। राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली के समन्वित प्रयास से दिनांक 04.03.2023 से 11.03.2023 तक पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह मनाया जा रहा है। झालसा रांची के निर्देश पर एवं डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में डालसा लोहरदगा भी 04 मार्च 2023 से लोहरदगा जिला के विभिन्न स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पीएलवी के सहयोग से प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल कारा लोहरदगा में संसीमित महिला कैदियों से की गयी। उपस्थित महिला कैदियों से अधिवक्ता मोमीना खातुन ने महिला अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के बारे में बतलाया तथा किस तरह जिला विधिक सेवा प्राधिकार से महिलाएं इसका लाभ ले सकती हैं मौके पर जेलर सुबोध कुमार भी उपस्थित थे।धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ महिलाओं को लेकर कानूनी जागरूकता शिविर का समापन किया गया।

होली को लेकर शांति समिति का बैठक हुई

सेन्हा-लोहरदगा। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी धनंजय पासवान के निर्देश पर ए एस आई राजेश शर्मा के नेतृत्व में होली व शब-ए-बरात पर्व शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा और बुटी ग्राम मे शांति समिति का बैठक आयोजन कर ग्रामीणों को शांति, प्रेम व भाईचारा के साथ त्योहार मनाने का दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देश देते हुए कहा गया कि त्योहार के दौरान अश्लील और भड़काऊ गाना नही बजाना है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने का भी सख्त निर्देश दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य मन्टू साहु, रामपती देवी के अलावे अफजल अंसारी, राजेश जायसवाल, अमानुल्ला अन्सारी, गंदूर उरांव, सराफत अन्सारी, धर्मदेव महतो, करमा उरांव, मुमताज अंसारी, जहीरुद्दीन अन्सारी, रामदेव महतो, नूरहसन अन्सारी सहित दोनों समुदाय के गणमान्य सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप से पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा शुक्रवार सुबह अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए ट्रैक्टर मालिक लक्ष्मण उरांव एवं चालक नवीन उरांव को गिरफ्तार कर शुक्रवार देर शाम जेल भेजा गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर मालिक द्वारा पुलिस का रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक को अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एवं खनन विभाग का राजस्व क्षति करने के आरोप में सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में तथा पुलिस का रैकी करने के आरोपी के विरुद्ध खनन एवं परिवहन विभाग कारवाई करते हुए सेन्हा थाना में कांड संख्या 30/23 दर्ज कर दोनो आरोपी अभियुक्त को लोहरदगा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात मंडल कारा लोहरदगा भेजा गया।

मरंगलोइयां में हाथियों ने फसल को किया नष्ट, जायजा लेने पहुंचे भाजपा नेता

बालूमाथ। मरंगलोइयां पंचायत के जिलांगा, हेब्ना एवं मरंगलोइयां ग्राम में बीते रात हाथियों के झुंड ने दर्जनों किसानों के खेत में लगे फसल को नष्ट करते हुए पूरा खेती को बर्बाद कर दिया। महीनों की मेहनत बर्बाद हो गए। हेबना में नुकसान होने वाला का नाम राजकुमार प्रसाद हीरालाल महतो लालदेव महतो मोहन लटूरी महतो भागीरथ महतो माना गंजू जिलंगा में विशेश्वर महतो दामोदर महतो शिबू माथुर सिकंदर महतो दामोदर महतो अरविंद माथुर दशरथ महतो परमेश्वर महतो चरकु कुमार बालकिशन माथुर जानकी देव मिथलेश महतो अनूप वर्मा शिव नारायण महतो के खेत में लगे फसल को हाथियों के झुंड ने साफा चट कर दिया जिस से सभी किसानों को लाखो का नुकसान हो गया। वन विभाग को जानकारी देने के बाद वन कर्मी पिटु कुमार अपने दल बाल के साथ पहुंच किसानों के हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद जल्द से जल्द सभी के नुकसान का मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पीड़ित किसानों के बीच पहुंच खेत में बर्बाद फसल का जायजा लिया। और वन कर्मियों को हर एक पीड़ित किसान का मुआवजा जल्द से जल्द देने की बात कही। मौके पर अनूप वर्मा चरकू महतो कामेश्वर महतो सुरेश महतो परमेश्वर महतो शिबू महतो प्रमोद महतो समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

नाबालिग बच्ची के शादी पर लगी रोक

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत में एक नाबालिग बच्ची की विवाह की सूचना पर बीडीओ, थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह बाल संरक्षण के सदस्यों द्वारा आवश्यक पहल के बाद नाबालिग बच्ची के विवाह पर रोक लगाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड के मोरवाई पंचायत निवासी अनिल साहू के 14 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी का विवाह छिपादोहर के जुरूहार निवासी बिहारी सिंह के पुत्र के साथ तय हो गया था। जिसमें 9 मार्च को तिलक कार्यक्रम एवं 12 मार्च को शादी की तिथि निर्धारित किया गया था। जानकारी हो कि नाबालिक बच्ची सुमन कुमारी प्रखंड के मोरवाई कला विद्यालय में दसवीं की छात्रा है। विद्यालय में शादी की जानकारी होने पर प्रेरणा संस्था द्वारा लोगों को जागरूकता कार्यक्रम के तहत नाबालिक बच्ची की विवाह नहीं करने एवं इस पर होने वाली कार्रवाई की भी जानकारी दी ग्वी। लेकिन इसके बावजूद भी नाबालिक बच्ची की विवाह पर रोक नहीं लगी। इसी बीच जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय एवं बाल संरक्षण के रागिनी सिन्हा, शंभू प्रसाद टीम को दी गयी।

सभी मतदान केंद्रों को सशक्त बनाना उद्देश्य : मनीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। भाजपा की पंचायत स्तर पर अल्पकालीन विस्तारक की कार्यशाला हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने की एवं मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता सिंह थी। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने 89 शक्ति केंद्र से आये भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा ने 2014 से चुनाव लड़ने की जो रणनीति बनायी थी उसमें मतदान केंद्र को और सशक्त बनाने हेतु शक्ति केंद्र को सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। उसके निमित्त आज के बैठक उन शक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं के साथ हो रही है। जो देश एवं अपने क्षेत्र में विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता सिंह ने कार्यकताओं से कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की सोच भाजपा की है। लोहरदगा जिला के सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक उनकी मूलभूत आवश्यकताएं पहुंच रही है। आजादी के 70 वर्षों तक जिन गांव में बिजली नहीं पहुंची थी वहां तक बिजली पहुंचाने का भी काम कर रही है। आप सभी कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों को सशक्त बनाना है। मतदान केंद्र में बैठक कर मतदान केंद्र समिति को और भी सशक्त बनाने के कार्य करते हुए वहां रहने वाले जनता को बताना है कि कमल के निशान पर मतदान करने के कारण नरेंद्र मोदी की सरकार बनी जिससे मोदी सरकार ने गरीब कल्याण के लिए प्रयास किया। सांस्कृतिक उत्थान हुआ व सुरक्षा मिली। मतदाता के महत्व को भी बताना है। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, हर्षनाथ महतो, पशुपतिनाथ पारस, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत, सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बाल कृष्णा सिंह, अनिल उरांव, विजय कुमार महतो, जगनंदन पौराणिक, मीना बखला, विवेक प्रजापति, सुरेश बैठा, शशि प्रसाद, वरुण बैठा, यदुनंदन तिवारी, सुधांशु कुमार, दुबराज वर्मा, आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद, खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया

लोहरदगा। बीएस कॉलेज स्टेडियम में जिला प्रशासन के द्वारा चल रहा क्रिकेट कोचिंग सेंटर में बच्चे क्रिकेट का निःशुल्क प्रशिक्षण ले रहे हैं। शनिवार को बच्चों के बीच कुडू एकादश बनाम लोहरदगा एकादश टीम बनाकर मैच खेला गया। जिसमें लोहरदगा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। मैच के दौरान राज्यसभा सांसद ब लोहरदगा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू मैदान में पहुचकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने जिला प्रशासन को निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण कराने के लिए धन्यवाद भी दिया। कोच अमित कुमार को उनके सराहनीय काम के लिए बधाई दिए। उन्होंने बच्चों से कहा कि अच्छे से मन लगाकर आप लोग क्रिकेट खेलिए। किसी प्रकार के सहयोग के लिए हम हमेशा आपके साथ खड़े हैं। लोहरदगा से अच्छे और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सके इसके लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इधर कुरु की टीम बैटिंग करने उतरी निर्धारित 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 172 रन बनायी।

आंदोलनकारियों का जिला सम्मेलन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। जिला मुख्यालय अंतर्गत आदिवासी ओसावोड़ा में झारखंड आंदोलनकारी का जिला सम्मेलन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुरलीधर प्रसाद ने किए एवं सभा का संचालन चिन्हित झारखंड आंदोलनकारी सत्येंद्र सिंह ने किया। इस जिला सम्मेलन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए झारखंड आंदोलनकारी साथी अपने अपने बातों को रखा। झारखंड सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि झारखंड बने 23 साल होने को है। लेकिन आज तक पूर्ण रूप से झारखंड आंदोलनकारियों का चिन्हितिकरण नहीं हो पाया है। जिसके कारण सभी आंदोलनकारी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि हमने अपने जवानी पूरे झारखंड अलग कराने में गवा दिए। आज कई साल बीत जाने के बावजूद भी किसी तरह का सरकार के द्वारा मान सम्मान ना पेंशन दिया जा रहा है। जिसमें अध्यक्ष के रूप में सत्येंद्र सिंह सचिव नंदकिशोर सिंह कोषाध्यक्ष बृजलाल गुप्ता एवं इस मंच के संरक्षक के रूप में एडवोकेट बिरसा मुंडा रंतु उरांव प्रभात में मुटकुम राम प्रमोद गंझू जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शिवलाल उरांव सुरेश उरांव दिनेश चंद्रवंशी हीरा नाथ राम धुरबिगन सिंह विष्णु देव गंजू महेश भगत प्रमोद गंजू सुजीत कुमार नागदेव राम शंकर उरांव लालू उरांव को बनाया गया सभी नव चयनित पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया एवं संयुक्त रूप से शपथ ग्रहण कराया गया। मौके पर वीरेंद्र ठाकुर आफताब आलम खान राजू भास्कर कन्हाई सिंह नागेंद्र प्रसाद महाभारत पुराण धनेश्वर उनाव शंकरुड़ा महेश गंजू फूलचंद गंजू नानू गंजू दीनानाथ राम मकसूद आलम सुजीत कुमार मुकुम राम रमेश यादव डॉक्टर प्रभात मींस विश्वनाथ प्रसाद अनिल मींस ननकू साहू अली हुसैन लल्लन तुरी दिनेश चंद्रवंशी उदय बोदरा विनोद प्रसाद सिंह प्रमोद भगत महेश्वरा सुरेंद्र भगत विजय प्रसाद रामपाल उनाव गोपाल सिंह गुलाब प्रजापति विष्णु देव गंजू प्रमोद गंजू भुवनेश्वर गंजू कल्पना देवी कौशल्या देवी मैत्री कुंवर सविता देवी आदि लोग मौजूद थे।

किशोरों के मानसिक विकास के लिए क्षेत्र भ्रमण जरूरी : रंजन

इसके अलावा प्रज्ञा केंद्र, आरएसईटीआइ, जिला नियोजनालय एवं आइसीडीएस का भी भ्रमण कराया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले में संचालित सेंटर फोर कैटालाइजिंग चेंज संस्थान के नेतृत्व में किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट के जनवल एंव होंदगा लालपुर गांव के किशोरों को विभिन्न सरकारी सेवा प्रदत संस्थानों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें युवा मैत्री केंद्र, प्रज्ञा केंद्र, प्रखंड कार्यालय, आईसीडीए स, जिला नियोजनालय, बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा का सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के द्वारा भ्रमण के दौरान किशोरावस्था के लोगों को इन संस्थानों में दी जाने वाली सेवा की जानकारी दी गयी। जिसमें युवा मैत्री केंद्र की सलाहकार सीता कुमारी के द्वारा युवा मैत्री केंद्र में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इसके अलावा प्रज्ञा केंद्र, आरएसईटीआई, जिला नियोजनालय एवं आईसीडीएस का भी भ्रमण कराया गया। जहां पर संस्था के संचालक एवं अधिकारियों ने संबंधित संस्थान के द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला नियोजनालय के अधिकारियों ने सभी किशोरों को अपना रजिस्ट्रेशन कराने की सलाह दी। उन्होंने आईटीलैब एवं पुस्तकालय का भ्रमण कराया जिसे देख सारे किशोर काफी उत्साहित नजर आए। इधर सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के समन्वयक रंजन कुमार एवं नंदलाल कुमार ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि 10 से 19 वर्ष के किशोरों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराना एवं संस्थानों के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण से उन्हें वास्तविक जानकारी उपलब्ध हो पाए ताकि किशोर इन सभी सेवाओं का सही तरीके से उपयोग कर सके। मौके पर कई कर्मी मौजूद थे।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

हेरहंज-(लातेहार)। आजीविका महिला संकुल संगठन में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आजीविका महिला संकुल संगठन जेएसएलपीएस के द्वारा अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारम्भ संकुल संगठन के अध्यक्ष-राजेश्वरी देवी,सचिव-सुमन देवी,कोषाध्यक्ष-मिना देवी,,सलैया उप मुखिया-मिना देवी व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में विस्तार रूप से चर्चा किया गया साथ ही साथ महिलाओं को आर्थिक,सामाजिक रूप से स्वालंबन के क्षेत्र में आगे बढ़ने को दिशा में योजना बध तरीके से कार्य करने पर चर्चा किया गया इस कार्यक्रम में संकुल संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दीदी कैडर को सम्मानित किया गया। जिसमे सोनी देवी सलैया, रीता देवी चुकु,उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम संगठन हेरहंज आजीविका महिला ग्राम संगठन एवं नवादा आजीविका महिला ग्राम संगठन, बेस्ट वीओए प्रतिमा कुमारी हेरहंज, राजमणि कुमारी नवादा को क्लस्टर संगठन के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शिव कुमार, सीसी बसंती देवी, आईपीआरपी चंद्रेदीप सिंह, बैंक सखि कविता कुमारी, सीएलएफ अल्बीना कुजूर, अंजू देवी समेत काफी संख्या में समुह की महिलाए उपस्थित थी।

लोहा लादे दो बाइक सवार गिरफ्तार

चंदवा। चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट स्थित गुप्त सूचना के आधार पर नवाटोली ग्राम से दो क्विंटल लोहे के साथ दो व्यक्ति गिरफ्तार वही बाइक भी बरामद किया गया चंदवा पुलिस के लगातार छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गयी है गिरफ्तार व्यक्ति राजकुल मंडल और वाहिद शेख मालदा का रहने वाला है। वही दिनांक 4/3/23 कांड संख्या 52/2023 आईपीसी 379/411 के तहत मामला दर्ज कर लातेहार मंडल कारा भेज दिया है। वही इस छपेमारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के साथ एएसआई भीम कुमार के साथ सदर बल शामिल थे।

होली मिलन समारोह का आयोजन

बारियातु। अखिल भारतीय नाई समाज की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें समाज के लोगों ने एक दुसरे को रंग गुलाल लगाया और मिठाईयां बांटी। वही होली के गीतों से खुब झुमे। इसके पुर्व समिति के प्रखंड अध्यक्ष श्रवण ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि होली झारखंड के लोगों के लिए मुख्य त्योहार है। इसमें सभी एक दुसरे को गिला शिकवा भुलाते हुए रंग गुलाल लगाया जाता है। जबकि की मिडिया प्रभारी मनोज ठाकुर ने सामूहिक होली गित गा कर लोगों को खुब झुमाया। मौके पर रमेश ठाकुर, लक्षमण ठाकुर,कमल ठाकुर, कौलेश्वर ठाकुर, कामेश्वर ठाकुर, शाहदेव ठाकुर, कैलाश ठाकुर, राजन ठाकुर,फनिक ठाकुर,रघुनन्दन ठाकुर, संजय ठाकुर, शंभु ठाकुर, हिरा ठाकुर, पप्पू ठाकुर, रविंद्र ठाकुर, देवनारायण ठाकुर, मनटु ठाकुर, अनिल ठाकुर सहित कई समाज के लोग मौजूद थे।

तमिलनाडु में फंसे बेटे की वापसी के लिए पिता ने जिप सदस्य व उपायुक्त से लगायी गुहार

मनिका। लातेहार जिले के मनिका प्रखंड थाना क्षेत्र के बजरमरी टोला निवासी सुरेंद्र रजक ने शनिवार दिन को प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित जिला परिषद कार्यालय पहुंच कर जिप सदस्य से तमिलनाडु से अपने बेटे की सही सलामत घर लाने की गुहार लगायी है। बेटे की सलामती की गुहार लगाते हुए जिप सदस्य को अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा की उसका बेटा श्रवण कुमार रजक जो तमिलनाडु के त्रिपुर जिला के कांगियन में बीपीएम कम्पनी मे कार्यरत है। उक्त राज्य मे हिन्दी भाषीयो पर लगातार हमले किये जा रहे है। लोगों को मारा पिटा जा रहा है। मेरे बेटे को भी जान का खतरा है। वो वापस अपना घर आना चाह रहा है। परंतु जिस जगह पर वह रह रहा है वहां से अपना राज्य झारखंड आना मुश्किल है। उसके बेटे ने फोन से बातचीत के क्रम मे बताया की वहां पर यूपी बिहार झारखंड जैसे राज्य जहां पर हिन्दी बोली जाती है। वैसे मजदुरो को स्थानीय लोगो के द्वारा मारा पिटा जा रहा है। तमिलनाडु मे फंसे अपने बेटे की सकुशल वापसी की गुहार लगाते हुए पिता के सामने ही जिप सदस्य ने जिले के उपायुक्त से फोन पर बात किया। इस दौरान उपायुक्त ने जिप सदस्य को एक आवेदन के साथ भुक्तभोगी परिजन को जिला उपायुक्त कार्यालय भेजने की बात कही व सकुशल वापसी का भरोसा भी दिलाया। उक्त मौके पर जिप सदस्य के अलावा मोहन ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

ग्रामीणों ने कल्याण विभाग पर चार कब्रिस्तान पर अवैध चारदीवारी बनाने का लगाया आरोप

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखंड के चुंगरु पंचायत के ग्राम नावाडीह में कल्याण विभाग के द्वारा अवैध ढंग से चार कब्रिस्तान में चाहरदीवारी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं इस मामले को लेकर शुक्रवार को भुनेश्वर प्रसाद दिनेश कुमार बैजनाथ महतो दुखन सिंह विशाल गिरी राज देव प्रजापति शिव कुमार साहू अजय प्रसाद गुप्ता सतीश नंदू यादव कुंदन कुमार विद्या महतो समेत दर्जनों ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ सह सीओ के नाम आवेदन देते हुए नावाडीह में कुल 10 मुस्लिम परिवार का घर है। जिनके लिए चार कब्रिस्तान में कल्याण विभाग द्वारा चाहरदीवारी कराया जा रहा है। जो पूरी तरह से अवैध है। ग्रामीणों ने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा जो चाहरदीवारी बनायी जा रही है। ग्रामीणों ने सीओ से जमीन का मापी कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वही सीओ ने बताया कि इस मामले को जांच कर जल्दी सुलझा दिया जायेगा। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन पहले छिपादोहर थाना परिसर में थाना दिवस पर भी यह मामला आया था। उस दौरान भी दोनों पक्षों के बीच वाद विवाद हुआ था। जिसके बाद अंचलाधिकारी ने जल्द मापी कराने की बात कही थीं।

जय श्री राम समिति का होली मिलन समारोह आयोजित

लोहरदगा। जय श्री राम समिति लोहरदगा के द्वारा स्थानीय अग्रसेन भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में भजन मंडली के द्वारा फगुआ के मधुर गीत का गायन किया गया। जिससे पूरा माहौल होलीमय हो गया। ढोलक ताल मृदंग आदि वाद्य यंत्रों के माध्यम से फगुआमय वातावरण में सभी ने गोते लगाए। इस दौरान अबीर गुलाल से लोग होली मनाएं एवं फगुआ के गीतों पर झूमते नजर आए। मौके पर मोहन दुबे, परमेश्वर साहू रोहित साहू, गुड्डू राय, अजय सोनी, संजय नायक जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, हेमन्त वर्मा,जिला महामंत्री अजय साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, प्रदीप साहू, अनुज कुमार, विक्की कसेरा, विनोद प्रसाद, जितेंद्र साहू, लखन उरांव, नगर अध्यक्ष दीपक साहू,महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता देवी, बेली दाम, पूर्णिमा देवी, अजय सिंह, उपेंद्र सिंह, आदित्य साहू, दीपक महतो समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

Jharkhand Institute of Craft & Design (JICD),Ranchi
(A Government of Jharkhand undertaking)
Udyogbhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

NOTICE
Regarding advertisement no.01 dated 14.11.2022

It is informed to all the candidates applied for various posts in Jharkhand Institute of Craft & Design (JICD), Ranchi against advertisement no.01 dated 14.11.2022 that the scrutiny list of candidates has been published at www.jharkhand.gov.in. Claims if any can be lodged at e-mail: jicd.ranchi@gmail.com by 13.03.2023.

Sd/-
Director
Jharkhand Institute of Craft & Design (JICD)
Ranchi
PR.NO.291926 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (22-23):D

राजद नेता का कार्यकर्ताओं ने किया से स्वागत

मनिका। लातेहार जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव के आवास में शनिवार दिन को वरिष्ठ राजद नेता चतरा विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष यादव का राजद कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर सुबास यादव ने पार्टी की स्थिति को दुरुस्त करने व पंचायत स्तर तक राजद का विस्तार करने और सदस्यता अभियान चलाकर दल से मजबूत साथियों को जोड? पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी उन्हें मौका देगी तो पुनः चतरा संसदीय क्षेत्र से राजद के टिकट पर फिर से चुनाव लड़ूंगा। लोगों का समर्थन और आशीर्वाद मुझे हमेशा मिला है। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद जिस-जिस विधानसभा में मजबूत रहेगी वहां से राजद का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा।

सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय में विज्ञान एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन

जीवन को आसान बनाता है विज्ञान : शशिधर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शनिवार को विज्ञान एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया`कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा नगर क्षेत्र में विद्या भारती विद्यालयों के प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष विनोद एवं अजय प्रसाद और प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ सी वी रमन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों का स्वागत और परिचय महिला आचार्य नीतू कुमारी ने कियो विज्ञान प्रदर्शनी में सुभाष उरांव, अंकित टोप्पो, रोहन उरांव, मुकेश उरांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इन्होंने वॉटर डिस्टलेशन परआकर्षक मॉडल बनाया। दूसरा स्थान आर्यन साहू ने प्राप्त किया। इन्होंने हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट पर बहुत ही सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया। तीसरा स्थान शशि कच्छप, सुषमाभिषेक लकड़ा, सुहानी टोप्पो एवं सोनी उरांव की टीम ने प्राप्त किया' इन्होंने ह्यूमन बॉडी की संरचना पर बहुत ही सुंदर मॉडल बनाया। हस्तकला प्रदर्शनी में सोनी कुमारी, रीना कुमारी तथा रोशनी उरांव की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान आशीष तिर्की एवं विकास उरांव की टीम और तीसरा स्थान पूनम कुमारी तथा प्रियंका उरांव की टीम ने प्राप्त किया। विज्ञान प्रदर्शनी में रिया कुमारी, ईशा कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सृष्टि श्रेया बागे, पायल वर्मा, अवंतिका कुमारी पुजारी, आकर्षी कुमारी, तनु कुमारी, बबली कुमारी, सोनाली मिंज, सोनी कुमारी, विक्की टोप्पो, रौशन उरांव, अंशु उरांव, आदित्य कुमार, रेहान फजल, आदित्य उरांव, अभिषेक तिग्गा, अमन उरांव, रोहित कुमार साहू, सत्यम कुमार, रामनंदन साहू, लाल अभिषेक नाथ शाहदेव, आशुतोष कुमार साहू, अंकित कुमार साहू,विष्णु साहू, राजन साहू, अमित मुंडा, रोहित उरांव, रोहित उरांव, उज्जवल जयसवाल, अल्फा कुजूर, कोमल कुमारी साहू, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया।

झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड
CIN U40108 JH2013 SGC 001603
निगम कार्यालय : अभियंत्रण भवन, एचoईoसीo, धुर्वा, राँची–4
(कार्मिक विभाग)

आवश्यक सूचना

सरकार के अवर सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार का कार्यालय आदेश संख्या 16 ज्ञापांक 395 दिनांक 27.02.2023 के आलोक में पंचम झारखण्ड विधानसभा का एकादशबजट सत्रा दिनांक 27.02.2023 से 24.03.2023 में पूछे जाने वाले विधानसभा प्रश्नोंकेस समय निष्पादन हेतु दिनांक 04.03.2023 (शनिवार) एवं दिनांक 18.03.2023 (शनिवार)को झारखण्ड ऊर्जाविकास निगम लिमिटेड एवं अनुषंगीकम्पनियों के कार्यालय सामान्य दिनों की भाँति खुला रहेगा। अतः सभी पदाधिकारी/कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतोंको टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्जकरायें।

Sd/-
(सुनील दत्त खाखा)
महाप्रबन्धक (कार्मिक–सह–सामान्य प्रशासन)

PR 291938 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(22-23)D

युवा संसद महोत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व कर लौटे गौरव तिवारी को उपायुक्त ने किया सम्मानित

गुमला (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव संसद भवन दिल्ली में 1 एवं 2 मार्च को संपन्न होने के बाद झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व कर लौटे गुमला के गौरव तिवारी का गुमला में भव्य स्वागत किया गया। गौरव के गुमला लौटने के बाद जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव ने मुलाकात कर दिल्ली में हुए पूरे कार्यक्रम की जानकारी ली। प्रमाणपत्र पत्र देकर सम्मानित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर जिले से चयनित होकर गौरव ने क्षेत्र के युवाओं के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने अनुभव एवं ज्ञान को अपने कॉलेज तथा जिले के अन्य युवाओं के साथ साझा करने एवं जहां भी आवश्यक हो हरसंभव सहायता करने की बात भी कही है। जिला कोषागार पदाधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी गौरव की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आगे और मेहनत करने और युवाओं को इसे उदाहरण के रूप में लेने की बात कही है।

चैनपुर थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों को मारी गोली, गुमला रेफर

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ में अज्ञात अपराधियों ने लंगड़ा मोड़ निवासी इबरार खान 19 वर्ष पिता समीर खान एवं टोटो निवासी राहिल खान लगभग 17 वर्ष पिता ललन खान को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना शुक्रवार देर रात 9:00 बजे की है। परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी चैनपुर पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया। घटना के संबंध में घायल राहिल खान की मां ने बताया कि हमलोग आज ही अपने मायके लंगड़ा मोड़ आये थे और सभी लोग शाम में घर पर बैठे थे, तभी दो लोग मोटरसाइकिल पर आये और दोनों के उपर गोली चला दी और फरार हो गये। हमलोग गोली की आवाज सुनकर दौड़े तो देखा कि मेरे बेटे राहिल खान को पेट में गोली लगी है वहीं मेरे भाई इबरार खान को हाथ में गोली लगी है, तभी हमलोगों ने इसकी सूचना चैनपुर थाने को दी। वहीं इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुट गई है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सीलम बाईपास से पुलिस ने पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गुमला (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सीलम बाईपास स्थित एक घर से पांच लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ा, जिन्हें पकड़ कर पुलिस गुमला थाना लायी और उनसे पूछताछ की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिलम बाईपास के पास पुलिस को सूचना मिली कि बाईपास के पास कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। जिसके बाद पुलिस की टीम उक्त स्थान पर पहुंचकर पांच जुआरियों को पकड़ कर थाना लायी। जिनमें सिलाफारी, करौंदी, फसिया, सरनाटोली और पालकोट रोड के युवक बताया जा रहे हैं। पूछताछ के बाद पुलिस आगे कार्रवाई में जुट गई। गिरफ्तार लोगों में सिलाफरी निवासी गोविंद साहू, करौंदी निवासी अनिल कुमार साहू, फसिया निवासी शैलेश उरांव, सरना टोली निवासी सुधीर खड़िया और पालकोट रोड निवासी अनिल कुमार शामिल हैं। जिन्हें शनिवार को मीडिया के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया। घटना स्थल से पुलिस ने एक लाख दस हजार रुपए, एक बोरा, दरी, ताश का बिखरा हुआ गड्डी बरामद किया है। छापामारी में महेंद्र पासवान विशेष छापामारी दल के पदाधिकारी और पुलिसकर्मी सहित गुमला थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध गुमला थाना में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया सिलाफारी निवासी गोविंद कुमार साहू के विरुद्ध सिसई, भरनो व गुमला थाना में अवैध बालू के कारोबार में पूर्व से ही केस दर्ज है और वह सीआरपीएफ का जवान था। जो नौकरी छोड़कर बालू के कारोबार में सम्मिलित हो गया। वही आगे बताया कि 24 दिसंबर 2022 को अवैध बालू के कारोबार में था तभी मुर्गू के पास एसडीपीओ, सीआई और एसडीएम छापामारी करने पहुंचे। जहां एक षड्यंत्र के तहत एसडीपीओ की गाड़ी को मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसमें सिसई थाना में कांड संख्या 152/22 दर्ज किया गया था।

पालकोट पुलिस ने शब ए बरात और होली की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च निकाला

पालकोट (आजाद सिपाही)। पालकोट पुलिस ने शबे बरात और होली की पूर्व संध्या पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च पालकोट थाना से बस स्टैंड, बाजार टांड़ से संजय चौक होते हुए अम्बाटोली नायक बस्ती होते पुनः थाना पहुंची इस दौरान में थाना प्रभारी अनिल लिंडा ने सभी जनों से होली और शबे बरात पर्व को शांति से मनाने की अपील की। कहीं भी किसी तरह का हुडदंग होने पर थाना को सूचित करें। इस फ्लैग मार्च में पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा, एसआई सन्दीप राज, एसआई परतो खलखो, एसआई प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार के अलावे पुलिस बल के जवान शामिल थे।

बैठक : टाउन वेंडिंग कमेटी के साथ बैठक में ईओ ने कहा

शहर को व्यवस्थित रखने में फुटपाथ विक्रेताओं का सहयोग अपेक्षित

बैठक में फुटपाथ विक्रेताओं के कल्याण को लेकर की गयी चर्चा

मुर्गा व्यवसायियों का स्थान निर्धारित करने पर सदस्यों ने जताया हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार के कार्यालय कक्ष में हुई। बैठक में शहर के फुटपाथ विक्रेताओं के कल्याण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। एक ओर नगर परिषद की तरफ से शहर के फुटपाथ विक्रेताओं से क्या अपेक्षाएं हैं, इसका सीधा संदेश उन तक पहुंचाया गया।

वहीं दूसरी ओर शहर के फुटपाथ विक्रेताओं की दैनंदिन में क्या समस्याएं हैं और उनमें नगर परिषद किस प्रकार से मदद कर सकता है, इन बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बता दें कि टाउन वेंडिंग कमेटी शहर के फुटपाथ विक्रेताओं के प्रतिनिधियों का एक समूह होता है जिसमें शहर के अलग-अलग क्षेत्रों एवं व्यवसायों के लोग शामिल होते हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी ने टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों के माध्यम से शहर के सभी फुटपाथ विक्रेताओं से अपील की कि इस शहर को व्यवस्थित रखने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका है। दरअसल सभी पथ विक्रेता शहर के फ्रंट स्थानों पर बैठे होते हैं, इसलिए वे चाहें तो शहर की सुव्यवस्थित और स्वच्छ बना कर रख सकते हैं। इसलिए सभी लोग अपने अपने पास डस्टबिन जरूर रखें, यत्र तत्र कूड़ा ना फेंकें, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें और अपने निर्धारित स्थान पर ही बैठें। इससे शहर साफ सुथरा भी दिखेगा और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी उत्पन्न नहीं होगी। कार्यपालक पदाधिकारी की पहल पर नगर परिषद बोर्ड द्वारा मुर्गा व्यवसायियों के लिए स्थान नियत किये जाने के निर्णय पर टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों ने हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि अभी शहर भर में जहां-तहां मुर्गा व्यवसायी बैठे रहते थे, अब उन्हें एक जगह स्थान मिलने पर मुर्गा बाजार का सुव्यवस्थित स्वरूप मिलेगा। इससे न केवल विक्रेताओं की गरिमा बढ़ेगी बल्कि शहर भी व्यवस्थित दिखेगा।

इस दौरान नगर मिशन प्रबंधक, सामुदायिक संगठनकर्ता के अलावा वेंडिंग कमेटी के सदस्यों में से जगतपाल बाखला, हरखराम, रोयन लुगून, मोहम्मद शकील, मो. अशफाक आदि शामिल थे।

मिशन बदलाव का स्थापना सह सम्मान समारोह आज

मिशन बदलाव ने अपने स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। विंसेट इंस्टीट्यूट में स्थापना सह सम्मान समारोह को लेकर अमित सिंह की अध्यक्षता में मिशन बदलाव ने बैठक की। बैठक में बताया गया कि 5 फरवरी रविवार को होने वाले कार्यक्रम में पांच जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 9:00 बजे जन जागरूकता जुलूस के रूप में नगर भवन तक पहुंचेगी। इसी क्रम में भारत रतन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की जाएगी। उसके बाद दीप प्रज्वलित और मिट्टी एकत्रित का कार्यक्रम शुरू होगा। सभी कार्यकर्ता 3:00 बजे तक समारोह में शिरकत करेंगे। कोविड-19 काल में सभी महत्वपूर्ण कार्य करने वाले उत्कृष्ट साथियों को सम्मान दिया जाएगा। विभिन्न जगहों पर कम्यूनिटी लर्निंग सेंटर चलाने वाले मिशन बदलाव के कार्यकर्ताओं को भी सम्मान दिया जाएगा। इस बैठक को संबोधित करते हुए सैयदा खातून ने बताया महिलाओं के मुद्दों को लेकर नाटक का मंचन किया जाएगा। विनीता उरांव ने कहा सभी महिलाएं इस रैली में शामिल हों और महिला हिंसा के विरोध में मुखर होकर आवाज उठायें।

बैठक में मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत अमित सिंह एवं मिशन बदलाव सदस्य विनय विनय लखन कुमार विनोद साहू ज्योति गुलरिया कुजूर ज्योति वर्मा अशोक अशोक प्रदीप कुमार माजदा खातून और लखन कुमार तबरेज खान एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपी गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत पर घाघरा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। घाघरा थाना में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामला थाना में आते ही थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई टेकलाल महतो, जयश्री मिंज व गणेश चौड़े सहित कई पुलिस पदाधिकारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में शनिवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थानेदार अमित कुमार चौधरी ने जानकारी दी।

इस दौरान एसडीपीओ ने बताया कि सरांगो पंचायत की एक नाबालिग बच्ची बीते 27 फरवरी को 5 बजे भोर में अपने गांव के बगल में स्थित तालाब में नहाने के लिए गयी थी। इसी दौरान चार युवक अचानक तालाब के पास पहुंचे और युवती का मुंह दबाकर उसे बगल में स्थित झाड़ी पर ले गए और चारों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जिसके बाद नाबालिग को उसी हालात में छोड़कर चारों फरार हो गए। जिसके बाद युवती घर पहुंची डर व शर्म के कारण यह बात घर वालों को भी नहीं बतायी। दो दिन के बाद युवती की तबीयत खराब हुई तब 2 मार्च को नाबालिग ने अपनी मां के समक्ष रो-रोकर घटना की सारी जानकारी दी। जिसके बाद 3 मार्च को नाबालिग पीड़िता के साथ परिजन घाघरा थाना में आकर इसकी शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यहां बता दें कि चारों आरोपी नाबालिग के गांव के अगल-बगल के ही थे, जिस कारण पीड़िता चारों लड़कों को पहचान रही थी और इसकी जानकारी परिजन को देने के बाद घाघरा थाना में भी चारों लड़कों का नाम नाबालिग ने बताया जिसके आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गये आरोपियों में आदर पोखरा टोली निवासी महावीर उरांव, आदर चट्टी निवासी भूषण उरांव, ईटकिरी ग्राम निवासी अमित उरांव के अलावा एक नाबालिग शामिल है।

एसडीपीओ ने यह भी बताया कि नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर सभी को जेल भेजा गया।

होली और शब ए बारात को लेकर गुमला पुलिस निकाला फ्लैग मार्च

गुमला (आजाद सिपाही)। एसडीओ के निर्देश पर पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से होली और सब ए बारात पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। वहीं भाईचारे से पर्व को मनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वहीं एसडीओ रवि जैन ने कहा पर्व के दौरान कोई भी घटना होने पर अफवाह ना फैलाएं और प्रशासन की मदद करें। वहीं एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा पर्व त्यौहार के मद्देनजर शहर में फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है छोटी मोटी कोई भी घटना होने पर तत्काल पुलिस को उसकी सूचना दें। वहीं उन्होंने बताया धार्मिक स्थलों पर पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फ्लैग मार्च थाना से निकलकर थाना रोड होते हुए पालकोट रोड, सिसई रोड, मेन रोड, जसपुर रोड, लोहरदग्गा रोड़ होते हुए थाना में आकर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों समेत काफी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

कार्यक्रम : महिला विकास मंडल रायडीह का 14वां वार्षिक महाधिवेशन सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन

संगठन के माध्यम से महिलाएं आजीविका से जुड़कर बन रही हैं आत्मनिर्भर : सुदर्शन भगत

कार्यक्रम में महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

आजाद सिपाही संवाददाता

रायडीह। महिला विकास मंडल रायडीह का 14वां वार्षिक महाधिवेशन सह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह स्टेडियम रायडीह में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिप सदस्य रायडीह रश्मि मिंज, प्रमुख ममता सोरेंग, महिला विकास मंडल की अध्यक्ष एमन्ती देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आप सभी महिलाओं के अथक प्रयास और कठिन परिश्रम से सशक्त महिला संगठन बना है। इस संगठन के माध्यम से रायडीह प्रखंड की महिलाएं आजीविका से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने महिलाओं को मातृ शक्ति के रूप में सम्मान देते हुए कहा कि महिलाएं लक्ष्मी और मां का रूप हैं।

मौके पर महिलाओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर कृषि उत्पाद, महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न रागी के लड्डू, महुआ, मिर्च आदि के आचार, सोलर लैम्प, कैशल विकास आदि के स्टॉल लगाये गये थे।

मौके पर गुमला महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, बिनीता उरांव, चरिया उरांव, किरण बाखला, यशोदा देवी, किरण विलुंग, तारामनी सोरेंग, लीलावती देवी, एमेलदा लकड़ा, जेएसएलपीएस के हरि शंकर साहू, सुमित, सुभास, विकास, दिलवंत, बिपुल, शशि, बसंत आदि सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद थीं।

महत्वपूर्ण न्यूज

गांव लौटने पर गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी असुंता टोप्पो का किया गया भव्य स्वागत

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर के छतरपुर गांव की बेटी दिव्यांग असुंता टोप्पो ने पैरा थ्रो बॉल प्रतियोगिता भारत-नेपाल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतने के बाद शनिवार को गांव पहुची, जहां ग्रामीणों और प्रखंड वासियों ने उनका जमकर स्वागत किया। गांव आने पर ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने असुंता टोप्पो का जोरदार स्वागत ढोल नगाड़ों तथा फूल मालाओं व आदिवासी पारंपरिक नृत्य से किया। मौके पर अनुमंडल दंडाधिकारी सुनील कुमार खाखा व अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने असुंता टोप्पो का मनोबल बढ़ाते हुए बुके, नगद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया एवं आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि चैनपुर की बेटी असुंता टोप्पो ने अपनी मेहनत और जुनून से जो सफलता हासिल की है वह काबिले तारीफ है। इन्होंने काफी संघर्ष करते हुए पोस्ट ग्रेजुएट तक की पढ़ाई की।

शिव मंदिर परिसर में काली माता का मंदिर निर्माण के लिए किया गया भूमि पूजन

भरनो (आजाद सिपाही)। भरनो बस्ती रोड स्थित शिव मंदिर परिसर में काली माता का मंदिर निर्माण के लिए शनिवार को विधिवत भूमि पूजन किया गया। जहां आचार्य रामाकांत मिश्रा के द्वारा हिरिया साव और उनकी पत्नी को मंदिर निर्माण हेतु विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कराया गया। इसके बाद आरती कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भूमि पूजन में श्रद्धालुओं के द्वारा काली मंदिर निर्माण हेतु कुदाल चलाकर नींव खोदी गयी उसके बाद दो ईंट जोड़कर मन्दिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्य संपन्न कराया गया। इस मौके पर नीतीश मिश्रा, बजरंग दल अध्यक्ष सुदामा केशरी, उपाध्यक्ष श्रीकांत केशरी, मनोज केशरी, मदन केशरी, दिनेश केशरी, सतीश केशरी, जयंत केशरी, नवनीत केशरी, धनजंय केशरी, राजकुमार केशरी, विकास केशरी, बसन्त केशरी, हेमन्त केशरी, संदीप केशरी, ओमप्रकाश केशरी, बिट्टू गुप्ता, विकाश केशरी, टिंकू केशरी, दीपक केशरी, गोपाल सिंह, गोल्डी केशरी, सरोज केशरी, गुड़िया देवी समेत बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी के सदस्यों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन

चैनपुर (आजाद सिपाही)। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सचिव फादर राजेंद्र तिर्की द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चैनपुर के अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बताया कि कैसे खेल उनके जीवन का मुख्य हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है और उन्हें सही दिशा और मंच भी सरकार की विभिन्न योजनाओं द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल हमें सयंम, अनुशासन एवं धैर्य सिखाता है। प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने उन्हें धन्यवाद देते हुए कहा की हमारा महाविद्यालय हमेशा ही खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है। सहायक प्रोफेसर अमित कुमार ने गौतम कुमार के बारे में बताते हुए कहा कि कैसे खेलकूद उनके जीवन में सहायक रहा है। अंचलाधिकारी बनने से पहले वे सब इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे। जिसमें खेल ने उनके जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में लड़कों एवं लड़कियों दोनों के लिए ऊंची कूद, लंबी कूद, जैबलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, रिले रेस, रस्सा कस्सी इत्यादि प्रतियोगिताएं हुई। इस मौके पर सहायक प्रोफेसर बुन्दीप लकड़ा, अलविन लकड़ा प्राचार्य एवं उप प्राचार्य और सैंकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सुपा गांव के किशोर-किशोरियों को कराया विभिन्न सरकारी सेवा प्रदत्त संस्थानों का भ्रमण

भरनो (आजाद सिपाही)। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज द्वारा भरनो प्रखंड के सुपा गांव के किशोरों को विभिन सरकारी सेवा प्रदत संस्थानों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान उन्हें, प्रखंड कार्यालय, युवा मैत्री केंद्र, थाना, डाकघर, प्रज्ञा केंद्र का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान किशोर-किशोरियों को इन संस्थानों में जो सेवाएं दी जाती हैं, उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। भरनो बीडीओ तेज कुमार हस्सा द्वारा प्रखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही गांव को बाल विवाह एवं नशा मुक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार ने केंद्र में उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी दी। वहीं भरनो थाना प्रभारी कृष्णा कुमार तिवारी ने कहा कि थाना से बच्चों को डरने की जरूरत नहीं है। अगर आप सभी को किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो आप बेझिझक आकर अपना रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने साइबर क्राइम, बाल मित्र थाना के विषय में विशेष जानकारी दी। अंत में सभी किशोरों को प्रज्ञा केंद्र का भ्रमण कराया गया, जहां प्रज्ञा केंद्र के द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी दी गयी। सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के क्लस्टर समन्वयक अलोक लकड़ा ने कार्यक्रम का उद्देश्य के बारे में बताया कि 10 से 19 वर्ष के किशोरों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराना एवं संस्थानों के भ्रमण से उन्हें वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराना है।

होली के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर एसडीओ ने की दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली: एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। होली त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर हुसैनाबाद में तीन दिवसीय दंडाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति की गई है। यह प्रतिनियुक्ति पलामू डीसी के निर्देश पर की गई है। वहीं हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय में 7 से 9 मार्च तक 24 घंटे विधि व्यवस्था संधारण को लेकर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। इसकी जानकारी हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त तिथि को 3 शिफ्ट में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जबकि शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर जेपी चौक पर बीइइओ रामनरेश राम, कुर्मी टोला में वशिष्ठ कुमार तिवारी, दंगवार में बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्र, हरिहर चौक पर जेइ आशीष कुमार, सबानो में जेई अरुण कुमार यादव, हुसैनाबाद बाजार में जेई अभिषेक कुमार, लोटनिया में जेई शिवनाथ राम, मोहम्दाबाद में जेई मणिकांत राम, नहर मोड़ पर जेई पंकज कुमार, मुबारकपुर में जेई नीरज कुमार गुप्ता, गम्हरिया में बीपीओ विजय पासवान, डाटा नगर में बीपीएम जयराम मेहता, बंशी बीघा मोड़ पर कर्मचारी प्रशांत सागर, इश्लाम गंज चिकटोली मोड़ एहसान अली, इस्लामगंज मोड़ राजू रंजन, दिनेश चौक पर बीपीएम सुनील कुमार, गैस गोदाम पर सीआई अशफाक अहमद को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति की गयी है। सभी दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं हुसैनाबाद थाना में बीडीओ रतन कुमार व थाना प्रभारी जगरनाथ धान को रिजर्व रखा गया है। एसडीओ ने क्षेत्र के लोगों से सौहार्दपूर्ण व खुशनुमा माहौल में पर्व त्योहार मनाने की अपील की है।

जानकारी देते एसडीओ कमलेश्वर नारायण।

सभी त्योहार संस्कृति का हिस्सा है, इसे संस्कार के साथ मनाएं: सुरजीत

होली को लेकर बिश्रामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्रामपुर थाना परिसर में शनिवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन और संचालन युवा भाजपा नेता मनीष कुमार ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने होली और शब-ए-बारात त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मानने का निर्णय लिया। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि सभी त्योहार संस्कृति का हिस्सा है। इसे संस्कार के साथ मानने का प्रयास करें। थाना प्रभारी शशि रंजन ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाहों से बचें। ऐसी कोई सूचना मिले तो पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि पुलिस असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। पर्व के समय पुलिस गस्ति बढ़ा दी जायेगी। वहीं, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने लोगों से एक दूसरे के साथ मिलजुलकर दोनो पर्व मनाने का आग्रह किया। बैठक में पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, एसआई विजय कुजूर, एएसआई अनिल सिंह, संजय सिंह, वीरेंद्र तिवारी, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, नप के प्रथम अध्यक्ष देव नारायण सिंह, उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, मो सफी आलम, विजय कुमार रवि, रामकुमार ठाकुर, निरंजन सिंह, रामजी विश्वकर्मा, सोना देवी, यदुनी राम, राजकुमार मेहता, कुकू पासी, दुखनंदन चंद्रवंशी, शिव ठाकुर, आजम खलीफा आदि मौजूद थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बैग में छिपाकर ट्रेन से बिहार ले जा रहे शराब के साथ दो तस्कर हुए गिरफ्तार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला आरपीएफ ने गुप्त सूचना के आधार पर 13349 सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से कोच संख्या एस 6 से दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जपला आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राकेश रंजन ने बताया कि शुक्रवार की देर रात सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस से एक यात्री ने जानकारी दी कि दो लोग शराब लेकर बिहार जा रहें हैं। सूचना मिलते ही आरपीएफ एएसआई नील रतन सिंह व जवान एस राम उक्त कोच में पहुंचें, तो युवक पिट्ठू बैग लेकर उक्त कोच में बैठे थे। जब दोनों युवक की बैग की जांच की गई तो उसमें कुल 24 बोतल बरामद हुए। पकड़े गए दोनों युवक मोहम्मदगंज निवासी जितेंद्र कुमार और राजू प्रसाद बताये जा रहे हैं। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर पलामू उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया है।

समावेशी शिक्षा के तहत आयोजित कार्यशाला संपन्न

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार कन्या मध्य विद्यालय के परिसर समावेशी शिक्षा के तहत दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुआ।जिसमे शिक्षको को प्रशस्त ऐप से संबंधित क्रियान्वयन हेतु उन्मुखीकरण की जानकारी दी गयी।रिसोर्स शिक्षक विनोद कुमार ने आयोजित कार्यशाला के दौरान दिव्यांग बच्चों की सही पहचान करने व प्रशस्त ऐप के बारे में बताया गया।प्रशिक्षक कुश कुमार ने बतायी गयी जानकारी को अमल में लाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से उमेश चन्द्र कुमार,अनिल कुमार पासवान,मनोज सिंह, बिहारी रजक,निर्मल कुमार,रामलाल राम,सुरेंद्र कुमार सिंह, राजनंदन प्रभाकर,उदेश्वर राम,कन्हैया प्रसाद,सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

भाकपा माले का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर के बारा ग्राम निवासी माले नेता कपिलदेव प्रजापति के घर पर शनिवार को भाकपा माले का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओं ने सबसे पहले शहीद साथियों की याद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रुप में राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड रविंद्र भुइयां शामिल हुए। इस अवसर पर रविंद्र भुइयां ने देश में बढ़ते फासीवादी हमले के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। सम्मेलन का मुख्य विषय केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस की कीमतों में अचानक से और 50 रुपये की वृद्धि किए जाने से आम लोगों को हो रही परेशान रहा। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की जरूरत है। सरकार से सवाल पूछने पर मुकदमे लादे जा रहे हैं। अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला तेज हो गया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में हाथरस गैंगरेप के गुनहगारों को जेल से रिहा कर दिया गया, जबकि यूपी पुलिस सच गाने वाली नेहा सिंह राठौर को नोटिस भेज कर परेशान कर रही है। सम्मेलन में नौ सदस्यीय प्रखंड कमेटी का चुनाव किया गया जिसमें रामराज पासवान, कपिल देव प्रजापति, लालमोहन प्रजापति, अनिल मोची, ममता देवी, संगीता देवी, अनीता देवी, उषा देवी, कार्तिक प्रजापति का शामिल हैं। वहीं, सर्वसम्मति से रामराज पासवान को प्रखंड सचिव घोषित किया गया। सम्मेलन में नंदू शाह, पुनीत पासवान, सरिता देवी, विकास पासवान, महाराज पासवान, रामचंद्र सिंह, पंकज सिंह, कैलाश प्रजापति, अनिल शाह, ललिता देवी, बाल रूप प्रजापति, अंकल या देवी, दौलती देवी, प्रिया देवी, रीमा देवी, सुबासो देवी, राधा देवी, मीना देवी, सिंटू कुमार , मनोज प्रजापति, संजय शाह, बली यादव, अशोक यादव, अजय प्रजापति आदि थे ।

जनता प्रशासन होली मिलन समारोह में थिरके दर्शक

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। रंगों का त्योहार होली पर्व पर हरिहरगंज नप क्षेत्र के अररुआ खुर्द मीडिल स्कूल के मैदान में शनिवार को जनता प्रशासन होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार व संचालक हरिहरगंज प्रखण्ड के जीप प्रतिनिधि राजेश राम ने किया। जिसका प्रशासनिक अधिकारी व प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

होली भाईचारा और सौहार्द का त्योहार : डॉ एसबीपी मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

पांकी/पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर-पितांबरपुर स्थिति मौर्य फॉर्म हाउस में रविवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने विधानसभा क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ता एवं सभी विधायक प्रतिनिधि,जिला प्रतिनिधि, सभी मंडल अध्यक्ष, सभी जिला परिसद सदस्य, थाना प्रभारी, सभी प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख, सभी बीडीओ एवं सभी सीओ, पंचायतसमिति सदस्य, मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य, सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी गण से अनुरोध किया है कि होली मिलन समारोह में पंहुचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि होली भाईचारा एवं सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेद भाव के मनाना चाहिए। होली में हमे देश की सभ्यता एवं सास्कृतिक का भी संदेश देता है।

नीलगाय एवं पशुओं से बचाव के लिए किसान लें तकनीक का सहारा

खानवा गांव में कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। आत्मा पलामू की ओर से मेदिनीनगर सदर प्रखंड के जोड़ पंचायत स्थित खनवा गांव में शनिवार को कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल के विभिन्न प्रजाति एवं सिंचाई के अलग-अलग पद्धतियों के बारे में व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने टपक सिंचाई पद्धति से खेती करने पर बल दिया। कहा कि टपक सिंचाई पद्धति किसानों के लिए बेहतर है। इस पद्धति के प्रयोग से किसान पानी की बचत कर सकते हैं, साथ ही फसल का उत्पादन भी अधिक ले सकेंगे। उन्होंने किसानों के अनुरोध पर नीलगाय के प्रकोप से बचने के लिए कुछ यांत्रिक संरक्षण प्रदान करने एवं उन्हें उपलब्ध कराने से संबंधित उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक दिलीप कुमार पांडेय ने किसानों को कम पानी वाली खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पलामू कम बारिश वाला क्षेत्र है। इसे देखते हुए किसान फलदार पौधों को लगायें। साथ ही उन्होंने मोटे अनाज वाले फसलों को अपनाकर उसकी खेती करने की पहल शुरू करने की बातें कही। साथ ही नीलगाय से फसल को बचाने के लिए तकनीकी पहलुओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का प्रयोग कर जानवरों से फसल के नुकसान को बचाया जा सकता है।

कर्नाटक के कई जिलों में पर्यावरणविद ने वृक्षों पर रक्षासूत्र बांधा

पर्यावरणविद ने 1983 से कर्नाटक में पर्यावरण सुरक्षा के लिए किया है उल्लेखनीय कार्य: कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। टीपू सुल्तान की जन्म भूमि कर्नाटक के मैसूर जिले के श्रीरंगापटनम और कर्मभूमि बेंगलुरु जिले के लालबाग समेत कई स्थानों पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण हेगड़े एवं सचिव अंजू बंसल के साथ पौधा रोपण कर वृक्षों पर रक्षाबंधन बांधा। उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म का पाठ भी पढ़ाया। इसके बाद आंध्र प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर ने पर्यावरण धर्मगुरु व सचिव, कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष व सचिव को सम्मानित किया। वनराखी मूवमेंट के प्राणेता कौशल ने बताया कि बेंगलुरु में मेट्रो लाइन चालू करने में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की गई है। जिस अनुपात में पेड़ों की कटाई की गई है उससे 10 गुना पौधों की रोपाई नहीं की गई है। जिससे यहां के मौसम में भारी परिवर्तन हुआ। तापमान घटाने के लिए जिस तरह 1790 में टीपू सुल्तान ने कई देशों से पौधा लाकर अपने कर्म क्षेत्र में लगाया था जो आज लालबाग से प्रसिद्ध है। उसी तरह पर्यावरणविद कौशल ने पर्यावरण धर्म और वन राखी मूवमेंट के तहत जंगल लगाओ, जंगल बचाओ को लेकर 1983 में कर्नाटक आए और 25 वर्ष पूरा होने के उपरांत सिल्वर जुबली मनाने के लिए 2008 में आए थे। 2023 में 15 दिनों से दक्षिण भारत के प्रवास के दौरान विभिन्न जगहों पर पौधरोपण व वृक्षों पर रक्षाबंधन किया जा रहा है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि उनके द्वारा चलाए गए निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपन के 56 वर्ष और पर्यावरण धर्म व वनराखी मूवमेंट का 46वां वर्ष पूरा होने पर साल 2022 में देश के 10 राज्यों में दो लाख पौधों का वितरण सह रोपण किया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER
Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/23/2022-23

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 13.03.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 14.03.2023 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 14.03.2023 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

Sl.No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Vinayeka (Halka No.-10) under Tarhasi Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
2.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Hutar (Halka No.-10) under Chainpur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
3.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Urhuliya (Halka No.-5) under Nilambar-Pitambar Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
4.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Ramanad Dabra (Halka No.-6) under Nilambar-Pitambar Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
5.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Oriya Kala (Halka No.-7) under Nilambar-Pitambar Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
6.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Dabra (Halka No.-9) under Nilambar-Pitambar Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
7.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Sutha (Halka No.-7) under Patan Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
8.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Nawadih (Halka No.-5) under Patan Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
9.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Lalkara (Halka No.-11) under Nawdiha Bazar Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
10.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Baghmanwa (Halka No.-4) under Bishrampur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
11.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Lalgarh (Halka No.-5) under Bishrampur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
12.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Khendrakhurd (Halka No.-2) under Chhattarpur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
13.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Chaukhara Urf (Halka No.-4) under Chhattarpur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
14.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Kharwardih (Halka No.-7) under Chhattarpur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
15.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Manahu (Halka No.-8) under Chhattarpur Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
16.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Tetraie (Halka No.-5) under Panki Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
17.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Dowarika (Halka No.-9) under Panki Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
18.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Taal (Halka No.-10) under Panki Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
19.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Dhab Kala (Halka No.-4) under Hariharganj Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
20.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Jamuwa (Halka No.-7) under Husainabad Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
21.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Dandila (Halka No.-8) under Husainabad Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
22.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Kurmipur (Halka No.-9) under Husainabad Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
23.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Kusumahara (Halka No.-10) under Husainabad Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
24.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Barepur (Halka No.-12) under Husainabad Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
25.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Hasanpur (Halka No.-2) under Pipra Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
26.	Construction of Tahsil Kutchery Cum Halka Karamchari Residence at Dalapatpur (Halka No.-4) under Pipra Block Palamu.	4089100.00	82000.00	5000.00	06 Months
27.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- mahuari (halka no. xi) under block :- hussainabad , Palamu.	1167500.00	23000.00	2500.00	01 Months
28.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- karar (halka no. iv) under block :- PANKI , Palamu.	1096600.00	22000.00	2500.00	01 Months
29.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- Ayodhya Kolhua (Halka No. II) Under block :- Chainpur, Palamu.	14,04,600.00	285000.00	2500.00	01 Months
30.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :-jolakhap (halka no. vii) under block :- naudiha bazar , Palamu.	1082400.00	22000.00	2500.00	01 Months
31.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- khardiha (halka no. vii) under block :- naudiha bazar , Palamu.	1050200.00	21000.00	2500.00	01 Months
32.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at Chainpur Block Campus (Halka No. III) Under block :- chainpur , Palamu.	995400.00	20000.00	1250.00	01 Months
33.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- ramgarh (halka no. IX) under block :- chainpur , Palamu.	1087800.00	22000.00	2500.00	01 Months
34.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- pipra (halka no. III) under block :- pipra , Palamu.	967700.00	20000.00	1250.00	01 Months
35.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- masihani (halka no. vi) under block :- chattarpur , Palamu.	1139700.00	23000.00	2500.00	01 Months
36.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- rehla kalan (halka no. VII) under block :- bisrampur , Palamu.	1112800.00	21000.00	2500.00	01 Months
37.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- basna (halka no. II), block :- nawabazar , Palamu.	1070200.00	22000.	2500.00	01 Months
38.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- kanda (Halka No. II) Under block :- nawabazar , Palamu.	1253200.00	26000.00	2500.00	01 Months
39.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- bariatu (halka no. vi) block :- tarhasi , Palamu.	910600.00	19000.00	1250.00	01 Months
40.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- pathakpagar (halka no. VII) under block :- tarhasi , Palamu.	986100.00	20000.00	1250.00	01 Months
41.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- panki (halka no. VI) under block :- PANKI , Palamu.	1205500.00	24500.00	1250.00	01 Months
42.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- nawabazar (halka no. I) block :- nawabazar , Palamu.	1123200.00	23000.00	2500.00	01 Months
43.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- Fulwaria (halka no. III) under block :- PANKI , Palamu.	1086600.00	22000.00	2500.00	01 Months
44.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- nawdiha (halka no. II) under block :- PANKI , Palamu.	1078600.00	22000.00	2500.00	01 Months
45.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- bardanda (Halka No. II) under block :- haidernagar , Palamu.	958500.00	20000.00	1250.00	01 Months
46.	Renovation of tahsil kutchery cum kranchari residence at village :- Konwai (halka no. Ii) under block :- panki , palamu.	1041000.00	22000.00	2500.00	01 Months
47.	Construction of Barrack For Q.R.T Guard, Boundary Wall, P.C.C Pathway and Brick Drain in D.I.G, Palamu Residence Campus, Daltonganj.	2218500.00	44500.00	5000.00	03 Months
48.	Laying of Paver Block, Chequrred Tiles in Pathway, Car Shed and Miscellaneous Works in D.I.G, Palamu Residence Campus.	1578600.00	32000.00	5000.00	02 Months
49.	Renovation of DSP Office Building Lesliganj, Palamu.	2037000.00	41000.00	5000.00	02 Months
50.	Renovation Of The District Fishery Office Building and Residence Building Daltonganj, Palamu.	2459700.00	49500.00	5000.00	02 Months

नोटः–
1. *Tender Fee 2%*अग्रधन की राशि*PAN, G.S.T Certificate, Up to Date G.S.T Return Certificate* तथा निबंधन प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र *(BOQ)* निर्गत किया जाएगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0– प0नि0वि0/विविध–06–33/2007(अंश–1) 2146*(S)* दिनांक 09.09.2020 के अनुरूप *Performance Security* उपलब्ध करायें।

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR291942 (Building)22-23*D

डीजे में अश्लील गानों के इस्तेमाल पर पूर्ण रोक, सोशल मीडिया की होगी मॉनिटरिंग-अफवाह फैलाने पर एडमिन पर कार्रवाई

सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली और शब-ए-बरात पर्व : डीसी

जिला परिषद कार्यालय सभागार में डीसी व एसपी ने किया होली व शब-ए-बरात पर विधि व्यवस्था को लेकर संयुक्त बैठक, दिया जरूरी निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। होली और शब-ए-बरात पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। यहां सांप्रदायिक सौहार्द के बीच पर्व-त्योहार मनाएं जाने की परंपरा रही है। इस बार भी होली और शब-ए-बरात का त्योहार एक साथ है। ऐसे में सभी साथ मिलकर त्योहार मनाएं। उक्त बातें बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने कहीं। वे शनिवार को जिला परिषद कार्यालय सभागार में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक कर रहे थे। जिसमें एसपी चंदन झा, डीडीसी कीर्तीश्री जी, चास के अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, अपर समाहर्ता सादात अनवर, चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीपीएलआर श्रीमती मेनका, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार, सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, चास एसडीपीओ-बेरमो एसडीपीओ, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी-बीडीओ-सीओ एवं थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

होली और शब-ए-बारात को लेकर बैकर करते डीसी, एसपी व अन्य।

डीसी ने कहा कि दोनों त्योहारों को लेकर संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसका वह पालन सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने होली पर्व को लेकर 08 मार्च को ड्राई डे की बात कहीं। उत्पाद विभाग इस बाबत विज्ञापन प्रकाशित कर दुकान संचालकों-उपभोक्ताओं को सूचित करेगा। डीजे में अश्लील गानों का इस्तेमाल नहीं हो,इसे संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएगा।डीसी ने शब-ए-बरात को लेकर संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बरतने, आसामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधि पर नजर रखेंगे, सभी थाना झ अंचलाधिकारी आपस में बैठक कर क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को एक दूसरे से साझा कर, संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन की रात अगलगी की घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है। इससे पूर्व अपर समाहर्ता सादात अनवर ने होली एवं शब ए बारात को लेकर जारी गाइड लाइन से सभी अधिकारियों-थाना प्रभारियों को क्रमवार अवगत कराया। कहा कि कहीं किसी तरह की कोई चूक नहीं हो। सभी महत्वपूर्ण स्थानों, चौक-चौराहों आदि पर दंडाधिकारी-पुलिस बल प्रतिनियुक्त कर दिया गया है।

आठ मार्च को रहेगा ड्राइ डे, उत्पाद विभाग को विज्ञप्ति जारी कर दुकान संचालकों को जानकारी देने का निर्देश

अफवाह फैलाई को ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई : एसपी

वहीं, चंदन झा ने कहा कि सभी बीडीओ-सीओ एवं थाना प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएंगे। पर्याप्त संख्या में जिले को पुलिस बल उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतत निगरानी की व्यवस्था रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर ग्रुप के एडमिन के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहीं किसी के क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री या नकली शराब की बिक्री नहीं हो, इसे सभी सुनिश्चित करेंगे। सभी अपने आंतरिक श्रोतों को सक्रिय रखेंगे। आवश्यकता अनुसार क्षेत्र में थाना प्रभारी फ्लैग मार्च निकलेंगे। किसी भी तरह की घटना होने या कोई मामला प्रकाश में आने पर तत्काल उसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देंगे। जिला एवं अनुमंडल नियंत्रण कक्ष चालू रहेगा।

बकरी चुराने गये चोरों की पिटाई

होली में मुनाफा कमाने के लालच में गये चोरी करने

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। होली का आगमन होते ही बकरी चोर सक्रिय हो गए है। होली में मुनाफा कमाने के लिए चोर बकरी चोरी करने के कई तरीके भी आजमा रहे हैं। मगर इन चोरों को क्या पता था कि बकरी चोरी के दौरान इनकी कुटाई भी हो जाएगी। यही नहीं, होली में मौज करने के बजाय सलाखों की हवा खानी पड़ जाएगी। पर ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है। बकरे के मिमियाने की वजह से पथराकुल्ही के लोगों ने शनिवार को बकरी चोरों की मंशा पर पानी फेरते हुए चोरों को रंगे हाथ दबोच लिया और दमभर कुटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक झरिया ऊपर कुल्ही के दो युवक शनिवार अहले सुबह अपनी कार में कई बकरी लेकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पर बकरियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इससे ग्रामीणों को शक हुआ और वाहन रोक पूछताछ शुरू कर दी। सही जवाब नहीं दे पाने पर बकरी चोरों की जमकर पिटाई कर कार को भई क्षतिग्रस्त कर दिया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह दुखरनी मंदिर के समीप दिनेश मटन दुकान में छत का एस्बेस्टस तोड़कर चोर आधा दर्जन बकरे चुरा कर भाग निकले थे। दुकान संचालक द्वारा बकरों की चोरी कि सूचना झरिया पुलिस को दी गई थी। इतना ही नहीं झरिया के बकरी हॉट में भी बकरी चोरों के द्वारा दबिश दी गई थी। वही शनिवार की घटना की सूचना धनसार पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस बकरी चोर समेत वाहन को थाने ले आई। घटना के संबंध में धनसार थानेदार राज कपूर का कहना है कि मामले की जांच चल रहे हैं, जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में बीसीसीएल कर्मी के बेटे की मौत

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बाघमारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आईबीपी कंपनी के समीप सड़क दुर्घटना मे बीसीसीएल कर्मी रामप्रवेश चौहान के 28 वर्षीय पुत्र संतोष चौहान की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल संतोष का कतरास के निचितपुर क्लिनिक में इलाज चल रहा था। जानकारी के मुताबिक शनिवार की दोपहर संतोष अपनी बाइक से माटीगढ डेम कॉलोनी लौट रहा था तभी आईबीपी कंपनी के समीप रोड काटकर जलापूर्ति के लिए गुजरी पाइप से उसकी बाइक फिलस गई और वह सड़क पर गिर गया। तभी पीछे से आ रही टेंपो ने रौंद दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन उसे कतरास के निचितपुर क्लिनिक ले गए जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मृतक संतोष चौहान शादी सुधा के साथ हुई थी। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। बाघमारा पुलिस ने निचितपुर क्लिनिक में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

भाजपा नेत्री रागिनी सिंग ने बैंकमोड़ में फ्रेंड्स मोबाइल शोरूम का किया उद्घाटन

धनबाद (आजाद सिपाही)। बैंक मोड़ स्थित स्काईलारक के समीप नए मोबाइल शोरूम फ्रेंड्स मोबाइल का उद्घाटन शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने की। इससे पूर्व संचालक सौरभ सिन्हा एवं सूरज चक्रवर्ती ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। शोरूम के मालिक सौरभ सिन्हा और सूरज चक्रवर्ती ने बताया की फ्रेंड्स मोबाइल शॉप में बाजार से सस्ती दर पर मोबाइल उपलब्ध है। पुराने मोबाइल देकर आप नया मोबाइल लेने की भी सुविधा है। मौके पर बिंदु देवी, नेहा सिन्हा, दिलीप सिन्हा, तापस चक्रवर्ती, आकाश शर्मा, कृष्णा कुमार, सूरज साव आदि मौजूद थे।

मानसिक प्रताड़ना के विरोध में डाक कर्मचारियों ने किया बोकारो थर्मल उपडाकघर में प्रदर्शन

बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। मानसिक प्रताड़ना से परेशान डाक कर्मचारियों ने बोकारो थर्मल उप डाक घर के समक्ष प्रदर्शन किया। साथ ही डाक विभाग के वरीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में उपस्थित गिरिडीह मंडलीय डाक विभाग के अध्यक्ष उमापति भास्कर एवं सचिव संजय सिंह ने कहा कि विभाग के वरीय अधिकारी डाक घर में नया खाता खुलवाने, बिजनेस बढ़ाने को लेकर लगातार अपने जूनियर उप डाकपालो सहित अन्य कर्मचारियों को प्रताड़ित कर रहे हैं। विभागीय कर्रवाई करने की भी धमकी देते रहते हैं। इसके विरोध में शनिवार की दोपहर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके अलावे पुरानी पेंशन पॉलिसी लागू करने की भी मांग सरकार से की गई। रिक्त पदों में कर्मचारियों की जल्द बहाली शुरू करने की भी मांग की गई। लगे हाथ चेतावनी भी दी कि मांगे नहीं मानी गई तो 15 एवं 16 मार्च को पूरे झारखंड में आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर गिरिडीह मंडलीय डाक विभाग के अध्यक्ष सह बोकारो थर्मल के उप डाकपाल उमापति भास्कर, सचिव सह बोकारो थर्मल सहायक डाकपाल संजय सिंह, पृथ्वी राज सिंह, विभीषण महतो, छत्रधारी महतो, केपी मंडल व जियाजी कुमार आदि उपस्थित थे।

सेल अध्यक्ष ने टीम प्रॉस्पेरिटी को किया सम्मानित

बोकारो (आजाद सिपाही)। चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स की प्रतिस्पर्धा में द्वितीय उपविजेता रही बोकारो स्टील प्लांट की टीम प्रॉस्पेरिटी को रांची में सेल चेयरमैन सोमा मंडल ने सम्मानित किया। इस मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश भी उपस्थित थे। इस स्पर्धा में बीएसएल की टीम ने रिड्यूसिंग कार्बन फुटप्रिंट इन सेल वे फॉरवर्ड पर एक पेपर प्रस्तुत किया था। टीम प्रॉस्पेरिटी में सहायक महाप्रबंधक (पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता) नीतेश रंजन, सहायक महाप्रबंधक (ईएमडी) सौरभ सिंह और वरीय प्रबंधक (अधिशासी निदेशक संकार्य- सचिवालय) आनंद राज शामिल हैं। बीएसएल की टीम ने परिचालन दक्षता, विस्तार सह आधुनिकीकरण के दौरान सर्वोत्तम उपलब्ध प्रौद्योगिकी के उपयोग, नवीकरणीय ऊर्जा, सर्कुलर इकोनॉमी और डिजिटल परिवर्तन सहित विभिन्न गतिविधियों द्वारा सेल के नेट जीरो की प्राप्ति रोड मैप पर पेपर प्रस्तुत किया था जिसके आधार पर उसे पुरस्कार के लिए चुना गया। युवा प्रबंधकों के लिए आयोजित चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स की प्रतिस्पर्धा में सेल की सभी इकाइयों से 46 टीमें भाग लिया था। प्रतिस्पर्धा के दौरान निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा बीएसएल की टीम प्रॉस्पेरिटी को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया। सेल अध्यक्ष सोमा मंडल ने टीम के सदस्यों को बधाई दी और उन्हें सेल को एक ऊर्जा दक्ष, सतत संगठन और गुणवत्ता वाले स्टील के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

सीएसआइआर-सिंफर ने विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया कॉइन बैटरी एक्सपेरिमेंट का व्यावहारिक प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। सीएसआइआर के छात्र-वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम जिज्ञासा के तहत, सीएसआईआर-सिंफर ने शनिवार को धनबाद के गोविंदपुर स्थित सहराज एकलव्य माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के लिए कॉइन बैटरी एक्सपेरिमेंट का व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया। जिसका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। कॉइन बैटरी एक्सपेरिमेंट में सिरका (विनेगर) को इलेक्ट्रोलाइट के रूप में इस्तेमाल किया गया। सिक्के के आकार के कार्डबोर्ड को इलेक्ट्रोलाइट्स में भिगोया गया। फिर सिक्के, इलेक्ट्रोलाइट्स में भींगे कार्डबोर्ड और एल्यूमीनियम फॉयल को स्टेक की तरह एक के ऊपर एक जोड़ कर कॉइन बैटरी बनाया गया। उत्पन्न वोल्टेज को वोल्टमीटर द्वारा जांचा गया और एक विशेष वोल्टेज प्राप्त होने के बाद, एक एलईडी को जोड़ा गया और वह चमक (जल) उठी। छात्रों ने बड़ी उत्सुकता और उत्साह के साथ प्रयोग किए। प्राचार्य को साइंस किट, अमेजिंग सोप मेकिंग लैब किट और इनसाइक्लोपीडिया ऑफ स्पेस भेंट किया गया। तकनीकी सहायक रंजीत रंगारी ने साइंस किट के विभिन्न प्रयोगों का व्यावहारिक प्रशिक्षण के बारे में विद्याथियों को जानकारी दी जो साइंस किट और अद्भुत साबुन बनाने वाली लैब किट का उपयोग कर किए जा सकते थे। कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास के मुख्य वैज्ञानिक और प्रमुख दिलीप कुंभकर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया,। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बहुमूल्य इनपुट और सुझाव दिए। डॉ पल्लबी दास, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं जिज्ञासा नोडल, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सिंफर मीडिया विभाग के डॉ सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में एकलव्य माध्यमिक विद्यालय, सहराज के 45 छात्रों एवं 03 शिक्षकों ने भाग लिया। इस मौके पर तकनीकी सहायक गौतम कुमार, अमरेश चटर्जी, साधना कुमारी, और एजाज अहमद वालंटियर्स थे जिन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय रूप से योगदान दिया। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न प्रश्नों के साथ सीएसआईआर-सिंफर कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

न्यायाधीश रंजना अस्थाना की पहल पर विद्युत विभाग ने दिया मुआवजा

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। बोकारो प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधिक सेवा प्राधिकार समिति की अध्यक्ष रंजना अस्थाना शनिवार को तेनुघाट पहुंची और कैंप कोर्ट किया। जहां तेनुघाट निवासी रामबरन यादव ने जिला जज रंजना अस्थाना से मिलकर उन्हें बताया कि उनकी पहल पर बिजली विभाग की ओर से मुआवजा दे दिया गया है। इस बारे में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजना अस्थाना ने बताया कि नवंबर 2021 में बिजली के तार गिरने से तेनुघाट निवासी राम बारन यादव की दो भैंस मर गई थी। इसके मुआवजा को लेकर उसने कई जगह गुहार लगायी। पर कोई सफलता नहीं मिली। आखिरकार उसने तेनुघाट न्यायालय में डालसा ऑफिस में एक आवेदन देकर अपने मरी भैंस के मुआवजा के लिए गुहार लगाई। उसके बाद न्यायालय की पहल पर दिए गए आवेदन के बाद बिजली विभाग ने 60 हजार मुआवजा दिया।

श्रमदान कर चेक डेम निर्माण करने वाले ग्रामीणों को मिला फैमिली किट

सामाजिक कार्यों में करना चाहिए बढ़ चढ़कर सहयोगः रवि कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

गूंज नयी दिल्ली के सौजन्य से ग्रामीणों को सौंपा गया फैमिली किट।

नावाडीह/बेरमो। नावाडीह प्रखंड के बरई पंचायत अंतर्गत जुड़ामना एवं सहरिया पंचयात अंतर्गत घुजुडीह में जलसंरक्षण को लेकर श्रामदन कर चैक डेम निर्माण करने वाले ग्रामीणों के बीच शनिवार को फैमिली कीट का वितरण किया गया। बरई पंचयात के मुखिया रवि कुमार रवि, संसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल एवं आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा के सहयोग से सयुंक्त रूप से किट वितरित किया गया। मुखिया रवि कुमार ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जल संरक्षण को ले श्रमदान कर कच्ची चैक डेम का निर्माण करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इसकी जितनी भी प्रसंसा की जाए उतना ही कम है। यदि ग्रामीण श्रमदान कर इस तरह का कार्य करना प्रारंभ कर दे तो हमारे क्षेत्र में श्रमदान से बहुत बड़े स्तर का भी काम आसानी से हो सकता है। आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति के सचिव बासुदेव शर्मा ने कहा कि ग्रामीणों की मदद से बनाया गया चेक डेम काफी सराहनीय कार्य है। चेक डैम बन जाने से यहां के लोग खेती एवं अन्य दैनिक कार्य भी आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के प्रयास से कच्चा चेक डैम का निर्माण किया गया है। गूंज नई दिल्ली के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से श्रमदन कर कच्ची चेक डेम निर्माण करने वाले ग्रामीणों को फैमिली किट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ग्रामीणों से अपील की कि सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर सहयोग करना चाहिए, जिससे कि हमारा गांव पंचायत एक आदर्श पंचायत के रूप में जाना जाए। इस मौके पर संसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल, अनवर अंसारी, मोती महतो, प्रदीप महतो, रीता देवी, संगीता देवी, अनिता देवी आदि उपस्थित थे।

Office of Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh

Urgent Tender e- Procurement Notice
Tender reference :- 17/2022-23 Date :- 03.03.2023

Sl. No	Particulars	Details			
1	Name of Work-	Up gradation of Sub Divisional Lab Patratu Building with Provision of other General Item work etc. under D.W.&.S. Division Ramgarh Year 2022-23			
		Estimated Cost (in lakh)	E. M. Required (in Lakh)	Cost Of BOQ (in rupees)	Time of Completion
		10.82707	0.22000	2500.00	1 Month
2	Date of Tender uploading in website	Date:- 13.03.2023 at 05.00 PM			
3	Last date receipt of Bid	Date:- 20.03.2023 up to 05.00 PM			
4	Last date submission cost of BOQ and EMD (in hard copy)	Date:- 21.03.2023 up to 03.00 PM in the office of the Executive Engineer, D. W. & S. Division, Ramgarh			
5	Date of opening tender	Date:- 21.03.2023 at 05.00 PM			
6	Name and address of office inviting tender	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh			
7	Name and address of tender opening officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh			
8	Contact no of e-procurement office	06553-223193			
9	Helpline No. of e-procurement cell	06553-223193			

1.Only Registered Contractor in this department may participate in the said tender.
2.Further details can be seen on website- http://jharkhandtenders.gov.in
Note: - Updated estimated cost and earnest money should be taken as mentioned in the website.

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़

PR 291814 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement very Short Notice1st Call
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**49**/22-23 Dated **03.03.2023**

1-	Name of Work	Consultancy Services for preparation of Inception cum Feasibility Report for DAV Hehal to Pandra in Ranchi District. from Consultant's empanelled in Category- I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no- 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid.
2-	Tentative Length of Work	3.17 Km,
3	Work completion time	15 Days
4	Date and Time of Publishing of Tender on official website	06.03.2023, 05.00 PM
5-	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD)	15.03.2023, 12.30 PM
6-	Date and Timing of Bid opening	16.03.2023, 12.30 PM
7-	Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027
8-	Bid Submission Address	Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004
9-	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR291915 (Road)22-23*D

GOVERNMENT OF JHARKHAND
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD

E-PROCUREMENT NOTICE (SHORT-TERM NOTICE), Reference No. NPH/11/2022-23

Sl.	Ward no.	Reference no.	Scheme name	Estimated cost	Earnest money (2% of est. Cost)	Tender fee	Time of completion of work
			नगरिक सुविधा मद				
1	15	UDD/NPH/11/22-23/01	Construction of RCC Drain from house of Alfaz to house of Guddu	679839.00	13600.00	5000	2 Month
2	01	UDD/NPH/11/22-23/02	Construction of RCC Drain from house of Vijay Yadav to Raju House.	966277.00	19400.00	5000	2 Month
3	09	UDD/NPH/11/22-23/03	Construction of RCC Drain from house of Sanjay Agrawal to Main Road.	278865.00	5600.00	1000	1 Month
4	13	UDD/NPH/11/22-23/04	Construction of Hume Pipe Culvert & Earth filling at ward building.	298089.00	6000.00	1000	1 Month
5	01,04 &14	UDD/NPH/11/22-23/05	Construction of 3 no,s of Chabutra at 1. near Church ward no 01 2. Rajendra Hotel nadipar, ward no 14 3. Gamhariya ward no. 4	476721.00	9600.00	1000	2 Month
6	08	UDD/NPH/11/22-23/06	Construction of RCC Drain at Ambedkar Chowk	215620.00	4400.00	1000	1 Month
7	04	UDD/NPH/11/22-23/07	Construction of Chhath Ghat at Gamhariya	421861.00	8500.00	1000	1 Month
8	02	UDD/NPH/11/22-23/08	Construction of PCC Road on Kacha Road from the house of Saleem Khan to Saidabad Station Road.	351246.00	7100.00	1000	1 Month
9	12	UDD/NPH/11/22-23/09	Construction of Brick drain as well as repair of Existing drain with slab in SarswatiMuhalla near harhar chowk deori road.	426582.00	8600.00	1000	1 Month
10	07	UDD/NPH/11/22-23/10	Construction of RCC Drain from Islam Ansari to Khalid Ansari house.	582400.00	11900.00	5000	2 Month
11	Date of publication of tender on website			03.03.2023, 02:00 pm			
12	Date starts of submission of bids			03.03.2023, 08:00 pm			
13	Last date/time of submission of bids			18.03.2023, 05:00 pm			
14	Last date/time of submission at office cost of BOQ, earnest money and tender document			20.03.2023,up to 02:00 pm at Hussainabad Police Station.			
15	Date of bid opening			21.03.2023, 01:00 pm			
16	Name & address of office inviting tender			NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD			
17	Contact no. Of procurement officer			7091335901			
18	Helpline number of e- procurement cell			7070832962			

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of theNagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगरपंचायत हुसैनाबाद

PR 291770District(22-23)#D

नर्सें त्याग और सेवा की प्रतीक हैं : प्रो. रेणुका दास

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ग्वालियर के कैंसर हिल अस्पताल की सेवानिवृत्त चेयरपर्सन प्रोफेसर रेणुका दास ने कहा कि नर्सें त्याग और सेवा की प्रतीक हैं। उसके हाथों में मानव का जीवन निर्भर करता है, इसलिए उन्हें मरीजों की देखभाल करनी चाहिए। शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) सम नर्सिंग कॉलेज के 2022-23 बैच के बीएससी नर्सिंग और जीएनएम प्रथम वर्ष के छात्रों के दीप प्रज्वलन, शपथ ग्रहण और वार्षिक उत्सव के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो दास शुक्रवार को कहा कि कक्षा पाठ्यचर्या और नैदानिक शिक्षा भी महत्वपूर्ण है। इसलिए उन्होंने सावधानीपूर्वक रोगी देखभाल पर जोर दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका एवं लेखिका श्रीमती प्रीतिछन्दा धल शामिल हुईं और उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को बताया कि हर अस्पताल में नर्सों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए उन्होंने कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ स्नेह, प्यार और देखभाल सीखने की जरूरत है। सोआ के कुलपति प्रो विजय कुमार साहू ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की और इस बात पर जोर दिया कि छात्रों को बुजुर्गों की देखभाल कैसे करनी चाहिए और अस्पताल में रोगी की उचित देखभाल कैसे करनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रोफेसर देवजानी नायक ने छात्रों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ सुनायी।

कार्यक्रम में एसएनसी डीन प्रो त्रिपाठी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि छात्र मंगल के डीन प्रो ज्योति रंजन दास, एसएनसी के एसोसिएट डीन प्रो सस्मिता दास और पूर्व निदेशक प्रो सरोजनलिनी प्रधान ने मुख्य भाषण दिया।

खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक की घर पर विजिलेंस की रेड

घर से एक करोड़ रुपये जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। खनन विभाग के अपर निदेशक उमेश चंद्र जेना के घर विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के आरोप में छापेमारी की है। सतर्कता कार्यालय द्वारा यह कहा गया है, जिसे क्योंझर में सात स्थानों और भुवनेश्वर में पांच स्थानों पर एक साथ रेड किया गया है। भुवनेश्वर के विशेष सतर्कता न्यायाधीश द्वारा जारी आदेश के बल पर ओडिशा सतर्कता द्वारा 10 डीएसपी, सात इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारियों के नेतृत्व में एक साथ छापेमारी की जा रही है। भुवनेश्वर में उनके पांच ठिकानों, क्योंझर के सिरिसपाल्ली स्थित उनके पैतृक घर, घशीपुरा के गह्यारिया में दो मंजिला इमारत और जिले के पांच अन्य स्थानों पर छापेमारी जारी है।

छापामारी के दौरान उमेश के घर से करोड़ों रुपये मिले। मालूम हो कि उमेश ने इतना पैसा क्यों और कहां से लाकर घर में रखा इसकी जानकारी विजिलेंस को नहीं दी। साथ ही कई जरूरी कागजात, बैंक खाते, सोने के जेवरात भी मिली हैं। सीज किये गये बैंक खाते से पैसा किस खाते में गया इसकी भी जांच की जा रही है। इसलिए विजिलेंस की ओर से बताया गया है कि इस संबंध में जांच जारी है।

जांच के दौरान पता चला कि उमेश की भुवनेश्वर में एक 3 मंजिला बिल्डिंग है। इसी तरह क्योंझर में जहां 3 बिल्डिंग हैं, वहीं अलग-अलग जगहों पर 5 प्लॉट हैं। इसी तरह एक चौपहिया और दो दोपहिया वाहन हैं। वहीं उमेश के रिश्तेदार के घर पर भी छापेमारी की जा रही है और संपत्ति का अनुमान लगाया जा रहा है।

विजिलेंस को मिली जानकारी के अनुसार पहले उमेश डीडीएम जोडा में थे। इसी तरह सुंदरगड जिला कोएडा में रहते हुए वे डीडीएम के उच्च पद पर रहे। उमेश जब क्योंझर जोड़ा में डीडीएम थे, तब उन पर भ्रष्टाचार के कई मामलों में शामिल होने के आरोप लगे थे, तब उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। विजिलेंस ने बताया है कि अभी तक मिली संपत्ति को लेकर जांच चल रही है। वहीं और भी संपत्ति मिलने की उम्मीद ही।

मंडल रेल अस्पताल, संबलपुर में एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन का उद्घाटन

संबलपुर (आजाद सिपाही)। मंडल रेल प्रबंधक संबलपुर विनीत सिंह ने शनिवार को मंडल रेलवे अस्पताल, संबलपुर में एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन का उद्घाटन किया। यह एक अद्यतन और नवीनतम संस्करण है, जो रेलवे कर्मचारियों को लाभान्वित करेगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी) मनोज कुमार बेहेरा, सभी अधिकारी, डॉक्टर और कर्मचारी उपस्थित थे।

पुरी-दुर्ग-पुरी और विशाखापत्तनम-दुर्ग-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस का कोमाखान में प्रायोगिक ठहराव 10 मार्च से

संबलपुर (आजाद सिपाही)। 18425/18426 पुरी-दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस और 18530/18529 विशाखापट्टनम-दुर्ग-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस का प्रयोगात्मक आधार पर 10 मार्च से छह महीने की अवधि के लिए कोमाखान स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस 7:58 बजे कोमाखान पहुंचेगी और आठ बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में 18426 दुर्ग-पुरी एक्सप्रेस 18:40 बजे कोमाखान पहुंचेगी और 18:42 बजे रवाना होगी। इसी तरह 18530 विशाखापत्तनम-दुर्ग एक्सप्रेस 1:18 बजे कोमाखान पहुंचेगी और 1:20 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में 18529 दुर्ग-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस 22:24 बजे कोमाखान पहुंचेगी और 22:26 बजे रवाना होगी।

महिला मीडिया पेशेवरों के लिए नया मंच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राज्य की सभी महिला मीडिया पेशेवरों को एक छत के नीचे लाने और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से ओडिशा की पहली महिला मीडिया कम्युनिटी ओड़िशा वीमेन इन इंडिया शनिवार को यहां आधिकारिक तौर पर लॉन्च की गयी। शिक्षा 'ओ' अनुसंधान कन्वेंशन हॉल में आयोजित एक समारोह में महिला पत्रकारों और संबंधित क्षेत्रों में काम करने वालों के हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए काम करने वाले अपनी तरह के एक मंच का उद्घाटन किया गया। भुवनेश्वर नगर निगम की मेयर सुलोचना दास और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष मिनती बेहेरा ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया और फोरम के लोगो का अनावरण किया। मिनती बेहेरा ने फोरम शुरू करने के लिए महिला मीडिया कर्मियों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यह भविष्य में एक विशाल संगठन के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में अधिक संख्या में महिलाओं के प्रवेश की आवश्यकता है। नया ट्रस्ट महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने और उनके पेशेवर अधिकारों की रक्षा करने का प्रयास करते हुए नैतिक मूल्यों और लैंगिक समानता को बनाए रखने की दिशा में काम करेगा। ट्रस्ट की चेयरपर्सन कस्तूरी रे,वाइस चेयरपर्सन शारदा लहंगीर, संपादक मिनाती सिंघा, ट्रस्टी और 100 से अधिक महिला मीडिया पेशेवर लॉन्च में शामिल हुईं।

प्रबंधन छात्रों को भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए कौशल को उन्नत करने की जरूरत है : बिजॉय केतन मिश्र

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। एक वरिष्ठ पत्रकार ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी उद्योग के परिदृश्य को पहले से कहीं ज्यादा बदलने की कोशिश कर रही है, ऐसे में जेननेक्स्ट प्रबंधकों को नयी आवश्यकता को पूरा करने के लिए अपने कौशल को लगातार उन्नत करना होगा। उद्योग 4.0 नयी आवश्यकताओं के साथ आता है और तकनीकी नवाचार वर्तमान नौकरी संरचना को बेमानी बनाने की कोशिश करते हैं, जो नये युग के प्रबंधकों के लिए अपने कौशल को उन्नत करने के लिए अनिवार्य बना देगा। यह बात पॉलिटिकल एंड बिजनेस डेली के रेजिडेंट एडिटर बिजॉय केतन मिश्र ने इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) के दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'कन्वर्जेंस-2023' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित आमरी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ सिद्धार्थ मिश्र ने छात्रों से कड़ी मेहनत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सफलता तुरंत मिलता नहीं, आपको इसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस अवसर पर प्रो बिजय कुमार साहू सोआ के कुलपति प्रो अनूप सामंतराय आइबीसीएस के डीन और छात्रों कल्याण के डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) प्रो ज्योति रंजन दास ने भी संबोधित किया। प्रोफेसर अयसकांत महांती ने कार्यक्रम का समन्वयन किया, जबकि सह प्राध्यापक डॉ सरजू प्रसाद ने आभार व्यक्त किया।

किट का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। किट डीयू ने 8 मार्च को मनाये जा रहे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक चलने वाले उत्सव की शुरुआत की है। इसका मुख्य विषय 'डिजिटऑलः इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वेलिटी' है। किट महिला फोरम, किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के दिमाग की उपज है, जो लैंगिक अंतराल को बंद करके और लैंगिक समानता नीति बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने में किट सबसे आगे रहा है और लैंगिक समानता के लिए टाइम्स हायर

एजुकेशन द्वारा दुनिया भर में 8वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का स्थान दिया गया है। इसके 50 प्रतिशत कर्मचारियों में महिलाएं शामिल हैं। महिलाओं की सुरक्षा और साइबर स्पेस पर बातचीत में अन्य लोगों के अलावा, किट वीसी प्रोफेसर सस्मिता सामंत और रजिस्ट्रार ज्ञान रंजन महांती ने भाग लिया। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में डॉ सामंत के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा किट में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को दिए गये महत्व को कम नहीं किया जा सकता है। किट स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की प्रोफेसर क्रिष्णा चक्रवर्ती ने स्वागत भाषण दी और धन्यवाद ज्ञापन किट महिला फोरम की अध्यक्षा पुष्पलता पाटोजोशी ने की।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**